वर्ष-32, अंक- 142, पृष्ठ-12 | चैत्र कृष्ण पक्ष 06, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
सोमवार
09 मार्च 2026

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







# टीम इंडिया ने रचा इतिहास, लगातार दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप खिताब

## गर्व का क्षण

- भारत ने न्यूज़ीलैंड को 96 रन से हराया, रिकॉर्ड तीसरी बार बना टी-20 वर्ल्ड चैंपियन
- बुमराह मैन ऑफ द मैच और संजू सैमसन प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किए गए



**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के खिताब को अपने नाम कर लिया। रविवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से रौंदा। भारत ने टी-20 विश्व कप की ट्रॉफी को तीसरी बार जीता है। भारत घरेलू सरजमीं पर टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश बन गया है। टीम इंडिया से मिले 256 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन बनाकर ऑलआउट हुई। जसप्रीत बुमराह को मैन ऑफ द मैच का घोषित किया गया। वहीं, संजू सैमसन प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

भारत का 255 रनों का स्कोर टी-20 विश्व कप के नॉकआउट मुकाबले का सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। भारतीय टीम ने वर्ष 2007, 2024 के बाद तीसरी बार टी-20 विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया है। इसके साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप को लगातार दूसरी बार जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई है।

फाइनल में भारत से मिले 256 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सेमीफाइनल में शतकीय पारी खेलने वाले फिन एलन महज 9 रन बनाकर अक्षर पटेल का शिकार बने। इसके बाद रचिन रविंद्र भी एक रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने भी अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 5 रन बनाकर आउट हुए। मार्क चैपमेन को 3 रनों के स्कोर पर हार्दिक पांड्या ने पवेलियन भेजा। डेरिल मिचेल की खराब फॉर्म फाइनल में भी जारी रही और वह 17 रन ही बना सके। एक छोर से बढ़िया बल्लेबाजी कर रहे टिम सीफर्ट 26 गेंदों में 52 रन बनाने के बाद वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर ईशान किशन को कैच देकर पवेलियन लौटे। सीफर्ट ने अपनी पारी में 2 चौके और 5 छक्के लगाए। जेम्स नीशम 8 रन ही बना सके, जो मैट हेनरी अपना खाता भी नहीं खोल पाए। कप्तान मिचेल सैंटनर ने 35 गेंदों में 43 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 159 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत की ओर से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर के स्पेल में सिर्फ 15 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए।

शेष पेज 11 पर...

## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय मंत्रियों ने दी बधाई





**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्रियों ने भारतीय टीम को जीत की बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा, आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास की कई ऊंचाइयों को छूने वाली टीम इंडिया को बहुत-बहुत बधाई। भारत को यह गर्व है कि वह तीन बार कप जीतने वाला अकेला देश है। यह लगातार दो बार कप जीतने वाली भी अकेली टीम है। इससे हमारे क्रिकेट पसंद करने वाले लोगों को बहुत खुशी और गर्व होता है। यह इस बात का भी सबूत है कि हमारे युवाओं में अलग-अलग फील्ड में कितना टैलेंट है। इस मिली-जुली जीत के लिए हर एक खिलाड़ी, पूरा मैनेजमेंट और सपोर्ट स्टाफ सबसे ज्यादा तारीफ के हकदार हैं। मैं दुआ करती हूं कि हमारी क्रिकेट टीम भविष्य में भी इसी तरह शान से जीती रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया शेष पेज 11 पर...

## आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण का आगाज 28 मार्च 2026 से होगा। ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल मुकाबले से पहले इसकी पुष्टि की है। पिछले सीजन में आरसीबी ने 18 साल का सूखा खत्म करते हुए आईपीएल 2025 के खिताब को अपने नाम किया था। आईपीएल के आगामी सीजन को शुरू होने में 20 दिन से भी कम समय बचा है। ऐसे में बीसीसीआई इस टूर्नामेंट के शेड्यूल का ऐलान दो हिस्सों में जारी कर सकता है। आईपीएल 2026 के पहले हाफ की तारीखों की घोषणा सोमवार को होने की संभावना है। सभी टीमों ने आगामी सीजन के लिए प्रैक्टिस शुरू कर दी है और कई टीमें कैंप का भी आयोजन कर रही हैं। इसके अलावा कुछ फ्रेंचाइजी ने अपनी बहुप्रतीक्षित जर्सी भी दिखा दी है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के घरेलू मैदान को लेकर अनिश्चितता और कुछ शहरों में चुनाव से जुड़े संभावित झगड़ों के कारण बीसीसीआई को आईपीएल 2026 के शेड्यूल की घोषणा को टालना पड़ा है। भारत के राज्यों में चुनाव की तारीखों के आधार पर आईपीएल मुकाबलों की जगह तय की जाएगी, ताकि मैच चुनावी प्रक्रिया से न टकराएं और दोनों इवेंट आसानी से हो सकें।

## एक नजर

### गुड़ाबांदा में हाथी के हमले से युवक की मौत

**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा प्रखंड की बालीजुड़ी पंचायत स्थित माड़ोतुलिया गांव में हाथी के हमले से एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान अभिषेक मांडी (30 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। जानकारी के अनुसार, अभिषेक मांडी शनिवार को अपने दो साथियों के साथ बाइक से मेला देखने गया था। लौटते समय रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया, जिसके बाद तीनों युवक बाइक को ठेलते हुए बालीजुड़ी तक पहुंचे। रात अधिक हो जाने के कारण उसके दोनों साथी वहीं रुक गए, जबकि अभिषेक मांडी अकेले ही पैदल अपने गांव के लिए निकल पड़ा। बताया जा रहा है कि रात के दौरान रास्ते में किसी समय जंगली हाथी ने उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना कब और कैसे हुई, इसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी। रविवार सुबह जब ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत परिजनों और वन विभाग को सूचना दी। घटनास्थल के आसपास हाथी के पैरों के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत हाथी के हमले में ही हुई है।

### संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से

**नई दिल्ली (हि.स.)।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार (9 मार्च) से शुरू होगा। यह 2 अप्रैल 2026 तक चलेगा। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ सोमवार को ही लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव (नोटिस) पेश किया जाएगा। इस प्रस्ताव को सदन में विपक्षी सांसद मोहम्मद जावेद, के. सुरेश और डॉ मल्लू रवि पेश करेंगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 9 और 10 मार्च 2026 के लिए व्हिप जारी किया है। वहीं, कांग्रेस ने सभी सांसदों को 9 से 11 मार्च 2026 तक सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी। इस प्रस्ताव पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, वामपंथी दलों और अन्य दलों के सदस्यों सहित 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे।

## इंटरनेशनल वुशु टूर्नामेंट में खेलेंगे झारखंड के शौर्य सिंह

- ग्रीस की राजधानी एथेंस में 13 मार्च से हो रहा है 6वीं एक्रोपोलिस वुशु टूर्नामेंट का आयोजन
- प्रतियोगिता में झारखंड वुशु से जुड़े दो पदाधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा होंगे

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** ग्रीस की राजधानी एथेंस के एक्रोपोलिस में आयोजित होने वाली 6वीं एक्रोपोलिस इंटरनेशनल वुशु टूर्नामेंट में भारत का 35 सदस्यीय दल भाग लेगा। इस दल में झारखंड के खिलाड़ी शौर्य सिंह का चयन किया गया है। शौर्य कुमार सांदा स्पर्धा में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भारतीय टीम में किया गया है।

यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 13 से 15 मार्च 2026 तक एथेंस में आयोजित की जाएगी। भारतीय दल 12 मार्च 2026 को मुंबई से एथेंस के लिए रवाना होगा।

इस प्रतियोगिता में झारखंड वुशु से जुड़े दो पदाधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा होंगे। वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पूर्व कोषाध्यक्ष शिवेंद्र नाथ दुबे को भारतीय दल का ऑब्जर्वर बनाया गया है। वहीं, झारखंड वुशु के उदय साहू भारतीय दल के मैनेजर के रूप में टीम के साथ रहेंगे।

ज्ञात हो कि ये दोनों पदाधिकारी पूर्व में भी कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय दल के साथ मैनेजर एवं पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ये जानकारी झारखंड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन चंचल भट्टाचार्य ने दी।

शौर्य के चयन पर झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक सहित झारखंड वुशु एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ प्रदीप वर्मा (राज्यसभा सदस्य), डॉ कविता सिंह, मिथलेश साहू, डॉ अंशु साहू, चंचल भट्टाचार्य, कुमुद प्रसाद साहू, सुनील सूर्यात, उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, शैलेंद्र कुमार, अनिका सिंह, डॉ उदीप लाल, मनोज कुमार महतो, मनोज साहू, शशिकांत पांडे, रजी अहमद, गोकुलनंद मिश्रा, वाहिद अली, आजाद पाठक, शैलेंद्र दुबे, धर्मवीर सिन्हा, रत्नेश कुमार, दीपक गोप, आशीष गोप, अमासी बारला, संजय मंडल, कार्तिक राम, दिनेश यादव, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, प्रतिमा कुमारी, बिमला टोप्पो, सुशांति तोपनो, काजल किरण, मृत्युंजय कुमार राय, शिवेंद्र दुबे आदि ने हर्ष व्यक्त किया और भारतीय दल की सफलता की कामना की।

### नक्सल प्रभावित नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के सरइडीह में खुली एसबीआई शाखा

## किसानों को ऋण सुविधा मिलेगी क्षेत्र का विकास होगा : राधाकृष्ण

- वित्त मंत्री ने किया उद्घाटन, कहा- युवाओं को पढ़ने के लिए आर्थिक सहायता मिल सकेगी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू जिले के नक्सल प्रभावित नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के सरइडीह में रविवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा का उद्घाटन किया। शाखा के उद्घाटन के साथ ही पलामू जिले में एसबीआई की 34वीं शाखा की शुरुआत हो गई। ज्ञात हो कि एसबीआई शाखा के अभाव में नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के लोगों को 20 किलोमीटर दूर छतरपुर मुख्यालय जाकर अपने बैंकिंग कार्य करना पड़ता था।

मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र पलामू जिले का सुदूरवर्ती इलाका है। इस इलाके में कभी माओवादियों की राइफल चमकती थी, लेकिन उनके अथक प्रयास से विकास हो रहा है। एसबीआई शाखा खुलने से इलाके का बैंकिंग सहित अन्य क्षेत्रों का विकास होगा। इससे लोग अपनी बचत कर पाएंगे। किसानों को ऋण सुविधा मिलेगी। युवाओं को पढ़ने के लिए आर्थिक सहायता मिल सकेगी। मंत्री किशोर ने कहा कि बैंकिंग सुविधा क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, ऐसी कोशिश करनी होगी। यहां के लोग भोले-भाले हैं। उनके साथ पारिवारिक रिश्ता रखना होगा। हर समय यह मदद करेंगे। यहां एसबीआई शाखा खोलकर बहन बेटियों को महिला दिवस का गिफ्ट दिया गया है। झारखंड में प्रति व्यक्ति आय की दर काफी कम है। यह 1.16 लाख रुपया है, जबकि नौडीहा में प्रति व्यक्ति आय 55,000 रुपया है।

शेष पेज 11 पर...

### सरइडीह में मेट्रो शहर की तर्ज पर मिलेगी एसबीआई की बैंकिंग सुविधा

भारतीय स्टेट बैंक के झारखंड के महाप्रबंधक विवेक चंद्र जायसवाल ने कहा कि सरइडीह में मेट्रो शहर की तर्ज पर एसबीआई की बैंकिंग सुविधा लोगों को दी जाएगी। एक महीने के अंदर एटीएम की भी सेवा शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक फाइनेंशियल लाभ देने के मामले में सबसे आगे है। एसबीआई समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ है। यहां के लोगों को अब बैंकिंग सुविधा के लिए दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहां उद्योग को बढ़ावा देने के लिए काफी संभावना है।

### महिला दिवस : रांची रेल मंडल में महिलाओं ने विभिन्न कार्यों का किया सफल संचालन

## महिलाएं हर क्षेत्र में कर रही हैं उत्कृष्ट प्रदर्शन : शुचि सिंह

- रांची और हटिया रेलवे स्टेशन पर महिला कर्मियों ने किया विभिन्न कार्यों का संचालन

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को रांची रेल मंडल में महिलाओं की सशक्त भागीदारी को प्रदर्शित करते हुए रांची एवं हटिया रेलवे स्टेशन पर विभिन्न विभागों के कार्यों का संचालन महिला रेलकर्मियों ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह की उपस्थिति में ट्रेन संख्या 68027 रांची-इरगांव मेमू पैसेंजर का संचालन पूर्णतः महिला कर्मियों द्वारा किया गया।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शुचि सिंह ने इस अवसर पर सभी महिला कर्मियों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं तथा रेलवे के संचालन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस ट्रेन की लोको पायलट दीपाली अमृत तथा सहायक लोको पायलट ई. मुर्मू थीं। वहीं, ट्रेन मैनेजर अनुपम लता ने ट्रेन संचालन का दायित्व निभाया। यात्रियों के टिकट की जांच मसीरा सुरिन, मुनी भेंगरा, लॉरेंसिया केरकेट्टा, पैट्रिशिया भेंगरा एवं रीता देवी ने की। यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेल सुरक्षा बल की उप निरीक्षक रीता कुमारी के नेतृत्व में निधि कुमारी, प्रीति उरांव एवं रोसी डे की टीम तैनात रही।

रांची स्टेशन पर परिचालन एवं तकनीकी कार्यों का संचालन भी महिला कर्मियों ने किया। स्टेशन पर डिप्टी स्टेशन सुप्रीटेंडेंट चांद कुमारी कच्छप, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग स्टेशन मास्टर अनीता कंड्यांग एवं शशि किड़ो, प्वॉइंट्समैन 'ए' अर्चना, पी. विद्या एवं शकुंतला देवी ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किया। तकनीकी विभाग में शिखा नलिनी टोप्पो, सोबैत कुमारी, रोज लिली टोप्पो एवं अनुराधा कुमारी ने अपनी सेवाएं दीं।

वाणिज्यिक कार्यों के अंतर्गत आरक्षण कार्यालय में सुदीप्ता डे सरकार, भारती लाल, मीरा प्रसाद एवं ममता कुमारी तथा बुकिंग कार्यालय में रीना कुमारी, रोजलिन डुंगडुंग, बेबी कुमारी तिग्गा एवं संगीता सिंह सरदार ने कार्य संपादित किए। इसके अतिरिक्त, सहयोग डेस्क पर तृप्ति प्रभा दास ने यात्रियों को सहायता प्रदान की।

इसी प्रकार, हटिया रेलवे स्टेशन पर भी रविवार को प्रातः 06:00 बजे से दिन में 02:00 बजे तक विभिन्न कार्यों का संचालन महिला रेलकर्मियों ने किया। यहां स्टेशन मास्टर (ईआई/पैनल) आरएस मिंज एवं संगीता कुमारी, स्टेशन प्लेटफॉर्म पर तृप्ति कुमारी सादा एवं तनुश्री, किरण खलको एवं रीता शर्मा तथा लॉबी में एंजेला मिंज एवं पापिया घोषाल ने अपने-अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला रेलकर्मियों द्वारा रेलवे के विभिन्न परिचालन, वाणिज्यिक एवं तकनीकी कार्यों के सफल संचालन ने महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। साथ ही, यह भी प्रदर्शित किया कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी दक्षता और नेतृत्व क्षमता से महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

### धनबाद रेल मंडल में भी की गई विशेष पहल

धनबाद रेल मंडल में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विशेष पहल की गई। धनबाद से दिन में 11:30 बजे खुलने वाली धनबाद-सिंदरी टाउन पैसेंजर ट्रेन का संचालन महिला कर्मियों ने किया। इस ट्रेन में रेल चालक के रूप में जानकी बल्लभ बारी, सहायक रेल चालक वंदना कुमारी और ट्रेन मैनेजर के रूप में दीपा कुमारी ने जिम्मेदारी निभाई। वापसी में सिंदरी टाउन से धनबाद आने वाली पैसेंजर ट्रेन को भी महिलाओं ने ही संचालित किया। इसके अलावा, धनबाद स्टेशन पर टिकट काउंटर, ट्रेन सिग्नलिंग, टिकट जांच और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी महिला कर्मचारियों ने निभाई।

## निशांत कुमार ने ग्रहण की जदयू की सदस्यता



**पटना (आईएएनएस)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने रविवार को सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर लिया। पटना स्थित जदयू कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में निशांत कुमार ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में विधिवत रूप से शामिल होने के बाद निशांत कुमार ने पिता और प्रदेश के सीएम नीतीश से मुलाकात की। मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। इस दौरान जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद रहे। निशांत के पार्टी में शामिल होने के बाद जदयू के विधायकों ने कहा है कि निशांत कुमार को जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उस पर वे खरे उतरेंगे। जदयू विधायक शालिनी मिश्रा ने कहा, मैं बहुत खुश हूं और उन्हें बधाई देती हूं। निशांत कुमार के पार्टी में आने से यहां काफी उत्साह है।

शेष पेज 11 पर...


व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# हरिहरगंज में दो चेकडैम सहित आठ योजनाओं का शिलान्यास

## जल संरक्षण और सिंचाई सुविधा बढ़ाने की दिशा में पहल

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज (पलामू)।** हुसैनाबाद क्षेत्र के विधायक संजय कुमार यादव ने रविवार को प्रखंड क्षेत्र में दो चेकडैम सहित आठ विकास योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। इन योजनाओं में तूरी पंचायत के तेतरिया गांव स्थित कुंडेलवा नाला तथा कारीमाटी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण के साथ विभिन्न गांवों में छह अन्य योजनाएं शामिल हैं। विधायक पुत्र सह राजद प्रदेश महासचिव रवि यादव ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद के कनीय अभियंता राजीव रंजन ने बताया कि कुंडेलवा नाला चेकडैम योजना की प्राक्कलित राशि 44 लाख रुपये तथा कारीमाटी चेकडैम योजना की लागत 62.77 लाख रुपये निर्धारित की गई है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, अशोक यादव, बुधन सिंह यादव, अशोक जायसवाल, जानू चौधरी, लखन यादव, उमा यादव, विकास यादव, कुंदन यादव, संगीता कुशवाहा, जोगेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, आनंद यदुवंशी, सतेंद्र यादव, सतेंद्र भुईयां, अवधेश यादव, जितेंद्र पासवान, हीरालाल यादव, सुरेंद्र भुईयां, कमेश शर्मा, रंजीत पासवान, अजय यादव, बलदेव भुईयां, रंजीत यादव, जितेंद्र दास, कलीम शाह, संजय यादव, बिनोद यादव, विनय यादव, सुशील कुमार सिंह, हरिदर्शन सिंह, टुडे आलम, युगेश यादव, जनेश्वर भुईयां सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर देवरी कला में जेएसएलपीएस का कार्यक्रम

**हुसैनाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जेएसएलपीएस के विभिन्न संकुल संगठनों के सखी मंडल समूहों द्वारा प्रखंड क्षेत्र के देवरी कला पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, मुखिया मनोज राम, पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह, अमरेंद्र ठाकुर और राजवंश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को स्वयं आगे आना होगा। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। हर महिला में दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती जैसी शक्ति विद्यमान होती है। उन्होंने महिलाओं को जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार सिंह ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का अंदेशा नहीं : अजय

● होर्मुज स्ट्रेट से तेल की पहली खेप रवाना, ऊर्जा भंडार की स्थिति बेहतर

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिलहाल किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं होगी। देश में ऊर्जा भंडार की स्थिति लगातार बेहतर हो रही है और पहले की अपेक्षा हालात अधिक स्थिर बने हुए हैं। यह जानकारी पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से वार्ता के बाद सांसद प्रतिनिधि डॉ. अजय जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि देश में ऊर्जा भंडार की स्थिति में सुधार होने से सरकार को ईंधन आपूर्ति को बनाए रखने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने कच्चे तेल के आयात को विविध बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं, ताकि संवेदनशील समुद्री मार्गों पर निर्भरता कम की जा सके। पहले भारत के कुल कच्चे तेल आयात का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर के स्रोतों से आता था, जो अब बढ़कर करीब 70 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बताया कि होर्मुज स्ट्रेट से कच्चे तेल की पहली खेप भी रवाना हो चुकी है, जिससे संकेत मिलता है कि तेल की आपूर्ति सामान्य होने की दिशा में है। डॉ. जायसवाल ने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं और केवल केंद्र सरकार को बदनाम करने की कोशिश है। उन्होंने पुनः स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी। रसोई गैस के संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार फिलहाल एलपीजी उत्पादन को प्राथमिकता देने की दिशा में काम कर रही है, ताकि इसकी पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि पिछले 12 वर्षों में एलपीजी सिलेंडर की कीमत में लगभग 110 रुपये की वृद्धि हुई है। केंद्र सरकार ऊर्जा क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

महिला दिवस पर जलसहियाओं ने मनाया जल महोत्सव

# जल संरक्षण व स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर / हैदरनगर।** राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पलामू जिला मुख्यालय स्थित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि के नेतृत्व में हैदरनगर प्रखंड की जलसहियाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर जलसहिया सीमा, गीता, रिंकी, आरती, नीलम और मीना के साथ प्रखंड के कनीय अभियंता बीरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण, स्वच्छता और जल प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाना है। इस वर्ष जल महोत्सव का थीम "दान से लाभ" रखा गया है, जिसके तहत समुदाय में जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 11 मार्च को विश्व प्लंबर दिवस, 12 से 21 मार्च तक ग्राम जल स्वच्छता समिति की बैठक, जल अर्पण दिवस, विद्यालय स्तर पर प्रतियोगिताएं तथा फील्ड स्तर पर पानी की जांच व डेटा अपलोड से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन सभी कार्यक्रमों का समापन 22 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर होगा। इस दौरान जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

# गोड़ाडीह में शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत गोड़ाडीह गांव में शिव मंदिर प्राणप्रतिष्ठा को लेकर शनिवार से तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गया है। रविवार को भगवान के विग्रह का नगर भ्रमण कराया गया, जिससे पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। अयोध्या से पधारे आचार्य आशीष मिश्रा और मनीष मिश्रा तथा पुजारी मंटू कुमार सिंह के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में गोड़ाडीह और भाली गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। अनुष्ठान को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि उदय नारायण सिंह, उपमुखिया निलेश कुमार सिंह, मंटू कुमार, नीरज अग्रवाल, प्रदीप सिंह, अनिल सिंह, विनोद सिंह और देवेंद्र प्रजापति समेत कई ग्रामीण सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम के संचालन के लिए कमेटी का भी गठन किया गया है, जिसमें अशोक सिंह को अध्यक्ष, राम अश्रेश सिंह को सचिव और डब्लू सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा रामलखन सिंह, सर्वजीत सिंह, प्रमोद सिंह, कमोद कुमार सिंह, बबलू सिंह, पवन कुमार सिंह और अंशु कुमार सिंह सहित कई ग्रामीण आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने का आरोपी गिरफ्तार

**पांकी।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में पांकी थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी कुश कुमार यादव पांकी थाना क्षेत्र के खपरमंडा गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार 7 मार्च को लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को सूचना मिली कि जिला बदर किया गया आरोपी चांपी कला गांव में खुलेआम घूम रहा है। सूचना मिलते ही एसडीपीओ के निर्देश पर पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चांपी कला रोड पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी द्वारा झारखंड राज्य अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 3ए के तहत सीसीए वाद संख्या 9/2025-26 के आलोक में आरोपी कुश कुमार यादव (पिता–महारंग यादव) को 7 अप्रैल 2026 तक पलामू जिले की सीमा से जिला बदर किया गया था।

# भजनियां में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ 19 से

नवीन मेल संवाददाता



● जलयात्रा के साथ होगा भव्य शुभारंभ

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत भजनियां पंचायत मुख्यालय में आयोजित होने वाले श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ की तैयारी तेज कर दी गई है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन बिहारी सिंह उर्फ मंटू सिंह ने बताया कि महायज्ञ का शुभारंभ 19 मार्च को जलयात्रा के साथ होगा। जलयात्रा शिव मंदिर प्रांगण से सुबह 6:30 बजे प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए कोयल-काशीस्रोत संगम स्थल पहुंचेगी, जहां मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर पुनः महायज्ञ स्थल लाया जाएगा और कलश स्थापना की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 20 से 26 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन वृंदावन की पूज्य देवी कृष्णा प्रिया तथा इंदौर (मध्यप्रदेश) के पंडित वेदांत उपाध्याय के मुखारविंद से प्रतिदिन अपराह्न 3:30 बजे से संध्या 6:30 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार महायज्ञ को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों का व्यापक सहयोग मिल रहा है और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# समता स्कूल में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

नवीन मेल संवाददाता



● महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता के लिए समर्पित है यह दिन : डॉ. अक्षय चौहान

**हुसैनाबाद।** शहर के अमन-चैन मोहल्ला तथा जपला-छतरपुर रोड स्थित समता स्कूल परिसर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं को स्कूल निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान द्वारा डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया।

डॉ. चौहान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकार, सम्मान, समानता और उनके योगदान को याद करने के लिए समर्पित है। प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है, ताकि समाज में महिलाओं की भूमिका को सम्मान दिया जा सके और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, राजनीति, खेल और व्यवसाय सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। देश और दुनिया की अनेक महिलाओं ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया है कि वे किसी से कम नहीं हैं।

मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, विकास कुमार, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, राकेश कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, बबीता देवी, शकुंतला देवी, रीना देवी, अंशी सिंह, चांदनी कुमारी, उम्म सैयद, पंकज राज, अभिषेक कुमार, मुकेश सर, राहुल गुप्ता, सानिया मिर्जा, मुकेश कुमार, गार्ड नंदू प्रजापति, परिचारिका विमला कुंवर और कौशल्या देवी उपस्थित थे।

### 40 वर्षों की सेवा के बाद दो चौकीदारों को दी गई भावभीनी विदाई

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना में लगभग 40 वर्षों तक सेवा देने वाले चौकीदार दिलीप राम और बिनोद राम के सेवानिवृत्त होने पर रविवार को थाना परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने की, जबकि संचालन चौकीदार संघ के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद हुसैन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीपीओ आईपीएस एस. मोहम्मद याकूब ने कहा कि चौकीदार पुलिस परिवार के अभिन्न अंग होते हैं और ग्रामीण स्तर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने दोनों चौकीदारों की सेवा की सराहना करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। जिस दिन कोई व्यक्ति सेवा में प्रवेश करता है, उसी दिन से उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि भी तय हो जाती है। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि दोनों चौकीदारों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया है। ग्रामीण क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था में चौकीदारों की अहम भूमिका होती है और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी भी अक्सर उन्हीं के माध्यम से मिलती है।

# अदरक की खुशबू से बढ़ेगी मुरूबार गांव के किसानों की आमदनी

● मुरूबार में 70 किसानों को वितरित किया गया बीज

नवीन मेल संवाददाता



**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के मुरूबार गांव में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और बागवानी खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यान विभाग की ओर से अदरक के बीज का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना एवं उद्यान विकास योजना के तहत लगभग 70 किसानों को अदरक के बीज उपलब्ध कराए गए। इसके साथ ही महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को भी मसाला बीज दिए गए, ताकि वे खेती के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। बीज वितरण कार्यक्रम में प्रखंड उद्यान मित्र आनंद सिंह ने बिनेश सिंह, यमुना सिंह, बीरेंद्र सिंह, अरुण सिंह, सचदेव सिंह, रंभू सिंह, कामेश्वर महतो और रामजी मेहता समेत कई किसानों को अदरक के बीज सौंपे। कृषक मित्र सह उद्यान मित्र प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि किसानों को अदरक बीज उपलब्ध कराने में जिला उद्यान पदाधिकारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि अदरक कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली फसल है। वैज्ञानिक पद्धति से इसकी खेती करने पर किसान कम समय में बेहतर उत्पादन और अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। सरकार की इस पहल से किसानों में उत्साह देखा गया। किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह योजनाओं का लाभ मिलता रहा तो खेती को नई दिशा और मजबूती मिल सकती है।

भीमबराज की देखरेख बना बड़ा मुद्दा

## नहर गेट की मरम्मत नहीं होने से घटी जलभंडारण क्षमता, सिंचाई व पेयजल पर संकट

**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल परियोजना के तहत अविभाजित बिहार सरकार द्वारा निर्मित भीमबराज राज्य विभाजन के बाद से देखरेख और संचालन को लेकर समस्याओं से जूझ रहा है। बताया जाता है कि बराज के संचालन और नियंत्रण की जिम्मेदारी अलग-अलग समय पर झारखंड के डालटनगंज और बिहार के औरंगाबाद डिविजन के बीच रहती है। इससे संसाधनों और रखरखाव की कमी के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। वर्तमान में डालटनगंज डिविजन के नियंत्रण में बायीं और दायीं मुख्य नहर की लाइनिंग का कार्य चल रहा है, लेकिन बायीं मुख्य नहर के गेट की मरम्मत नहीं होने के कारण इस वर्ष बराज की जलभंडारण क्षमता घटकर 1.2 मीटर रह गई है, जबकि पिछले वर्ष यह 1.5 मीटर तक थी। क्षमता कम होने से गर्मी के मौसम में आसपास के क्षेत्रों में भूजल स्तर गिरने तथा पेयजल और सिंचाई संकट की आशंका बढ़ गई है। पहले बराज में पर्याप्त जल रहने से मूंग और मक्का जैसी गर्मा फसलों की सिंचाई मोटर पंप से आसानी से हो जाती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नहर गेट में बने छेद से पानी का लगातार रिसाव हो रहा है, जिसकी मरम्मत में लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा कंट्रोल रूम से गेट संचालन और हेलोजन लाइट जलाने के लिए पर्याप्त डीजल भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

# रामनवमी के बाद नई समिति के गठन की होगी घोषणा

नवीन मेल संवाददाता

● हुसैनाबाद प्रगतिशील पत्रकार मंच समिति अगले आदेश तक भंग

**हुसैनाबाद।** प्रगतिशील पत्रकार मंच की हुसैनाबाद इकाई को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक भंग कर दिया गया है। फिलहाल हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में यह संगठन कोई सार्वजनिक गतिविधि नहीं करेगा।मंच के सचिव सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि यदि पत्रकार मंच के नाम पर कोई व्यक्ति लेन-देन करता है, तो इसके लिए मंच का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा और संबंधित व्यक्ति स्वयं इसके लिए उत्तरदायी होगा।उन्होंने बताया कि संगठन की गतिविधियों का संचालन सही तरीके से नहीं हो पा रहा था और कई सदस्य असंतोष जता रहे थे। इसी कारण समिति को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया गया है।उन्होंने कहा कि रामनवमी पूजा के बाद नई समिति के गठन की घोषणा की जाएगी।

रमजान व रामनवमी को लेकर थाना में बैठक

## शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश

**मोहम्मदगंज।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर मोहम्मदगंज थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने रमजान माह और आगामी रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा पर्व के दौरान शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने सभी पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने, संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या आपसी विवाद की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रह सके। उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा लोगों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर समाधान करने की भी हिदायत दी। साथ ही सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में थाना के पुलिस पदाधिकारी अमानुल्लाह खान, सुरेंद्र तिवारी, कयामुद्दीन अंसारी, बुधु सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

युवा कवि विनोद सागर की नौवीं पुस्तक 'उड़ान' का भव्य लोकार्पण

# समाज को दिशा देने के साथ नई चेतना का संचार करता है साहित्य : जीतेंद्र प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य बाजार स्थित एसबीआई बैंक के सामने वाली गली में अवस्थित वात्सल्य किड्स प्री स्कूल परिसर में विद्यालय की प्रथम वर्षगांठ और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मासिक पत्रिका 'अरण्य वाणी' तथा साहित्यिक संस्था 'मौसम' के अध्यक्ष एवं युवा कवि विनोद सागर की नौवीं पुस्तक 'उड़ान' (लघुकथा संग्रह) का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहीद भगत सिंह कॉलेज के पूर्व सचिव सह वर्तमान दानदाता अशोक प्रसाद कश्यप ने की। मुख्य अतिथि श्री मां बाल विकास विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाचार्य जीतेंद्र प्रसाद थे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अशोक कश्यप ने कहा कि साहित्य किसी भी समाज की आत्मा होता है। यह केवल शब्दों का विन्यास नहीं, बल्कि समाज के अनुभवों, संघर्षों और मूल्यों का जीवंत दस्तावेज होता है। उन्होंने कहा कि विनोद सागर की पुस्तक 'उड़ान' समाज की संवेदनाओं को अभिव्यक्ति देने वाली कृति है, जो पाठकों को चिंतन और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करेगी। मुख्य अतिथि जीतेंद्र प्रसाद ने कहा कि साहित्य समाज के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास का आधार है। जब कोई लेखक समाज की पीड़ा, संघर्ष और आशाओं को शब्द देता है, तब वह केवल पुस्तक नहीं लिखता बल्कि समाज को नई दिशा देता है। इस अवसर पर दिलीप सिंह, वरीय अधिवक्ता आलोक कुमार, विद्यालय के व्यवस्थापक नितिन पांडेय, निदेशक अंकित कश्यप, राकेश कुमार तिवारी, अविनाश कुमार कश्यप 'बिट्टू', अनिमेष अग्रवाल 'छोटू', सतीश कुमार शर्मा, मनोज कुमार प्रजापति, करिश्मा कांस्यकार तथा विनय कुमार सिंह सहित कई वक्ताओं ने साहित्य की महत्ता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने युवा कवि विनोद सागर को उनकी नौवीं पुस्तक के प्रकाशन पर बधाई देते हुए उज्ज्वल साहित्यिक भविष्य की कामना की। धन्यवाद ज्ञापन अंकित कश्यप ने किया। समारोह में अभिभावकों, साहित्यप्रेमियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीडीएस दुकानदार संघ ने नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष व वार्ड पार्षद को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद-हैदरनगर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को देवरी रोड स्थित उदय यादव मार्केट कॉम्प्लेक्स में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती, बसपा के वरिष्ठ नेता शेर अली, समाजसेवी मुन्ना कुमार देव तथा वार्ड संख्या 2 की नवनिर्वाचित महिला वार्ड पार्षद अनीता शाह को माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मिथिलेश राम तथा संचालन रवींद्र सिंह ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अजय भारती ने कहा कि नगर पंचायत के चहुंमुखी विकास के लिए सभी वार्ड पार्षदों के सहयोग से बेहतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे भी पीडीएस परिवार से जुड़े हैं, क्योंकि उनकी पत्नी भी पीडीएस दुकानदार हैं। बसपा नेता शेर अली ने कहा कि चुनाव में हार-जीत होती रहती है, लेकिन इस बार नगर पंचायत के मतदाताओं ने विकास के लिए अजय भारती पर भरोसा जताया है और उन्हें विश्वास है कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। मौके पर हैदरनगर पीडीएस दुकानदार संघ के अध्यक्ष प्रदीप पासवान, उदय यादव, सूर्यनाथ पासवान, प्रवीन चौधरी, नागेंद्र सिंह, रमेश कुमार, कुणाल यादव, रामाशंकर सिंह, जमील अहमद, पिंटू कुमार, कृष्णानंदन गिरी, नरेश प्रसाद, अनामिका दुबे समेत कई पीडीएस दुकानदार उपस्थित थे।

# महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर के अध्यक्ष बने लड्डू जायसवाल

**चैनपुर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर स्थित देवी मंदिर प्रांगण में रविवार को रामनवमी पूजा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी केदार शर्मा ने की। बैठक में शाहपुर, सेमरटांड़ और कल्याणपुर क्षेत्र के सैकड़ों धर्मप्रेमी शामिल हुए। इस दौरान पिछले वर्ष के आय-व्यय पर चर्चा करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया।

सर्वसम्मति से मुकेश उर्फ लड्डू जायसवाल को वर्ष 2026 के लिए महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष के रूप में दीपक जायसवाल, शशांक सुमन, मोनू जायसवाल, गुलबदन जायसवाल और छोटे लाल चौधरी को जिम्मेदारी दी गई। सचिव के रूप में मनोज जायसवाल, पिंटू जायसवाल और बबलू जायसवाल, जबकि सुनील कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा गणेश जायसवाल, विरेंद्र जायसवाल, बैजु गुप्ता, अनिल जायसवाल, दिलीप शर्मा, सुनील सिन्हा और सिंटू जायसवाल को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लड्डू जायसवाल ने कहा कि इस वर्ष भी शाहपुर में रामनवमी का पर्व धूमधाम और शांति-सौहार्द के वातावरण में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बाहर से कलाकारों को बुलाकर भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण से ही समाज का समग्र विकास संभव : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण कार्यालय की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति टाउन हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त समीरा एस. और उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

उपायुक्त समीरा एस. ने जिले की सभी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण और उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष बल दिया। उन्होंने डायन प्रथा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों से आगे आने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिलाएं महिला हेल्पलाइन के माध्यम से या सीधे जिला प्रशासन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अथवा अनुमंडल पदाधिकारी से संपर्क कर सकती हैं। प्रशासन उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। इसलिए महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित जागरूकता स्टॉल लगाए गए। इसमें पोषण से संबंधित पौष्टिक आहार और व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दो वर्ष तक के पहले 1000 दिनों के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनबाड़ी सेविकाएं तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नम्रता त्रिपाठी ने महिलाओं को किया जागरूक




**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जेलहाता में 'सम्पूर्णा' महिला सहायता केंद्र द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम की पूर्व मेयर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी ने भाग लेकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नम्रता त्रिपाठी ने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त होंगी तभी समाज और राष्ट्र सशक्त बन पाएगा। उन्होंने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है। जब महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगी तो देश की प्रगति भी तेज होगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए पीएलवी चंद्रदेव प्रजापति सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

- न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने मोमेंटो व प्रमाणपत्र देकर किया सम्मान

**मेदिनीनगर।** उत्कृष्ट कार्य के लिए पारा लीगल वालंटियर (पीएलवी) चंद्रदेव प्रजापति को न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में आयोजित छठी राज्य स्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायमूर्ति आनंद सेन, न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अंबुजनाथ तथा झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने किया।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न तकनीकी विषयों पर सत्र आयोजित किए गए और उत्कृष्ट कार्य करने वाले डालसा से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया। विदित हो कि पांकी थाना क्षेत्र के कुसड़ी गांव में डायन बिसाही के अंधविश्वास में तीन लोगों की हत्या के बाद पीएलवी चंद्रदेव प्रजापति ने घायल महिलाओं ममता कुमारी और नीलू देवी को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी संवेदनशील और सराहनीय भूमिका को देखते हुए उन्हें झालसा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा, डालसा सचिव राकेश रंजन सहित कई न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ता उपस्थित थे।

## सशक्त समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम : रूपा बाखला

- महिला दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न थाना परिसरों और पंचायत सचिवालयों में पारा लीगल वालंटियर (पीएलवी) के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश तथा डालसा सचिव राकेश रंजन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मेदिनीनगर महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने कहा कि सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं से स्वयं को कमजोर न समझने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया।

उन्होंने दहेज प्रताड़ना, डायन प्रथा, महिला हिंसा और नशा उन्मूलन के खिलाफ महिलाओं को आगे आने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है और युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है।

शिविर में महिलाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध मुफ्त कानूनी सहायता की जानकारी दी गई तथा हैंडबिल और पंपलेट का वितरण किया गया। साथ ही 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पीएलवी इंदु भगत, सुखारी महेंद्रनाथ सिंह, प्रमोद शुक्ल, उर्मिला देवी, मुकेश मुंडा, विनय प्रसाद, चंद्रदेव प्रजापति, शैलेंद्र कुमार पांडेय, सुमंत कुमार मेहता, सतीश कुमार वैध, विकास कुमार, शैलेंद्र कुमार तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मेहनत सफलता का द्वार खोलती है : पीडीजे श्रीराम शर्मा

- स्व. एसएन त्रिपाठी की 39वीं पुण्यतिथि पर 12 अधिवक्ता सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** मेहनत ही सफलता का द्वार खोलती है और वकालत के पेशे में किसी प्रकार का शॉर्टकट नहीं होता। जो अधिवक्ता निरंतर मेहनत करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने कही। वे रविवार को स्वर्गीय एस.एन. त्रिपाठी की 39वीं पुण्यतिथि पर आयोजित अधिवक्ता सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

यह कार्यक्रम अधिवक्ता संघ भवन के ऊपरी तल पर अधिवक्ता शशिभूषण दुबे के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा, एडीजे अखिलेश कुमार, स्वेता ढींगरा, सीजेएम मनोरंजन कुमार, डालसा सचिव राकेश रंजन, रजिस्ट्रार कमल प्रकाश, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी तथा ट्रस्ट के संयोजक ध्रुव शंकर दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं स्व. एस.एन. त्रिपाठी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

पीडीजे श्रीराम शर्मा ने कहा कि एक अच्छा निर्णय तभी संभव है जब अधिवक्ता पूरी तैयारी और मेहनत के साथ अदालत में अपनी दलील रखते हैं। विशिष्ट अतिथि एडीजे अखिलेश कुमार ने कहा कि स्व. सचिदानंद त्रिपाठी अपने कार्य के प्रति अत्यंत समर्पित थे और उनका हृदय हमेशा बार के साथ जुड़ा रहता था। उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

सीनियर अधिवक्ता महेंद्र तिवारी ने कहा कि स्व. त्रिपाठी जूनियर अधिवक्ताओं को हमेशा कानून की किताबें पढ़ने और नियमित रूप से रूलिंग का अध्ययन करने की सलाह देते थे, जिससे कानून की समझ और आत्मविश्वास बढ़ता है। स्व. त्रिपाठी के नाती अधिवक्ता शशिभूषण दुबे ने बताया कि स्व. त्रिपाठी ने 14 अप्रैल 1950 से वकालत शुरू की थी और वर्ष 1962 से 1967 तक डालटनगंज-भंडरिया विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने करीब 37 वर्षों तक अधिवक्ता के रूप में कार्य किया और पलामू, गढ़वा, लातेहार के साथ-साथ रांची उच्च न्यायालय में भी बहस करते थे। उनका निधन 8 मार्च 1987 को हुआ था।

इस अवसर पर 12 अधिवक्ताओं को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा के हाथों शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित अधिवक्ताओं में अवधेश कुमार पांडेय, चंद्रभूषण मिश्रा, मदन तिवारी, अजय कुमार पांडेय, योगेंद्र प्रसाद सिंह, ज्वाला दुबे, जयशंकर प्रसाद, प्रदीप कुमार सिंह, रंजन कुमार सिंह, जावेद अख्तर खान, जसवंत कुमार तिवारी और अरुण कुमार शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता दिवाकर दुबे ने किया। मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## विधवा महिलाओं के सम्मान व अधिकार जागरूकता के लिए पहल ट्रस्ट की पहल



- महिला दिवस पर सम्मान समारोह व जागरूकता संवाद आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड माटी कला बोर्ड कार्यालय में पहल ट्रस्ट द्वारा विधवा सम्मान समारोह सह अधिकार जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, योद्ध सिंह नामधारी महिला कॉलेज की सहायक प्राध्यापक सुप्रिया सोनालिका, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधि विनय प्रसाद, अधिवक्ता छाया सिंह और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधवा महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया गया तथा उन्हें साड़ी और स्टॉल भेंट किए गए। मुख्य वक्ता के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ उठाकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। वक्ताओं ने कहा कि विधवा महिलाओं के प्रति समाज का दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिए और उन्हें सम्मान व सहयोग मिलना चाहिए, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता ओंकार नाथ तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पहल ट्रस्ट के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नारी शक्ति समाज को नई दिशा देने में सक्षम : संत अमितेश

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्यालय में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को राजकीयकृत ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर के प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री कृष्ण अर्जुन गौशाला, नोएडा के संस्थापक संत अमितेश ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संत अमितेश और विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार दुबे ने उपस्थित महिलाओं को बुके देकर सम्मानित किया।

सभा को संबोधित करते हुए संत अमितेश ने नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा कि मातृ शक्ति ने आदिकाल से ही समाज को जोड़ने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि महिलाएं प्राचीन संस्कृति और मूल्यों को आधुनिक समय के साथ जोड़ते हुए समाज को नई दिशा देने में सक्षम हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को सही मार्गदर्शन देकर ही समाज से भ्रष्टाचार जैसी बुराइयों को समाप्त किया जा सकता है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार दुबे ने कहा कि ब्रह्मांड के सबसे योग्य और कर्मठ हाथ नारी शक्ति के पास हैं। उन्होंने कहा कि हर बच्चे की पहली शिक्षिका उसकी मां होती है, इसलिए महिलाओं की जिम्मेदारी है कि वे संस्कारवान बच्चों का निर्माण करें।

इस अवसर पर प्रफुल्ल चंद्र मिश्र ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि नारी शक्ति के बिना समाज की कल्पना अधूरी है।

कार्यक्रम में सूरत उच्च विद्यालय लोहारा के प्रभारी प्राचार्य अभिषेक कुमार दुबे, सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी, प्लस टू उच्च विद्यालय नमूदाग के कुंदन कुमार सिंह, विवेक कुमार, चंदन कुमार, ओम प्रकाश सिंह, संतोष कुमार और वीरेंद्र शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक सतीश कुमार दुबे ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## महिला दिवस पर थाना परिसर में कार्यक्रम चार मामलों का ऑन स्पॉट निपटारा



- महिलाओं को अधिकार व सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज (पलामू)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मोहम्मदगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी नारायण सोरेन के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान महिलाओं को सम्मानित किया गया और उन्हें उनके अधिकारों तथा सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि समाज में महिलाओं को बराबरी का अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस हमेशा तत्पर है और शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान भाली और मोहम्मदगंज क्षेत्र से जुड़े महिला उत्पीड़न के चार मामलों का ऑन स्पॉट निपटारा भी कराया गया। दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं और आपसी सहमति से विवाद का समाधान कराया गया। इस मौके पर महिलाओं को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## 17 साल पुराने मामले का वारंटी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना कांड संख्या 46/2009 के वारंटी गुड्डू पासवान को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार गुड्डू पासवान, स्व. गिरजा पासवान के पुत्र हैं और बैरिया चौक, शहर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को 8 मार्च 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## नहीं रहीं बंगाली समाज की मजबूत स्तंभ जया चक्रवर्ती



**मेदिनीनगर।** पलामू की बंगाली समाज की मजबूत स्तंभ और समाजसेवी जया चक्रवर्ती का शनिवार देर रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर से बंगाली समाज में शोक की लहर दौड़ गई।पारिवारिक सूत्रों के अनुसार वे हाई शुगर की मरीज थीं और शनिवार रात अचानक किडनी फेल हो जाने के कारण उनका निधन हो गया। रविवार को कोयल नदी के तट स्थित हरिश्चंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे 56 वर्ष की थीं। अपने पीछे वे पति उत्तम कुमार चटर्जी, पुत्र अनिमेष चटर्जी और पुत्री आलोका चटर्जी को छोड़ गई हैं। बांगिया दुर्गाबाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा ने कहा कि जया चक्रवर्ती समाज की एक मजबूत स्तंभ थीं। वे समाज के हर कार्य में महिला विंग की अगुवाई करती थीं और सामाजिक गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहती थीं। उन्होंने कई जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में भी सहयोग किया था। उनका जुड़ाव भारतीय जीवन बीमा निगम से भी रहा और वे प्रथम श्रेणी की अभिकर्ता थीं। उनके निधन पर देवाशीष सेनगुप्ता, गौतम सेनगुप्ता, सौभिक दत्ता, पार्थ प्रतिम गुप्ता, शैबाल बोराल, उज्ज्वल सेनगुप्ता, सैकत चटर्जी, अमर भांजा, शिवेश मोइत्रा, जयंत विश्वास, नीलकमल भट्टाचार्य, प्रसेनजीत दासगुप्ता, नागेंद्र भारती, पंकज श्रीवास्तव, विकास सिंह, सौरभ सिंह, चंदन सिंह, राणा प्रताप सिंह, सुजीत कुमार मैती, संजय कुमार पोद्दार सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## सड़क दुर्घटना में माले नेत्री अनीता देवी का निधन



**मेदिनीनगर।** मेराल के समीप शनिवार शाम हुई सड़क दुर्घटना में रसोइया संघ झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष तथा भाकपा माले की झारखंड राज्य परिषद सदस्य कामरेड अनीता देवी का निधन हो गया। बताया गया कि शनिवार शाम लगभग छह बजे लौटने के दौरान उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वाहन में अनीता देवी सहित कुल 13 लोग सवार थे। दुर्घटना में अनीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद उनका पार्थिव शरीर मेदिनीनगर स्थित भाकपा माले जिला कार्यालय लाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पलामू और गढ़वा जिलों से माले के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में वहां पहुंचे। इस दौरान माले के झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त भी मौजूद रहे। रसोइया संघ की महिला कार्यकर्ता, आरवाईए, आइसा, इप्टा और प्रगतिशील लेखक संघ के नेता व कार्यकर्ता भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। कार्यालय परिसर "कामरेड अनीता देवी अमर रहें" और "लाल सलाम" के नारों से गूंज उठा। बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मनोज भक्त ने कहा कि अनीता देवी हाल के दिनों में कैंसर से जूझ रही थीं और लगभग उस बीमारी को परास्त कर चुकी थीं।

### महिला दिवस पर पांकी में कानूनी जागरूकता शिविर

## अंधविश्वास और रूढ़िवादिता से दूर रहें महिलाएं : पीएलवी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) पलामू की ओर से पांकी में महिलाओं के बीच विधिक जागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डालसा सचिव राकेश रंजन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। पांकी के विभिन्न क्षेत्रों में पीएलवी चंद्रदेव प्रजापति और शैलेंद्र कुमार पांडे द्वारा महिलाओं की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए यह शिविर लगाया गया। पीएलवी चंद्रदेव प्रजापति ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं और अपनी कर्मठता तथा नेतृत्व क्षमता से नई पहचान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज और व्यक्ति के विकास का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम शिक्षा है। शिक्षा के माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों को समझकर जीवन में आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को अंधविश्वास, रूढ़िवादिता और अशिक्षा से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि दहेज, डायन प्रथा और अन्य लैंगिक अपराधों से बचाव के लिए सरकार ने कई कानून बनाए हैं, जिनकी जानकारी महिलाओं को होना आवश्यक है। मौके पर फूलकुमारी देवी, रानी कुमारी, रिंकी देवी, रजंती देवी, निरमा कुमारी, सुमन कुमारी, प्रियंका कुमारी, रिमी कुमारी, संध्या कुमारी, ममता देवी, शांति देवी, देवंती देवी, आशा देवी, पूनम देवी, दौलती देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### बड़कागांव संगम तट पर नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

## महाभंडारे का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रखंड के बड़कागांव संगम तट पर नवनिर्मित शिव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई।

हवन के बाद आयोजित महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान देने वाले बृजदेव शुक्ला तथा रास्ते के लिए भूमि उपलब्ध कराने वाले विश्वनाथ दूबे, लव चौबे, निरंजन चौबे और नंदकिशोर चौबे को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

यज्ञ को सफल बनाने में योगदान देने वाले यज्ञ समिति अध्यक्ष उपेन्द्र नाथ तिवारी, मुखिया अनुज त्रिपाठी, पूर्व मुखिया बिनय त्रिपाठी, पंसस रौशन कुमार तिवारी, भाजपा प्रदेश समिति सदस्य उदय शुक्ला सहित कई लोगों को भी सम्मानित किया गया। वहीं प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को विधिवत संपन्न कराने के लिए आचार्य पंडित हृषिकेश पांडेय 'पराशर' और उनके अनुष्ठान दल को भी सम्मानित किया गया। चार दिवसीय अनुष्ठान के सफल आयोजन और मलय, अमानत व कुन्दरह के त्रिवेणी संगम पर शिव मंदिर निर्माण की क्षेत्र में सराहना हो रही है। लोगों को उम्मीद है कि आने वाले समय में यह स्थान प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित होगा।

# न्यूज बॉक्स

## शादी से लौट रही स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई, महिला की मौत



**मेराल (गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के बाना महुआ के पास हाईवे पर शनिवार देर रात एक स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क डिवाइडर से टकरा गई, जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मेराल पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो पर सवार सभी लोग ब्रह्मस्थान लगमा से शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे थे। वे रमना थाना क्षेत्र के कोरगा गांव जा रहे थे। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क डिवाइडर से टकरा गया, जिससे गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में डालटनगंज निवासी अनीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नवयुवक क्लब के संरक्षक जगनारायण विश्वकर्मा को दो मिनट का मौन रखकर दी गई श्रद्धांजलि




**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** नवयुवक क्लब के संरक्षक जगनारायण विश्वकर्मा (जग्गू विश्वकर्मा) के निधन पर क्लब के सदस्यों ने शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजकीय कृत अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय में क्लब के अध्यक्ष कमलेश मेहता के नेतृत्व में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। क्लब अध्यक्ष कमलेश मेहता ने बताया कि नवयुवक क्लब की स्थापना वर्ष 1967 में हुई थी और क्लब की स्थापना में जगनारायण विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि वे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे तथा रामलीला मंचन में भी उनकी सक्रिय भूमिका रहती थी। उन्होंने कहा कि उनके निधन से समाज और क्लब को अपूरणीय क्षति हुई है तथा उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। मौके पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार, अश्वनी कुमार, उपाध्यक्ष रणधीश कुमार, चितरंजन विश्वकर्मा, अनूप विश्वकर्मा, सुधीर कुमार, सुदामा प्रसाद, ध्रुप चंद्रवंशी, प्रमोद कमलापुरी, गोपाल प्रसाद, डॉ. अनवर आजाद, अनिल प्रसाद, श्रीराम ठाकुर, उमेश ठाकुर सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रंका पंचायत भवन में महिला सम्मान समारोह



**रंका (गढ़वा)।** पंचायत भवन में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राधा पार्वती एजुकेशन एंड वेलफेयर तथा एकल विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, सामाजिक कार्यकर्ता और एकल विद्यालय के आचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस निरीक्षक अभिजीत गौतम मिश्रा, रंका थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी तथा रंका पंचायत के पूर्व मुखिया महिमा गुप्ता ने मां भारती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर भोजपुरी गायक पांडे पवन कुमार ने भी महिलाओं के सम्मान और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं शिक्षिका आरती कुमारी ने महिलाओं की शक्ति और उनके योगदान पर प्रेरणादायक स्लोगन और विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि अभिजीत गौतम मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय महिलाओं की प्रगति का समय है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और समाज तथा देश के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। समारोह में समाज में अपनी मेहनत और लगन से पहचान बनाने वाली तीन महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में अंजू कुमारी, लक्ष्मी देवी और पर्मिला देवी शामिल हैं। इन्हें शॉल, प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व बीडीसी प्रतिनिधि संजय सिन्हा, डॉ. पतंजलि केसरी, एकल विद्यालय के राजीव कुमार यादव, सचिव सियाराम सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### गढ़वा में 'जल महोत्सव पखवाड़ा' का शुभारंभ

# महिला दिवस पर 15 जलसहिया दीदियों व एक मुखिया को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को गढ़वा जिले में 'जल महोत्सव पखवाड़ा' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम का आयोजन रामा साहू आउटडोर स्टेडियम में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से जुड़ी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। इसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की जलसहिया दीदी, समाज कल्याण विभाग की आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका तथा जेएसएलपीएस से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुईं।

इस अवसर पर जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और समुदाय में जागरूकता फैलाने में योगदान देने वाली महिलाओं के कार्यों की सराहना की गई। पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 जलसहिया दीदियों तथा उरसुगी पंचायत की मुखिया को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गांव-गांव में जलसहिया दीदियों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लोगों को स्वच्छ पानी के उपयोग, जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बताया गया कि 'जल महोत्सव पखवाड़ा' का आयोजन 8 मार्च से 22 मार्च तक जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। इस दौरान जल संरक्षण, सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता और जल प्रबंधन से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम, जनसंवाद, रैलियां और अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इस पखवाड़े का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण के संदेश को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है।



## महिलाओं की भूमिका समाज में सबसे महत्वपूर्ण : थाना प्रभारी

**चिनियां (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय परिसर में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अमित कुमार थे। समारोह का शुभारंभ पंचायत की मुखिया जाहेरा बीबी, पंचायत समिति सदस्य रूपा देवी, थाना प्रभारी अमित कुमार, एकल अभियान के वरिष्ठ सलाहकार सह दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ सियाराम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि जगदीश सिंह तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश प्रसाद सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुखिया जाहेरा बीबी, बीडीसी रूपा देवी सहित कई महिलाओं को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। वहीं कार्यक्रम के आयोजक पतंजलि केसरी ने कहा कि महिला शक्ति समाज की आधारशिला है और उनके सम्मान के लिए इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। इस मौके पर एएसआई राधेश्याम कुमार, विजय सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, रामवृक्ष सिंह बंधु, राम नंदू सिंह, छोटू यादव, जयंती देवी, आरती कुमारी, अनिता देवी, सरिता देवी, दुर्गावती देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता व सम्मान कार्यक्रम




**रमना (गढ़वा)।** सिलिदाग पंचायत सचिवालय में एसबीआई फाउंडेशन द्वारा संपोषित तथा केजीवीके द्वारा संचालित ग्राम सेवा परियोजना के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके मूल अधिकार, स्वास्थ्य, शिक्षा, समानता, सहभागिता और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सिलिदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने महिलाओं के साथ सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुखिया अनीता देवी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, जागरूकता और कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को लघु व्यवसाय की ओर प्रेरित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। ग्राम सेवा परियोजना के प्रबंधक अशोक प्रदीप मींज ने बताया कि परियोजना के तहत प्रेरणा सेंटर के माध्यम से 60 किशोरियों को सिलाई एवं बुटीक का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा चार महिला समूहों को रोजगार के लिए टेंट हाउस की सामग्री उपलब्ध कराई गई है तथा 45 महिलाओं को बटन मशरूम उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 किशोरियों को साइकिल प्रदान की गई है तथा छात्राओं के लिए कॉमन रूम, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब और साइंस लैब की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा 21 किशोरियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान परियोजना से लाभान्वित महिलाओं और किशोरियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

## महिला दिवस पर रेड क्रॉस का मेगा स्वास्थ्य शिविर

**रंका (गढ़वा)।** राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रंका स्थित गुरु पद इंस्टिट्यूट अस्पताल में रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के तत्वावधान में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शिविर में सैकड़ों मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त में वितरित की गईं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह भी दी। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए विभिन्न बीमारियों की जांच कराई और उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए काफी लाभदायक होते हैं, क्योंकि यहां उन्हें बिना किसी शुल्क के चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होती है। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा के अध्यक्ष डॉ. एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, डॉ. ज्वाला प्रसाद सिंह, सचिव नंदकुमार गुप्ता, सह सचिव डॉ. असद अंसारी सहित कई चिकित्सक और समाजसेवी मौजूद रहे। इसके अलावा रंका के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार प्रसाद, रोहिणी रमन सिंह, रिशु प्रताप देव, वजेंद्र चौधरी, डॉ. गौरी शंकर प्रसाद, विवेक चौधरी, सुनील माली, ललित राम, दिनेश सिंह और अखिलेश्वर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### यूजीसी बिल के विरोध में स्वर्ण समाज की जन आक्रोश रैली

# बाइक रैली निकालकर सरकार से बिल वापस लेने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के भगवान घाटी के समीप रविवार को यूजीसी बिल के विरोध में स्वर्ण समाज द्वारा जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। सभा में केतार, भवनाथपुर, खरौंधी और हरिहरपुर प्रखंड के स्वर्ण समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रजीत पाठक ने की, जबकि संचालन विनोद सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत राजघाटी के चारमुहान से बाइक रैली के रूप में हुई। सैकड़ों बाइक सवारों का काफिला केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए केतार बाजार, कर्पूरी गेट और कोल मोड़ होते हुए भगवान घाटी पहुंचा, जहां रैली सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यूजीसी बिल स्वर्ण समाज के लिए काला कानून है। उन्होंने कहा कि इस बिल से समाज के लोग अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि स्वर्ण समाज किसी राजनीतिक दल या नेता का विरोध नहीं कर रहा है, बल्कि समाज के साथ हो रहे कथित अन्याय का विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि कई स्वर्ण नेता इस मुद्दे पर खुलकर बोलने के बजाय वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं, जिसे समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

वक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यह बिल वापस नहीं लिया गया तो स्वर्ण समाज सड़क से लेकर संसद तक आंदोलन करेगा।

मौके पर स्वर्ण समाज के अध्यक्ष विनोद सिंह, जीके चौबे, नंदलाल पाठक, आशुतोष शरण सिंह, विनोदानंद पाठक, पंकज चौबे, गोपाल पाठक, राजू सिंह, ब्रजेश सिंह, दिव्यम शुक्ल, सूर्यनाथ सिंह, छोटे शर्मा, श्रीराम सिंह, संतन तिवारी, अनुज पाठक, अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बिट्टू सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुबोध पाठक समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर परसवार पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम

**बड़गड़ (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के परसवार पंचायत स्थित सीएलएफ में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं के बीच भाषण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती निर्मला कुजूर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए उनके अधिकार, न्याय तक पहुंच और सामाजिक भागीदारी को लेकर आगे आने की अपील की। इस दौरान लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सीएसडब्ल्यू द्वारा बाल विवाह निषेध को लेकर महिलाओं को शपथ दिलाई गई। साथ ही बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का संदेश दिया गया। महिलाओं को बताया गया कि बाल विवाह से लड़कियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और मानसिक विकास पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। इसलिए समाज को इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूक होकर इसे समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में जेएसपीएल परसवार पंचायत के सीसी संतोष राम, पीआरपी श्रीराम, सुशीला बखला, पीएलवी राजेंद्र राम, एलजीएसएस के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता रेखा कुजुर, पूर्णिमा कच्छप, बसंती टोप्पो सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## एसडीपीओ ने की क्राइम मीटिंग, लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश



- **त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में पुलिस इंस्पेक्टर और अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग की। बैठक में क्षेत्र में बढ़ते अपराध, लंबित कांडों के निष्पादन और आगामी त्योहारों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एसडीपीओ ने कहा कि अपराध नियंत्रण पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को पुराने और लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्ती तेज करने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखने को कहा।

एसडीपीओ ने कहा कि ईद, छठ व्रत और रामनवमी जैसे आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहना होगा। इसके लिए संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने वाहन जांच अभियान नियमित रूप से चलाने और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद, भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, महिला थाना प्रभारी रुक्मिणी कुमारी, धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत, बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह, भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम, हरिहरपुर ओपी प्रभारी नसीम अंसारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# महायज्ञ में भगवान राम के अयोध्या आगमन का प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन रविवार को दूर-दराज से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यज्ञ के दौरान बाल व्यास सह रामचंद्राचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का मार्मिक प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

प्रवचन के दौरान रामचंद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि जब दुराचारी लंकापति रावण छलपूर्वक माता सीता का हरण कर उन्हें लंका ले गया, तब भगवान राम ने उनकी खोज के लिए वानर सेना का सहयोग लिया। हनुमान, सुग्रीव, अंगद और जामवंत सहित कई वीरों के साथ भगवान राम लंका पहुंचे और रावण के साथ भयंकर युद्ध हुआ। यह युद्ध धर्म और अधर्म के बीच की लड़ाई थी, जिसमें अंततः भगवान राम ने रावण का वध कर अधर्म का अंत किया। उन्होंने बताया कि रावण के वध के बाद माता सीता को मुक्त कराया गया और उसी समय भगवान राम के चौदह वर्षों के वनवास की अवधि भी पूर्ण होने वाली थी। वनवास समाप्त होने के बाद भगवान राम माता सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटने के लिए प्रस्थान किए।

अयोध्या पहुंचने से पहले भगवान राम ने हनुमान जी को भरत के पास संदेश लेकर भेजा। हनुमान जी ने भरत को भगवान राम के आगमन का समाचार दिया, जिसे सुनकर भरत अत्यंत प्रसन्न हुए और अयोध्या में उनके स्वागत की तैयारियां शुरू हो गईं। बाल व्यास ने कहा कि भगवान राम का जीवन त्याग, धर्म और मर्यादा का प्रतीक है तथा उनके जीवन से हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। प्रवचन के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती में भाग लिया और यज्ञ स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, उपेंद्र दास, रमेश जायसवाल, कृष्णा प्रसाद, कामेश्वर पासवान, पंकज कुमार, क्लामुदीन अंसारी, खुर्शीद आलम, जितेंद्र बैठा, राममूरत बैठा, बुधनाथ गुप्ता, बबलू चंद्रवंशी सहित कई विद्वान पंडित और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मिरचैया में श्री सत्य चंडी महायज्ञ का शुभारंभ



**धुरकी (गढ़वा)।** प्रखंड के टाटीदीरी पंचायत अंतर्गत मिरचैया गांव में श्री सत्य चंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। रविवार को यज्ञ समिति के तत्वावधान में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा। आचार्य वीरेंद्र मिश्रा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों की स्थापना कराई गई। यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 9 मार्च को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन, अग्नि नारायण पाठ और हवन होगा, जबकि 10 मार्च को नित्य हवन और विशेष पूजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए सांस्कृतिक व आध्यात्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। वृंदावन की मंडली द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा तथा किशोर जी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा और भजनों की प्रस्तुति होगी। मौके पर धुरकी बीडीओ सह सीओ विमल कुमार सिंह तथा थाना प्रभारी जनार्दन रावत सहित कई जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

### पुराने मंदिर से उठाकर नवनिर्मित मंदिर में स्थापित हुई देवी मां की प्रतिमा

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूजा-अर्चना के लिए उमड़े श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी बाजार स्थित प्राचीन देवी मंदिर की प्रतिमा को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ नवनिर्मित मंदिर में स्थापित किया गया। वर्षों से जीर्ण-शीर्ण पुराने मंदिर में विराजमान देवी मां को श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए नए भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि खरौंधी बाजार का यह देवी मंदिर काफी प्राचीन है और यहां विराजमान देवी मां को लोग दिव्य और चमत्कारिक मानते हैं। पुराने मंदिर के जर्जर होने के कारण श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में कठिनाई हो रही थी। इसे देखते हुए ग्रामीणों के सहयोग से पुराने मंदिर के समीप ही एक भव्य नए मंदिर का निर्माण कराया गया।

देवी मां की स्थापना को लेकर स्थानीय लोगों ने संत शिरोमणि सुंदर राज यतिराज जी महाराज से सलाह ली थी। उनके मार्गदर्शन में 5 मार्च से श्री शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें काशी, मथुरा, हरिद्वार और बक्सर सहित कई धार्मिक स्थलों से आए विद्वान पंडित और साधु-संत शामिल हुए हैं।

देवी मां की स्थापना से पूर्व शनिवार की शाम पारंपरिक रीति से देवी मां को नवनिर्मित मंदिर में विराजमान होने का निमंत्रण दिया गया। रविवार को दोपहर करीब तीन बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुराने मंदिर से देवी मां की प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक उठाकर नए मंदिर तक ले जाया गया। इस दौरान जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

नवनिर्मित मंदिर में देवी मां की विधिवत स्थापना के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, उपेंद्र दास, रमेश जायसवाल, कृष्णा प्रसाद, कामेश्वर पासवान, पंकज कुमार, क्लामुदीन अंसारी, खुर्शीद आलम, जितेंद्र बैठा, राममूरत बैठा, बुधनाथ गुप्ता, बबलू चंद्रवंशी सहित कई विद्वान पंडित और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# तेल संकट की अफवाह के बाद पेट्रोल पंपों पर बढ़ी भीड़

● अपील-अफवाहों पर ध्यान ना दें, सामान्य तरीके से की जा रही पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध और बमबारी को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव की खबरों के बीच ईंधन संकट की अफवाह फैलने से मनिका व लातेहार शहर में शनिवार से ही पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ बढ़ गई है। रविवार सुबह भी पेट्रोल पंप पर भारी भीड़ देखी गई। वहीं शहर के एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलने से इसे और हवा मिल गई। इधर खाड़ी देशों से भारत में आने वाली पेट्रोल-डीजल व गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को लेकर लोग अपने-अपने वाहनों में ज्यादा से ज्यादा ईंधन भरवा रहे हैं। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया और आपसी चर्चाओं के माध्यम से यह अफवाह फैल गई है। कि एक-दो दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी उछाल आ सकता है। तथा पेट्रोल पंपों पर ईंधन की किल्लत हो सकती है। इसी आशंका के चलते लोग जल्दबाजी में पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर अपने वाहनों में ईंधन फुल करवा रहे हैं। लातेहार जिले के भी विभिन्न पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। कई लोग वाहनों के अलावा गैलन व अन्य डिब्बों में भी पेट्रोल भरकर ले जाते दिखाई दिए।इधर एसडीओ अजय कुमार रजक ने अपील किया है कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दे।सामान्य तरीके से की जा रही है पेट्रोल डीजल की आपूर्ति। हालांकि इधर पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि फिलहाल ईंधन की आपूर्ति सामान्य है और घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और जरूरत के अनुसार ही ईंधन लेने की अपील की है। हालांकि सरकारी कंपनियों ने इस फैली खबर को निराधर बताया है। कहा कि भारत मे ईंधन पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति व वितरण नेटवर्क समान्य रूप से कार्य कर रहे है।

## रामनवमी महासमिति का पुनर्गठन, पंकज सिंह बने अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के कृषि फार्म स्थित निर्माणाधीन संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को रामनवमी महासमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता टुन्नी सिंह ने की। बैठक में रामनवमी पूजा समिति का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से पंकज सिंह को अध्यक्ष और रणधीर सिंह को महासचिव बनाया गया। इसके अलावा श्याम सिंह, सुधीर राय, राजेन्द्र राम, महेश केसरी और संजय सिंह को उपाध्यक्ष, जबकि कैलाश सिंह और प्रवीण सिंह को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। महासमिति के संरक्षक के रूप में टुन्नी सिंह, मृत्युंजय सिंह, सच्चिदानंद प्रसाद, संजय शर्मा, प्रकाश राम, दिलीप साव, रत्न शर्मा, इंद्रदेव प्रसाद केसरी, युगेश्वर दांगी, संदीप सिन्हा, सत्येंद्र गिरी, राजकुमार सिंह, लखन राम और सूरज स्वर्णकार को मनोनीत किया गया। वहीं संतोष केसरी, अनुज पांडेय और रवि दांगी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया जाएगा। महासमिति के अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी रामनवमी के दिन निकाली जाने वाली झांकियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक संपन्न

**चंदवा।** आगामी श्री रामनवमी पूजा महोत्सव एवं चैत्र नवरात्र को धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को महावीर मंडल देवी मंडप की बैठक स्थानीय मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष हरिनंदन दुबे ने किया। बैठक के दौरान पूजा समिति के पुनर्गठन, श्रीरामनवमी के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम, मंदिर का रख रखाव व मरम्मत समेत कई बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय भी लिए गए साथ ही श्रीरामनवमी पूजा कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर पुरानी कमिटी को ही यथावत रखा गया। बैठक में पूजा के दौरान मंदिर को भव्यता प्रदान करने, शहर में निकलने वाले महावीर अखाड़े की उपस्थिति देवी मंडप तक करने को लेकर आमंत्रित करने, मंदिर से लेकर एनएच तक प्रकाश की व्यवस्था, साफ सफाई करने समेत कई बिंदुओं पर चर्चा कर कई निर्णय भी लिए गये।

### जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित

## सखी मंडल के माध्यम से महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** सदर प्रखंड कार्यालय चतरा के सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के तत्वावधान में रविवार को जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिप सदस्य चन्द्रदेव गोप तथा जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार जयसवाल ने सखी मंडल की दीदियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीडीसी ने कहा कि नारी के विकास से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सखी मंडल के माध्यम से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं।

उन्होंने सखी मंडल की दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि सखी मंडल की दीदियों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके माध्यम से महिलाएं कृषि, पशुपालन और कुटीर उद्योग जैसे कार्यों से अपनी आजीविका को सुदृढ़ बना रही हैं।

उन्होंने बताया कि धान खरीद, स्कूलों में रागी लड्डू एवं दाल की आपूर्ति जैसे कार्य भी अब सखी मंडल की दीदियों के माध्यम से किए जा रहे हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है।

## हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के तीसरे दिन निकला भव्य अखाड़ा नगर भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत ढोंढी-मधनियां में आयोजित हनुमान प्राण प्रतिष्ठा 108 कुंडीय महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को भव्य अखाड़ा नगर भ्रमण निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भक्ति गीतों पर झूमते हुए भगवान हनुमान के जयकारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

नगर भ्रमण की शुरुआत दुर्गा मंडप से की गई। इसके बाद जुलूस महावीर खड़ा, नीम चौक मधनियां, महावीर मंडा, शिवाला समेत विभिन्न प्रमुख स्थलों और अखाड़ों का भ्रमण करते हुए आगे बढ़ा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर नाचते-गाते हुए भगवान हनुमान के जयकारे लगाते रहे। रास्ते में ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए पूजा-अर्चना भी की। नगर भ्रमण के दौरान कई स्थानों पर अखाड़ा दलों द्वारा पारंपरिक करतब और प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना रहा। नगर भ्रमण के बाद सभी श्रद्धालु पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संध्या आरती का आयोजन किया गया।

आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं और पूजा समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा मधनियां क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मजदूर यूनियन ने निकाली रैली

## महिलाओं के अधिकारों पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता




**चंदवा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के बैनर तले सरहुल मैदान में महिला सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता पार्वती देवी ने की, जबकि संचालन सविता देवी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सभा को संबोधित करते हुए मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि महिलाएं कमजोर नहीं होतीं, बल्कि उन्हें अपनी शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है। महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का अधिकार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि 8 मार्च का दिन महिलाओं के संघर्ष, योगदान और उनके अधिकारों को याद करने का दिन है। समाज महिलाओं के बिना अधूरा है, इसलिए उनके सम्मान और सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने सरकार के 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ' नारे को धरातल पर उतारने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि आज भी कई महिलाएं दहेज प्रथा, शोषण और अत्याचार की शिकार हो रही हैं। इन कुरीतियों को समाप्त करने के लिए महिलाओं को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। सभा के बाद सरहुल मैदान से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो इंदिरा गांधी चौक, मुख्य बाजार, सुभाष चौक और कंचन नगरी होते हुए मजदूर यूनियन कार्यालय श्री रामजतन भवन पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में लक्ष्मी देवी,किरण देवी,मंजू देवी,नैना देवी,सुमति देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में धनेश्वर तुरी,सुरेश बासमती,ओम प्रकाश साहू, बाबूलाल गंझू,नंदलाल सिंह भोक्ता,किटका गंझू,भूषण रजक,माखन प्रसाद चौरसिया समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## महुआडांड़ में पारा शिक्षकों के मानदेय कटौती पर बवाल, आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड शिक्षा विभाग में पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) के मानदेय में कथित कटौती को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शिक्षकों ने बीआरसी महुआडांड़ के अकाउंटेंट पर मनमाने तरीके से मानदेय से राशि काटने का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

बताया जा रहा है कि विवाद अप्रैल 2025 के मानदेय भुगतान से जुड़ा है। पारा शिक्षकों का आरोप है कि प्रखंड के करीब 15 से 20 शिक्षकों के मानदेय से 1 से 4 दिनों की राशि बिना किसी पूर्व सूचना के काट ली गई। शिक्षकों का कहना है कि नियमानुसार मानदेय में कटौती केवल तभी की जाती है जब बायोमेट्रिक उपस्थिति 10 दिनों से कम हो, जबकि कई शिक्षकों की उपस्थिति तकनीकी खराबी के कारण 2-3 दिनों तक दर्ज नहीं हो पाई थी। इसी तकनीकी त्रुटि को आधार बनाकर मानदेय से राशि काट ली गई।

शिक्षकों का यह भी कहना है कि करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी काटी गई राशि वापस नहीं जोड़ी गई है, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। पारा शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुभाष कुमार और सचिव निर्मल उरांव सहित अन्य शिक्षकों ने इस कार्रवाई को अनुचित बताया है। संघ के पदाधिकारियों कोषाध्यक्ष पार्वती तिर्की, संगठन मंत्री विजय तिर्की और मीडिया प्रभारी हसन राजा अली ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि विभाग जल्द ही तकनीकी त्रुटि को सुधार कर शिक्षकों का काटा गया मानदेय वापस नहीं करता है, तो संघ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। वहीं पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विजय प्रसाद ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है।

## 22 तक चलेगा जागरूकता कार्यक्रम

**लातेहार।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार के तत्वावधान में "जल महोत्सव – गाँव का उत्सव, देश का महोत्सव" अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "नीर नारी शक्ति" थीम पर जिला स्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों, जलसहिया एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर परीक्षा केंद्र में महिला वीक्षकों को किया गया सम्मानित

**लातेहार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर , लातेहार में एक कार्यक्रम आयोजित कर परीक्षा संचालन में योगदान देने वाली महिला वीक्षकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित आकांक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा की समाप्ति के बाद परीक्षा संचालन में ड्यूटी निभाने अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य प्रमोद कुमार एवं मनीष कुमार सिंह, प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, वरिष्ठ आचार्य ओंकार नाथ सहाय तथा दीपक कुमार शर्मा ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी महिला वीक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की। जिन महिला वीक्षकों को सम्मानित किया गया, उनमें संध्या रानी, रजनी तिग्गा, सविता कुमारी, मंजू कुमारी, प्रीति प्रिया, ज्योति बारला, अनिता कुमारी, पौलिना सांडिल, सुमिना मिंज, मार्गरेट एक्का, चिंतामणि कुमारी एवं विक्टोरिया तिग्गा शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अन्य शिक्षकों को भी उत्सर्ग पत्रिका भेंट की गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

**चंदवा।** नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव मनाने को लेकर रविवार को रंका टाना भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमे आगामी 30 मार्च को लगने वाले स्मृति जतरा महोत्सव के लिए चर्चा की गई। बैठक में महोत्सव पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के किसी मंत्री को बुलाने का प्रस्ताव रखा गया। स्मृति महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित कराने के लिए मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल तथा संबंधित विभाग से संपर्क करने तथा स्मृति स्थल को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में भोला टाना भगत, लक्ष्मण उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राओं के बीच खेल प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अस्मिता खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी एवं विशिष्ट अतिथियों में जिला युवा पदाधिकारी कंचन कुमारी, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी तथा बीएस कॉलेज के एनएचएस के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद उपस्थित थे। प्रतियोगिता में बीएस कॉलेज, गांधी कॉलेज, आश्रम स्कूल मनिका, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लातेहार, लातेहार पब्लिक स्कूल और सरस्वती विद्या मंदिर सहित अन्य शिक्षण संस्थानों की छात्राओं ने भाग लिया. पूनम देवी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं बेटियों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं । उन्होंने कहा कि आज की बेटियां खेल, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं । प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की स्पर्धाएं आयोजित की गईं. 100 मीटर दौड़ में अंडर-13 में दीपमाला कुमारी, प्रीति कुमारी और प्रियंका कुमारी विजेता रहीं. जबकि अंडर-18 मे अनुप्रिया कुमारी, जया लक्ष्मी कुमारी और शोभा कुमारी ने क्रमश - प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में उषा कुमारी, नीलू कुमारी और सरोज कच्छप ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के आयोजन में पूर्व चैंपियन एथलीट कमल कुमार, रबिंदर, मुकेश, अंजना, मनीष तथा खेल विभाग के तकनीकी अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महिलाओं ने एकजुट होकर मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित छः घरवा के गिद्धौर आजीविका महिला संकुल स्वावलंबी सहकारिता समिति लिमिटेड क्लब में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर एवं एक-दूसरे को गुलदस्ता भेंट कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिद्धौर पंचायत की मुखिया निर्मला देवी तथा पूर्व पंचायत समिति सदस्य महादेव दांगी उपस्थित थे।

इस अवसर पर क्लस्टर से जुड़ी दर्जनों महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया निर्मला देवी ने कहा कि कई बार महिलाएं ही एक-दूसरे का सहयोग करने के बजाय पीछे खींचने का काम करती हैं। यदि महिलाएं आपस में सम्मान और सहयोग की भावना से आगे बढ़ें तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को सशक्त बनने और समाज में अच्छे कार्य कर अपने गांव और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और उनसे सीख लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सीएलएफ सचिव शीला कुमारी, सुमन देवी (सीसी), सुमित्रा देवी, लेखपाल गायत्री देवी, प्रतिमा देवी, नीतू देवी, सरोज कुमारी, निर्मला देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं।

# न्यूज बॉक्स

## इटखोरी में सीओ का युवक को लाठी से पीटने का वीडियो वायरल, जांच की मांग

**चतरा।** चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड की अंचल अधिकारी सविता सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सीओ हाथ में पुलिस की लाठी लेकर एक युवक को मारते और उसे गाली देते हुए दिखाई दे रही हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो 20 फरवरी का है, जब इटखोरी में इटखोरी महोत्सव का आयोजन चल रहा था। वीडियो में देखा जा सकता है कि दो पुलिसकर्मी एक टोपी पहने युवक को पुलिस वाहन में बैठाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी दौरान महिला अधिकारी पीछे से लाठी से युवक पर वार करती नजर आती हैं। वीडियो में यह भी देखा जा रहा है कि पुलिसकर्मी युवक को पकड़कर वाहन में बैठाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि सीओ सविता सिंह उसे लाठी से मारने के बाद उंगली दिखाकर धमकाते हुए भी दिखाई दे रही हैं। मौके पर मौजूद कई लोग इस पूरी घटना का वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं। हालांकि युवक की गलती क्या थी, इसकी स्पष्ट जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। यह भी स्पष्ट नहीं हो सका है कि वीडियो किसने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों के बीच इस घटना को लेकर सवाल उठ रहे हैं और कई लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। फिलहाल इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर लोगों की प्रतिक्रियाएं लगातार सामने आ रही हैं।

## 'बाल विवाह मुक्ति रथ' अभियान का समापन 114 गांवों में चला जागरूकता अभियान




**सिमरिया (चतरा)।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चलाए जा रहे 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत चतरा जिले में 'बाल विवाह मुक्ति रथ' के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का समापन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। इस मौके पर लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से यह विश्वास मजबूत हुआ है कि बाल विवाह मुक्त चतरा का लक्ष्य जल्द ही साकार होगा। जिले में इस रथ को उपायुक्त कीर्तिश्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अभियान के दौरान 'बाल विवाह मुक्ति रथ' ने करीब 2267 किलोमीटर की यात्रा करते हुए जिले के 114 गांवों तक पहुंचकर लगभग 1 लाख 20 हजार लोगों को जागरूक किया।

## 200 मीटर दौड़ में एसवीएम की श्रेया को गोल्ड



**लातेहार।** भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय के माय भारत द्वारा लातेहार स्टेडियम में आयोजित महिला दिवस 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विद्यालय की कक्षा सप्तम की छात्रा श्रेया कुमारी ने अंडर 13 कैटेगरी में यह प्रतियोगिता जीती। विद्यालय की ओर से संरक्षक आचार्य के रूप में विवेक कुमार दास एवं शिवानी कुमारी के साथ 14 बहनों ने विभिन्न दौड़ स्पर्धा में भाग लेते हुए उम्दा प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने बताया कि विद्यालय में खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा को महत्वपूर्ण स्थान दिया जाता है, इस कारण खेल के क्षेत्र में लगातार प्रतिभाएं आगे बढ़ती हैं। गोल्ड मेडल जीतने वाली श्रेया कुमारी का विद्यालय में स्वागत किया गया।

## कृषि विज्ञान केंद्र में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**चतरा/गिद्धौर।** चतरा सदर प्रखंड अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रविंद्र मोहन मिश्रा तथा प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर उपेंद्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई दर्जनों महिलाओं ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. रविंद्र मोहन मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। यदि महिलाएं एक-दूसरे का सम्मान करते हुए आगे बढ़ाने का प्रयास करें, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं को सशक्त बनने, समाज में बेहतर कार्य करने और गांव-समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं और उनसे सीख लेने की आवश्यकता है।

## पांच साल बाद भी पूरा नहीं हो सका बोहटा का आश्रम स्कूल, भवन बन रहा खंडहर




**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड के चैनपुर पंचायत अंतर्गत बोहटा गांव में करोड़ों रुपये की लागत से बन रहा आश्रम स्कूल पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार के कारण यह महत्वाकांक्षी परियोजना अब तक अधूरी पड़ी है। निर्माण कार्य की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जो हिस्सा बनकर तैयार हो चुका है, वह भी उपयोग और समुचित देखरेख के अभाव में धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**चंदवा।** टोरी–शिवपुर रेलखंड पर पोल संख्या आरओआर 02/18 के समीप भंडारगढ़ा गांव के समीप रविवार सुबह एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रैक पर शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चंदवा थाना पुलिस तथा टोरी आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की पहचान भंडारगढ़ा गांव निवासी नारायण भोगता (35 वर्ष) पिता रामवृक्ष भोगता के रूप में की गई है। घटना की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में जुट गए। परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद परिवार के लोग भी घटनास्थल पहुंच गए। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की बाइक घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर परसाही रेलवे लाइन के किनारे लावारिस हालत में खड़ी मिली।

## 'क्योर बे' क्लिनिक का शुभारंभ

# प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं अब स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी: थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू-लोहरदगा।** कुडू में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक नई पहल के तहत 'क्योर बे' क्लिनिक का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अजित कुमार तथा विशिष्ट अतिथि कुडू सुडी समाज के अध्यक्ष गंगा प्रसाद उपस्थित थे। इनके अलावा नवीन कुमार टिंकु, ज्योति कुमार एवं डॉ. मधुमती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर क्लिनिक का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात थाना प्रभारी अजित कुमार ने कहा कि क्लिनिक के शुरू होने से कुडू तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। इससे छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख करने की परेशानी कम होगी और मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने क्लिनिक के सफल संचालन की कामना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक उपयोगी और सराहनीय पहल बताया।

मौके पर क्लिनिकल बिजनेस मैनेजर शहजाद हुसैन और क्लस्टर मैनेजर गिरधारी पांडा ने बताया कि क्लिनिक में मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय परामर्श, प्राथमिक उपचार तथा आवश्यक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना ही क्लिनिक का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर 'क्योर बे' की स्वास्थ्य सदस्यता योजना "कवच" की भी जानकारी दी गई। साथ ही करीब दो दर्जन लोगों का कार्ड का निबंधन भी किया गया।

मौके पर पुनामी देवगम, एसएम शाहबाज, ऑपरेशन मैनेजर अभिषेक केशरी, क्लिनिकल स्टाफ जकी अहमद, ज्योति सिंह, नेहा साहु, शिबन ब्राइक, सब्बीर अंसारी, मो साजिद, जुनाब आलम, शाहे आलम, आसिफ अमीर मनु, सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**कुडू - लोहरदगा।** लोहरदगा के कुडू प्रखंड अंतर्गत बरवाटोली चौक के समीप 9 से 15 मार्च तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। लगभग दो किलोमीटर लंबी इस यात्रा में आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। और बरवाटोली स्थित यज्ञ स्थल से ऐतिहासिक टीकों नदी पहुंचे, जहां पुरोहितों द्वारा वृंदावन से आए कथा वाचक आचार्य प्रभुदास जी महाराज की मौजूदगी में कलश पूजन कराया गया। इसके बाद नदी का पवित्र जल लेकर बाजा-गाजा, नगाड़ा और जयकारों के साथ कलश यात्रा शुरू हुई।

## कल्याण अस्पताल में मेगा स्वास्थ्य शिविर संपन्न

# 145 मरीजों को मिला मुफ्त इलाज



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कल्याण विभाग, झारखंड सरकार द्वारा वित्तपोषित और विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल बसारडीह में एक दिवसीय 'निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर' का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में लोहरदगा और आसपास के क्षेत्रों से आए कुल 145 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित परामर्श व दवाइयां दी गईं। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। प्रसिद्ध सर्जन डॉ. विकीर्ण भारती ने हर्निया, हाइड्रोसील, अपेंडिक्स, पित्त की थैली की पथरी और बवासीर से पीड़ित 17 मरीजों की जांच की। उन्होंने दो हाइड्रोसील और एक पथरी के मरीज को निशुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. जेबा परवीन ने 27 महिला रोगियों को स्त्री रोग संबंधी परामर्श दिया।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर जल महोत्सव पखवाड़ा का जिला स्तरीय शुभारंभ

# पेयजल की गुणवत्ता और उसके सतत प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : अनूप

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त लोहरदगा के निर्देश के आलोक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रांगण , लोहरदगा में जल महोत्सव पखवाड़ा का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

कार्यक्रम के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता अनूप कुमार हंसदा ने उपस्थित जन प्रतिनिधि,महिलाओं दीदियों का स्वागत करते हुए जल महोत्सव पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, पेयजल की गुणवत्ता एवं उसके सतत प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जिला समन्वयक एवं कनीय अभियंता द्वारा झारखंड राज्य पेयजलापूर्ति संचालन एवं सम्पोषण नीति-2025 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा जल जीवन मिशन के उद्देश्यों और ग्रामीण क्षेत्रों में इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में यह जानकारी दी गई कि लोहरदगा जिले की 01 माननीय मुखिया एवं 01 अदद स्वयं सहायता समूह की दीदी को पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आगामी 11 मार्च 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने तथा सम्मानित किए जाने हेतु चयनित किया गया है। इस उपलब्धि पर उपस्थित सभी लोगों ने खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय योगदान एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए 10 मुखिया एवं 15 जलसहियाओं को प्रशस्ति पत्र , शाल तथा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रखंडों से आई माननीय प्रमुख महोदया,विभिन्न पंचायतों के महिला मुखियागण, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी प्रखंड वॉश समन्वयक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। जल महोत्सव पखवाड़ा के माध्यम से जिले में जल संरक्षण, स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति जनजागरूकता को और सुदृढ़ करने का संकल्प लिया गया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत तोड़ार ग्राम में रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ( डालसा ) की ओर से विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। झालसा रांची के निर्देशानुसार, डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा और सचिव राजेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का उत्थान और उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सशक्त बनाना था। शिविर में पीएलवी प्रियांशु यादव, पुनु देवी और श्रीमती कुमारी ने ग्रामीणों को संबोधित किया। प्रियांशु यादव ने महिलाओं के हक और अधिकारों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज महिलाएं सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में अपनी धाक जमा रही हैं। शिक्षक, वकील, डॉक्टर और प्रशासनिक पदाधिकारी बनकर महिलाएं बिना भेदभाव के समाज के निर्माण में योगदान दे रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि महिलाओं के बिना यह समाज अधूरा है, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीणों को डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह और नशापान जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

पीएलवी सदस्यों ने सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और मिलने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य रूप से अजय यादव, रामपति देवी, विक्रम यादव, हजारा खातून, बीजू यादव, लक्ष्मी देवी, पार्वती देवी, रूबी खातून, धरमु भगत, सुनैना कुमारी, कपिंद्र यादव, आरती देवी, शांति देवी समेत भारी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।




## कुडू में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन

# जेएसएलपीएस की 250 दीदियों ने हुनर और हौसले का किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**कुडू (लोहरदगा)।** "जब हम एक-दूसरे का साथ देते हैं, तभी अ व स ऱ आत्मविश्वास और बदलाव की राह बनती है।" इसी ध्येय वाक्य के साथ रविवार, 08 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जेएसएलपीएस के तत्वाधान में कुडू प्रखंड परिसर के मैदान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के तीन प्रमुख संकुल संगठनों— कोयल झरना, निर्मल धारा एवं चुल्हापानी की लगभग 250 महिला सदस्यों ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ तीनों संकुलों के ओबी एवं ईसी सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## 17 को आयोजित विधानसभा मार्च की तैयारी को लेकर हुई बैठक

# केंद्र और राज्य सरकार कंपनियों को बचाने में लगी है: विजय सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच व महिला मंडल लोहरदगा के बैनर तले समाहरणालय मैदान स्थित लिप्टस बगीचा के पास शीलवंती उरांव की अध्यक्षता में 17 मार्च 2026 को रांची में आयोजित विधानसभा मार्च की तैयारी को लेकर जमाकर्ता व महिला मंडल की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित आईपीएफ के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कंपनियों को बचाने में लगी है। यही कारण है कि लगातार हजारों जमाकर्ता द्वारा अपने ही मेहनत का जमा पैसे की भुगतान की मांग करने के बावजूद सरकार मौन है। श्री सिंह ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जमाकर्ताओ के साथ हो रहे इस तरह का मजाक को अन्याय बताया। श्री सिंह ने महिला दिवस पर महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा, रोजगार, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, ब्याज रहित 5 साल तक भरने का समय अवधि देते हुए व्यवसाय के लिए इच्छुक महिलाओं को 10 लाख रुपए तक पूंजी देने, राज्य में महाजनी व सूदखोरी का धंधा चला रहे माइक्रोफाइनेंस कंपनियों को अविलंब बंद करने की मांग को सरकार से जल्द पूरा करने की बात कही।

उन्होंने यह भी कहा कि जब तक सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, पल्स समेत दर्जनों कंपनी में जमा पैसे भुगतान नहीं होंगे और महिलाओं की मांग मानी नहीं जाएगी तब तक पार्टी आवाज बुलंद करते रहेगी। श्री सिंह ने 17 मार्च 2026 को सैकड़ो की संख्या में रांची चलने की अपील की है। बैठक में 17 मार्च 2026 को विधानसभा मार्च में लोहरदगा क्षेत्र से रांची चलने की व्यापक तैयारी करने तथा ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट, भाकपा (माले) रेड स्टार, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी तथा झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 5 अप्रैल 2026 को गुमला में आयोजित दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय रोजगार व सामाजिक अधिकार अभियान के तहत होनेवाली सम्मेलन की तैयारी का निर्णय लिया गया है। बैठक में गंगेश्वर भगत, सोमे उरांव, आदित्य सिंह, सिमरन भगत, जयप्रकाश मिंज, सोमरा साहू, मधेश्वर साहू, सुरेंद्र सिंह, बसंत राम, के अलावे काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टंगरा टोली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला के शहरी क्षेत्र के संजय गांधी पथ टंगरा टोली स्थित मैदान में महिला एकता संगठन के बैनर तले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं के द्वारा केक काटकर और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर महिला सरिता गुप्ता ने कहा कि महिला दिवस सिर्फ एक दिन बनाने की आवश्यकता नहीं है बल्कि प्रतिदिन महिलाओं को सम्मान देने की जरूरत है। साथ ही अधिवक्ता दिव्या ठाकुर ने कहा कि सावित्रीबाई फूले ने देश का शिक्षा का अलख जलाया था। लाख विरोध के बाद भी सावित्रीबाई ने अपने लक्ष्य को हमेशा निर्धारित रखकर आगे बढ़ने का काम किया। जिसकी वजह से आज महिलाएं शिक्षित होकर समाज में ज्ञान का दीप जला रही है। शिक्षिका लक्ष्मी देवी ने कहा की हमें अपने अधिकारों को समझते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इस मौके राखी देवी,पूर्णिमा वर्मा, अनिता देवी, बेली दाम, संध्या देवी, रिशु साहू, जयमा देवी, मीरा देवी, सुमन देवी, डॉली देवी, चंदा देवी, ममता कुमारी, रेणू थापा, राधा देवी, दीपमाला गुप्ता, आभा गुप्ता, ममता गुप्ता, मंजू गुप्ता, शिल्पा देवी, लीली माईती देवी, बेलीदाम, दीपमाला गुप्ता, ऐतवरिया उरांव, सीमा उरांव, चांदनी उरांव, मनोरमा उरांव, सोनाली भगत, रूपाली, सरस्वती देवी सहित सैकड़ो महिलाएं मौके पर मौजूद थी।



## सेवा भारती ने लगाया 195वां साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर

# स्वस्थ जीवन के लिए योग और संयम जरूरी: डॉ. कुमुद

- 42 लोगों ने कराई जांच

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सेवा भारती, लोहरदगा द्वारा रविवार को चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण में 195वें निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला संरक्षक डॉ. कुमुद अग्रवाल, पूर्व सचिव जयप्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक बर्मन और मुकेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान 'भारत माता की जय' के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। रविवार सुबह 7:30 बजे से आयोजित इस एक घंटे के शिविर में कुल 42 स्थानीय लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट और ऑक्सीजन लेवल की निशुल्क जांच की गई। मौके पर जिला संरक्षक डॉ. कुमुद अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक रविवार को लगने वाले इस शिविर से लोग न केवल लाभान्वित हो रहे हैं, बल्कि संतुष्ट भी हैं।

उन्होंने संदेश दिया कि "स्वस्थ शरीर के लिए दवाइयों पर निर्भरता कम करें। प्रतिदिन नियमित रूप से योग और व्यायाम अपनाएं, यही निरोगी जीवन का मुख्य आधार है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने संस्था की प्रतिबद्धता दोहराते हुए बताया कि यह साप्ताहिक शिविर निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही शहर के एक अन्य स्थान पर भी इसी तरह के साप्ताहिक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था की जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। शिविर को सफल बनाने में डॉ. कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, शशांक बर्मन, मुकेश कुमार गुप्ता, सुबोध प्रसाद महतो, अमर गोस्वामी, जुगल किशोर प्रजापति, गोपाल माहतो, ओम प्रकाश कास्यंकार, सच्चिदानंद ठाकुर, किशोर अग्रवाल, सुरेश प्रसाद, सुनील कुमार, ताराचंद्र प्रसाद, संदीप राव, तपेश्वर प्रसाद, फुलवंती देवी, छाया शर्मा, नीलम देवी, राजू अग्रवाल, पंकज कुमार, रैमूनी देवी सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## लगातार छठी बार केंद्रीय सरहुल संचालन प्रखंड समिति कुडू के अध्यक्ष बने अवधेश उरांव

# इस वर्ष सरहुल शोभा यात्रा भव्य और नशामुक्त होगा : संजय गंझू

- जो जिम्मेदारी मिली है उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे : अवधेश

नवीन मेल संवाददाता



**कुडू-लोहरदगा।** पड़हा भवन कुडू में रविवार को समस्त आदिवासी संगठनों की बैठक आयोजित कर सरहुल शोभा यात्रा के सफल संचालन के लिए केंद्रीय सरहुल संचालन प्रखंड समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन उरांव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से अवधेश उरांव को लगातार छठी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं कुलदीप उरांव को कोषाध्यक्ष, अर्जुन उरांव को मुख्य संरक्षक, विजय उरांव को सचिव, सुबोध उरांव को सह-कोषाध्यक्ष तथा सुनील उरांव को सह-सचिव बनाया गया। संजय गंझु और विनय भगत को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। दुबारा अध्यक्ष चुने जाने पर अवधेश उरांव ने सभी आदिवासी संगठनों व समाज के बुद्धिजीवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने प्रखंड के सभी पहान, पुजार और ग्राम प्रधानों से सरहुल शोभा यात्रा में पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। वहीं उपाध्यक्ष संजय गंझु ने समाज के लोगों से नशापान से दूर रहकर सरहुल शोभा यात्रा को भव्य और अनुशासित बनाने का आह्वान किया। बैठक में शिबू उरांव, लखन उरांव, अनिल उरांव, रोहित उरांव, अमित उरांव, अंकित भगत, चामु उरांव, रुपनारायण उरांव, शनिदेव उरांव, मंगलदेव उरांव, रायमुनी उरांव, जतरू उरांव, देवेंद्र भगत, संदीप उरांव, प्रेमचंद उरांव, अनुपम भगत, सुनील उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# तेली समाज ने दी तिलेश्वर साहू को भावभीनी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली स माज, लोहरदगा द्वारा शहीद तिलेश्वर साहू की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के सदस्यों द्वारा शहीद तिलेश्वर साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात तेली धर्मशाला, लो ह रदगा में एक औपचारिक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की ग ई , जिसकी अध्यक्षता जिला अ ध्यक्ष प्रो. शिवदयाल साहू ने की । श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लो ह रद गा जिले में तेली समाज को एकजुट और संगठित करने में श ही द तिलेश्वर साहू की भूमिका अवि स्म रणीय रही है। समाज के उ त्था न के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रो. शिवदयाल साहू ने कहा कि भले ही तिलेश्वर साहू आज हमारे बीच शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हैं, लेकिन उनकी यादें, प्रेम, मार्गदर्शन और सादगी समाज के लोगों के दिलों में सदा जीवित रहेगी। उनका व्यक्तित्व आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। वहीं, कैलाश साहू ने भावुक होते हुए कहा कि "जब तक सूरज-चांद रहेगा, तब तक तिलेश्वर साहू का नाम अजर-अमर रहेगा।" उन्होंने कहा कि जाने वाले वापस नहीं आते, लेकिन उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। सभा के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रो. शिवदयाल साहू, लखपति साहू, विदेशी साहू, राम बिलास साहू, नंदकिशोर साहू, सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 30 को पत्थरगड़ी कार्यक्रम की द्वितीय वर्षगांठ मनेगी

**लोहरदगा।** प्रखंड के रानीगंज बाजार टांड़ में रविवार को पारंपरिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था के तहत पत्थरगड़ी कार्यक्रम की द्वितीय वर्षगांठ मनाने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अलौदी पंचायत के उपमुखिया गोपाल उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पड़हा समाज के विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 मार्च को 15 पड़हा गढ़कसमार बेल की अध्यक्षता में पत्थरगड़ी की दूसरी वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की पारंपरिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और संगठित करना है। कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न गांवों के पाहन, पुजार और बेल कोटवार के साथ विधि-व्यवस्था पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

# भालू के हमले में दो ग्रामीण घायल, लोगों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के दो गांवों में जंगली भालू के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। रविवार को सुबह अलग-अलग स्थानों पर भालू ने हमला कर दो लोगों को घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में कराया गया है। जानकारी के अनुसार सुबह ग्रामीण अपने दैनिक कार्यों के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान जंगल की ओर से निकले जंगली भालू ने अचानक हमला कर दिया। हमले में दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह भालू को भगाया। घटना के बाद घायल दोनों लोगों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद



उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इधर, गांव में भालू के लगातार देखे जाने से ग्रामीणों में डर का माहौल है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू को पकड़ने या जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है। वहीं वन विभाग की टीम को भी घटना की सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने कह कि इन दिनों जंगल से जंगली जानवर अक्सर गांव की ओर आ रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है।

# सरना स्थल की घेराबंदी का ग्रामीणों ने उठाया बीड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** विगत आठ वर्षों से अधूरे पड़े सरना स्थल की घेराबंदी का ग्रामीणों ने उठाया बीड़ा। प्रखंड मुख्यालय के बगल में स्थित कुदरा गांव के ग्रामीणों द्वारा गांव के धार्मिक सरना स्थल के अधुरे पड़े चाहर दिवारी को बनाने को लेकर गांव के पहान कीनू उरांव द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर रविवार को चाहर दिवारी निर्माण की शुरुआत की।



ग्रामीणों के अनुसार विगत आठ साल पहले जिला कल्याण विभाग द्वारा गांव के सरना स्थल की घेराबंदी शुरू हुई थी, लेकिन लाभुक समिति के सचिव फिर अध्यक्ष के निधन हो जाने के बाद चाहर दीवारी निर्माण कार्य अधुरा रह गया था।

ग्रामीणों के अनुसार अध्यक्ष-सचिव के देहांत के बाद नये सिरे से ग्राम सभा के माध्यम से समिति चयन कर सरना घेराबंदी पुरा कराने का प्रयास किया गया था, किन्तु विभागीय स्तर पर साकारात्मक पहल नहीं होने के कारण निर्माण कार्य अधुरा रह गया। अधुरे पड़े धार्मिक स्थल की चाहरदीवारी से धार्मिक अनुष्ठान व पुजा पाठ में काफी कठिनाई व परेशानियां होने लगी जिसे देखते हुए ग्रामीणों द्वारा स्वयं से सरना स्थल की पक्की घेराबंदी निर्माण का निर्णय लिया गया और गांव के पहान कीनू पहान, पुजार मगन उरांव, महतो जीतवाहन उरांव, ग्राम प्रधान जयराम उरांव, मनीपाल उरांव, सनी उरांव,बुचनू उरांव, जयंती देवी, एतवारी उरांव, अनिता उराईन, बोण्डो देवी, दुलिया देवी, छोटी उरांव, उषा देवी, सुखन उरांव, मंगल उरांव, बुदू उरांव, रमेश उरांव, सुरज उरांव,सुरज उरांव, रामदयाल उरांव सहित अन्य गणमान्य व गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष के नेतृत्व और सामुहिक सहयोग से सरना धर्म स्थल के घेराबंदी करने का निर्माण शुरू किया गया।

वहीं स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पुर्व से पारित सरकारी योजना के तहत सरना घेराबंदी में नये सिरे से लाभुक समिति का चयन कर योजना के बाकि बचे राशि का भुगतान होने से हमारे गांव के आदिवासी संस्कृति -सभ्यता और स्मिता का प्रतीक सरना स्थल का सुनियोजित व वृहद रूप से घेराबंदी किया जा सकता है।

# राजस्थान की टीम ने घाघरा के ग्रेटर त्रिवेणी स्कूल को सराहा



**घाघरा।** घाघरा के चपका स्थित ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में राजस्थान से आए आठ सदस्यीय शिक्षाविदों की टीम ने रविवार को स्कूल का अवलोकन किया। इस दौरान टीम ने विद्यालय में छात्रों द्वारा तैयार किए गए टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री) का करीब एक घंटे तक निरीक्षण किया और बच्चों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों के रचनात्मक कार्य और आत्मविश्वासपूर्ण जवाबों से टीम के सदस्य काफी प्रभावित हुए। टीम के वरिष्ठ सदस्य हरिकृष्ण शास्त्री ने कहा कि इतने सुदूरवर्ती क्षेत्र में विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाना बेहद सराहनीय है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयासों की भी प्रशंसा की। अवलोकन के दौरान राजस्थान से आए शिक्षाविदों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में अपने-अपने नाम से एक-एक पौधा भी लगाया। इस मौके पर केशु भाई गोटी, धनजी भाई, वैभव भाई, हरिकृष्ण शास्त्री, दिनेश पटेल, राजेश प्रसाद, जयसुख भाई, हरीश भाई, सागर भाई सहित विद्यालय प्रबंधन के प्राचार्य अवधेश कुमार मिश्रा एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गुमला में 'जल महोत्सव पखवाड़ा' का शुभारंभ

# महिलाओं की भूमिका को मिला सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को गुमला के सूचना भवन सभागार में जल जीवन मिशन के तहत जल महोत्सव पखवाड़ा का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और जल संरक्षण व सुरक्षित पेयजल प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गुमला के कार्यपालक अभियंता अनुज कुमार मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं का स्वागत करते हुए जल महोत्सव पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने और उसके सतत प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपयोग और संरक्षण से जुड़ी अधिकांश जिम्मेदारियां महिलाएं ही निभाती हैं।

इस अवसर पर जिला समन्वयक और कनीय अभियंता द्वारा झारखंड राज्य पेयजलापूर्ति संचालन एवं सम्पोषण नीति-2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जल जीवन मिशन के उद्देश्यों और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में इस योजना की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि गुमला जिले की दो जलसहियाओं को पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आगामी 11 मार्च 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने और सम्मानित किए जाने के लिए चयनित किया गया है। इस उपलब्धि पर उपस्थित लोगों ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए गर्व की बात बताया। कार्यक्रम के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाली 20 से अधिक जलसहियाओं और 15 मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर महिलाओं ने जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से आई जलसहियाएं, पंचायतों के मुखिया, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी प्रखंड वॉश समन्वयक सहित कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जल जीवन मिशन के जिला समन्वयक सूरज कुमार ने किया।



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना से आत्मनिर्भर बन रहीं ग्रामीण महिलाएं

**गुमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला प्रशासन के नेतृत्व में डीएमएमयू पलाश-



जेएसएलपीएस, गुमला द्वारा सीएमटीसी तिर्रा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की महिलाओं के योगदान, उनकी मेहनत, नेतृत्व क्षमता और समाज निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानपूर्वक याद करते हुए कई महिला लाभुकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बारा तथा जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं को समाज की आधारशिला बताते हुए कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और सामाजिक नेतृत्व सहित हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) की सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। साथ ही एनजेएस, जी-सीआरपी, एकेएम/एपीएस तथा एडब्ल्यू जैसे सामुदायिक कैडर ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई और महिलाओं को संगठित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान फूलो-झानो आशीर्वाद योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। योजना की लाभुक कांति देवी और ललिता देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें एक वर्ष के लिए बिना ब्याज का ऋण मिला है। इस आर्थिक सहयोग से वे चावल प्रोसेसिंग, स जी विक्रय और डेयरी पालन जैसे वैकल्पिक आजीविका कार्यों से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) गुमला शैलेन्द्र जरिका ने कहा कि सामुदायिक संस्थाओं और सरकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है।

# डूडीया पंचायत में महिलाओं ने लिया सशक्तिकरण का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के डूडीया पंचायत भवन सभागार में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत की मुखिया रश्मि लकड़ा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें पंचायत के विभिन्न विभागों से जुड़ी महिलाओं, महिला जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को सामूहिक रूप से महिला सशक्तिकरण, समाज में समान भागीदारी तथा पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए ग्राम सभा की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुखिया रश्मि लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम सभा पंचायत के विकास की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे ग्राम सभा की बैठकों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और पंचायत में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी लेकर उसमें अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं की जागरूकता और सहभागिता से ही गांव और समाज का समग्र विकास संभव है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार साझा किए और समाज में महिलाओं की भूमिका को मजबूत बनाने पर जोर दिया। साथ ही पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना तथा पंचायत के विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था, ताकि गांव के विकास में महिलाओं की भूमिका और मजबूत हो सके। इस अवसर पर योशोदा देवी, रेखा देवी, ललिता देवी, सुमरीता देवी, सुनीता देवी, नीति देवी, सेलिना तिर्की, शिवानी उरांव, अर्सी खातून, शुकरो उरांव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## राष्ट्रपति के कार्यक्रम में बाधा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का विरोध, ममता बनर्जी का पुतला दहन

**गुमला।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम से जुड़ी घटनाओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुमला में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शहर के टावर चौक पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर राज्य सरकार के रवैये की कड़ी निंदा की। भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शनिवार, 7 मार्च 2026 को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन के दौरान राज्य सरकार का व्यवहार अत्यंत निंदनीय और अपमानजनक रहा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मूल रूप से विधाननगर उपमंडल क्षेत्र में आयोजित होना था, लेकिन प्रशासन द्वारा इसकी अनुमति नहीं दी गई, जिसके बाद कार्यक्रम को बागडोगरा के गोसाईंपुर में स्थानांतरित करना पड़ा। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि स्थान परिवर्तन के बाद भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए आने वाले लोगों को विभिन्न स्तरों पर रोका गया, जिससे आदिवासी समाज और सम्मेलन में भाग लेने वाले लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह स्थिति देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन राष्ट्रपति के सम्मान के अनुरूप नहीं है। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश की प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं और उनका सम्मान पूरे देश के लिए गौरव की बात है। ऐसे में उनके कार्यक्रम से जुड़े आयोजन में बाधा उत्पन्न होना लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक परंपराओं के विपरीत है। कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार राजनीतिक कारणों से इस तरह का व्यवहार कर रही है, जो लोकतंत्र की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं न केवल राष्ट्रपति के सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं बल्कि आदिवासी समाज की भावनाओं को भी आहत करती हैं।

## बेटे ने की पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या, शव को जलाया

**सिसई।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत अंतर्गत गुना टोली गांव में होली के दिन बुधवार को रात में शराब के नशे में आकर एक पुत्र ने अपने ही वृद्ध पिता का लाठी डंडे से पीटकर कर हत्या कर दिया। जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय जकुआ उरांव ने होली के दिन काफी शराब पी रखा था जिसके बाद वह अपने पिता 75 वर्षीय चंदर उरांव से पैसे मांगते हुए झगड़ा करने लगा, बात बढ़ने पर लाठी डंडे से पीट-पीटकर वृद्ध पिता की जान ले ली। जब गांव वालों को इसकी जानकारी मिली तो इतनी बड़ी घटना को दबाने का प्रयास किया गया। साक्ष्य का कोई पता ही नहीं चले इसके लिए बॉडी को जला दिया गया। बताया जा रहा है कि मामले को लेकर उक्त परिवार को डराया धमकाया भी गया है कि हत्या की खबर किसी को पता न चले।

## न्यूज बॉक्स

### 24 को धूमधाम से मनाया जाएगा प्रखंड स्तरीय सरहुल पूजा महोत्सव, तैयारी को लेकर बैठक



**डुमरी।** प्रखंड स्तरीय सरहुल पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को डुमरी सरना स्थित धूमकुड़िया भवन में प्रखंड सरहुल पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जून उरांव ने की। बैठक में इस वर्ष सरहुल पूजा महोत्सव को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य एवं उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान पिछले वर्ष आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव की गतिविधियों की समीक्षा की गई, जिसमें कार्यक्रम की सफलताओं और कमियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने इस वर्ष आयोजन को और बेहतर एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 24 मार्च को प्रखंड स्तरीय सरहुल पूजा महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों के बीच विभिन्न जिम्मेदारियों का बंटवारा भी किया गया। इसके साथ ही महोत्सव को लेकर गांव-गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया गया। प्रचार-प्रसार के लिए युवा महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें निर्धारित दिन और तिथि के अनुसार विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को सरहुल महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगी। बैठक में रविशंकर भगत, जयचंद भगत, बीरबल बैगा, सुखमनी देवी, अन्नपूर्णा देवी, अनुराधा देवी, ममता एक्का, सेवती उरांव, कान्ति देवी, मीना देवी, गीता एक्का, वासुदेव भगत, श्रीराम उरांव, अजय भगत, देवेश उरांव, बच्चू उरांव, इन्द्र भगत, सुखनंदन भगत, महावीर भगत, चंचल भगत, अनिल उरांव, जीवनसाय भगत, प्रभा भगत सहित कई सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा और भंडारे से गूंजा बड़काडीह, नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समां



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़काडीह गांव में रविवार को एक दिवसीय पारंपरिक डोल मेला श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेला प्रबंधन समिति के तत्वावधान में 151 कलश के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर घाघरा कासपोडया पथ होते हुए धूड-धूड चुंआ तक पहुंची, जहां आचार्य प्रमोद पाठक के द्वारा विधि-विधान से जलपूजन कराया गया। इसके पश्चात सभी कलश यात्री पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा हर-हर महादेव, जय श्री राम और बजरंगबली की जय के नारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। पूजा-अर्चना के बाद मेला प्रबंधन समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले के अवसर पर लोगों के मनोरंजन के लिए नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीत और नृत्य का लोगों ने जमकर आनंद उठाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कलश यात्री मनीषा देवी, रजनी कुमारी, अलका कुमारी, कविता देवी, मनीता देवी, पूनम देवी सहित कुल 151 कलश यात्री शामिल हुए। वहीं मेला प्रबंधन समिति के सदस्यों में सर्वेश राम वर्मा, परसराम वर्मा, शैलेश राम वर्मा, अजय साहू, मनोज साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### खरका गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न, भक्ति भाव से गूंजा पूरा इलाका

**भरनो।** भरनो प्रखंड के अमलीया पंचायत अंतर्गत खरका गांव में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम के तहत रविवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान हनुमान की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटे। कार्यक्रम के दौरान जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और धार्मिक जयघोष से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया और मंदिर में मत्था टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान आचार्य सूर्य नारायण पाठक, विकल्प पाठक और रघुनाथ मिश्रा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। आचार्यों ने विधिवत पूजा-अर्चना, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से भगवान हनुमान की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठित कराई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने मिलकर भंडारे की व्यवस्था संभाली और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। धार्मिक अनुष्ठान के तहत रविवार की रात्रि में अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कीर्तन मंडलियों के शामिल होने की संभावना है। वहीं सोमवार को यज्ञ की पूर्णाहुति हवन-पूजन के साथ इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का विधिवत समापन किया जाएगा। इस मौके पर आयोजन समिति के संरक्षक राधा सिंह एवं दामोदर सिंह, मुख्य यजमान दिनेश्वर सिंह, अध्यक्ष देवकुमार सिंह, सचिव नागेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष जनता उरांव, संयोजक रामकुमार सिंह, विभाग प्रमुख कामेश्वर सिंह सहित रामनारायण सिंह, जवाहर सिंह, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** — माकपा का छोटानागपुर स्तरीय जन आक्रोश जत्था भरनो पहुंचा

# केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हुई सभा

- 24 मार्च को दिल्ली चलो जैसे नारों के साथ केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया

**नवीन मेल संवाददाता**




**भरनो।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) झारखंड राज्य कमिटी के आह्वान पर निकाला गया छोटानागपुर स्तरीय जन आक्रोश जत्था रविवार को भरनो चौक पहुंचा, जहां यह एक विशाल सभा में तब्दील हो गया। सभा में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, किसान, मजदूर और समर्थक शामिल हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जताई।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने किसान–मजदूर विरोधी नीतियां नहीं चलेगा, चार लेबर कोड रद्द करो, बीज और बिजली विधेयक वापस लो, मनरेगा को मजबूत करो, भारत–अमेरिका व्यापार समझौता नहीं चलेगा, एमएसपी की कानूनी गारंटी करो, महंगाई–बेरोजगारी और निजीकरण बंद करो, युद्ध नहीं शांति चाहिए, देश का मजदूर–किसान ही हिंदुस्तान बनाता है तथा 24 मार्च को दिल्ली चलो जैसे नारों के साथ केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया।

सभा को संबोधित करते हुए माकपा के केंद्रीय कमिटी सदस्य सह सीटू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुदीप दत्ता, माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य समीर दास, राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुफल महतो, राज्य सचिव मंडल सदस्य सह सीटू झारखंड महासचिव विश्वजीत देव तथा आदिवासी मंच के राज्य संयोजक सुखनाथ लोहरा समेत अन्य नेताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक और श्रम नीतियों की कड़ी आलोचना की।

नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड, बीज एवं बिजली विधेयक तथा भारत–अमेरिका व्यापार समझौता देश के किसान और मजदूरों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर कर रही है और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने से बच रही है।

वक्ताओं ने कहा कि देश के किसान गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और किसान आत्महत्याओं के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार इस मुद्दे पर संवेदनशीलता नहीं दिखा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश में किसानों और मजदूरों को जाति और धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है, जबकि देश को रोजगार, विकास और सामाजिक न्याय की जरूरत है। सभा के दौरान नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी राय रखते हुए अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी गुटनिरपेक्ष विदेश नीति को मजबूत बनाए रखना चाहिए और किसी भी साम्राज्यवादी ताकत के सामने झुकना नहीं चाहिए।

सभा में शंकर उरांव, नेता आएता उरांव, अनिल उरांव, देवनाथ गोप, मनिता उरांव, मिला कुमारी, प्रतिमा उरांव, पूनम उरांव, पुष्पा उरांव, बलदेव उरांव, राजेंद्र उरांव, तुरिया उरांव, बिरासमुनी उरांव, चन्द्रदेव उरांव, अनिता मुंडा, विजय वन, लखवा उरांव, बिनोद उरांव, प्रदीप गुड़िया, कल्याण गुरिया, भूषण मुंडा, मनबोध मुंडा, सदानंद सवासी, घासी राम मुंडा, रामधन मछुवा, नेहरू लाल मुंडा, शिवेश्वर महतो, भिड़राय मुंडा, बुधनी देवी, सहागी देवी, दुर्गा देवी, सोमबारी देवी, मती देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

**मांगों को लेकर रसोईया-संयोजिका संघ की हड़ताल जारी**

# महिला दिवस पर सरकार तक आवाज पहुंचाने का संकल्प

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक घाघरा प्रखंड में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष संध्या देवी ने किया। बैठक में संघ की लंबित मांगों को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को जारी रखने का निर्णय दोहराया गया। बैठक के दौरान बताया गया कि संघ की सात सूत्री मांगों को लेकर 18 फरवरी 2026 से रसोईया-संयोजिकाओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। संघ के नेताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस बैठक में दोनों बैनरों के तहत एकजुट होकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना को सफल बनाने में रसोईया-संयोजिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन इसके बावजूद उनकी समस्याओं और मांगों की अनदेखी की जा रही है।

बैठक में मौजूद सदस्यों ने सरकार से जल्द से जल्द उनकी मांगों पर विचार करते हुए समाधान निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चल रही हड़ताल के कारण रसोईया-संयोजिकाओं को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगी।

इस बैठक में प्रखंड कोषाध्यक्ष सारो किंडो, विजय लक्ष्मी देवी, मुन्नी देवी, रीखी देवी सहित बड़ी संख्या में रसोईया-संयोजिका अध्यक्ष और सदस्य उपस्थित रहे।

**विचार प्रवाह** जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

राष्ट्रीय नवीन मेल

# नीतीश का इस तरह जाना उनके शत्रुओं को भी अखर गया

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

नीतीश कुमार राज्य सभा के माध्यम से अब फिर केंद्र की राजनीति में जा रहे हैं जिसे कुछ लोग बिहार के एक युग का अंत मान रहे हैं जबकि पूरी संभावना है कि वे ज्यादातर पटना में ही रहेंगे। कुछ लोग इसे विधानसभा,लोकसभा,विधानपरिषद के बाद राज्यसभा की भी सदस्यता की उनकी इच्छा बता रहे हैं पर बिहार ही नहीं भारत के अनेक राज्यों के लोग सकते में हैं जिन्होंने उन्हें बिगड़े हुए बिहार को एक सम्मानजनक बिहार बनाते हुए देखा या अनुभव किया है। उनके इस अप्रत्याशित फैसले से सत्ताधारी पार्टी जदयू के कार्यकर्ता नाखुश हैं। एक समर्थक अमरेंद्र दास त्रिलोकी ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर भूख हड़ताल शुरू कर कहा, 2005 से पहले बिहार में कानून-व्यवस्था की कमी और अशांति थी। 2005 में पद संभालने के बाद से, नीतीश कुमार ने हर क्षेत्र में विकास का काम किया। अच्छा शासन स्थापित किया गया और लोगों को न्याय मिला। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, साफ पीने का पानी और महिला सशक्तिकरण में प्रगति हुई।' आज बिहार में उतनी गरीबी नहीं है, जिनती देश के अन्य राज्यों में है। राज्य में 20 घंटे से अधिक समय तक बिजली रहती है। पहले घर-घर में लालटेन और मोमबत्ती जलाई जाती थीं, लेकिन आज के दौर में ये सब चीजें किसी के भी घर में नहीं मिलेंगी, क्योंकि लगातार बिजली आने के कारण उनकी जरूरत नहीं पड़ती है।" गुरुवार को उनके आवास के बाहर बड़ी संख्या में उनके समर्थक जुटे। उन्होंने नीतीश कुमार के बिहार में मुख्यमंत्री बने रहने के समर्थन में नारेबाजी की। जिन लोगों ने उनके 20 साल का कार्यकाल देखा है वे जानते हैं कि बिहार में जंगलराज था और शाम के बाद पूरा बिहार ठहर जाता था। जातीय आधार पर गोलबंद बिहार में विकास के नाम पर बड़े घोटाले होते थे और वर्चस्व या बदले की लड़ाई से बिहार रक्तरंजित जिसपर कई फ़िल्में और वेबसीरिज अभी तक हिट हो रही हैं। अंग्रेजी के पत्रकार इसे होप्लेस स्टेट कहा करते थे और इसका आधार था अति राजनीतिकरण जिसमें हर व्यक्ति बिहारी नहीं अपनी जाति के नाम पर जाना जाता था और बिहारी शब्द देश के अन्य हिस्सों में एक गाली की तरह इस्तेमाल होता था जिस कारण मुंबई,दिल्ली जैसे शहरों में अच्छे पदों पर काम करने वाले अपनी पहचान छुपा कर रखते थे। उस बिहार को आज नीतीश ने बहुत हद तक बदल दिया है तंग गलियों वाली राजधानी पटना में फ्लाईओवर का जाल बिछा है वहां से लेकर पूरे राज्य में लोग निडर होकर यात्रा करते हैं और बिहारी होने पर गर्व भी। सिर्फ तीन महीने पहले ही रिकॉर्ड 10वीं बार मुख्यमंत्री बनने वाले नीतीश, जिन्हें इस सदी की शुरुआत में बिहार को खराब प्रशासनिक हालात से बाहर निकालने का श्रेय दिया जाता है और पिछले एक दशक में उनके राजनीतिक उतार-चढ़ाव के लिए आलोचना भी हुई है, अब एक चौंकाने वाले राजनीतिक घटनाक्रम में मुख्यमंत्री पद छोड़ने जा रहे हैं। लोग कहते हैं कई मायनों में मोदी के पैर छूने की उनकी बार-बार की कोशिशें उन राजनीतिक घटनाओं की प्रस्तावना थीं जो अब पटना में सामने आई हैं। यह उस लंबे और असंभव लगने वाले सफर का अंत है, जो तीखी नापसंदगी से शुरू होकर खुली श्रद्धा तक पहुंचा। कभी ऐसा समय था जब नीतीश को मोदी राजनीतिक रूप से इतने अस्वीकार्य लगते थे कि उन्होंने 2013 में बीजेपी के साथ 17 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया था।उन्होंने 1973 में बिहार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। पटना में उनके शुरुआती सालों के दौरान ही राज्य की राजनीति में छात्र नेता के रूप में लालू प्रसाद यादव का तेजी से उभार हो रहा था। लेकिन दोनों के व्यक्तित्व में बड़ा अंतर था। नीतीश सादगी और शालीनता के लिए जाने जाते थे, जबकि लालू की लोकप्रियता उनके खुले देहाती अंदाज पर टिकी थी।नीतीश ने लालू के लिए चुनाव प्रचार भी किया, जब लालू पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष बने। उसी समय उन्होंने जेपी आंदोलन से भी अपना संबंध मजबूत किया। वे छात्र संघर्ष समिति के सदस्य बन गए थे, जो उस समय बिहार में चल रहे विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही थी।आपातकाल के दौरान उन्हें मेंटेनेंस ऑफ इंटरनल सिक्योरिटी एक्ट (मीसा) के तहत गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया।शुरुआती राजनीतिक सक्रियता के बावजूद नीतीश का चुनावी सफर आसान नहीं रहा। उन्होंने हरनौत विधानसभा सीट से लगातार दो चुनाव हारे। 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में और 1980 में उसके अलग हुए गुट लोक दल के उम्मीदवार के रूप में।इन हारों ने उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को कमजोर कर दिया और वे निराश हो गए। इससे उनकी पत्नी मंजू के साथ संबंधों में भी तनाव आ गया, जिनसे उन्होंने 1973 में शादी की थी। एक समय उन्होंने अपनी पत्नी से कहा था कि अगर तीसरी कोशिश में भी वे चुनाव नहीं जीत पाए, तो राजनीति छोड़ देंगे। मंजू ने उनका साथ दिया और उनके चुनाव अभियान के लिए 22,000 रुपए भी दिए। पत्रकार संकर्षण ठाकुर ने अपनी किताब द ब्रदर्स बिहारी में लिखा है, "1992 तक नीतीश और लालू के बीच बातचीत बंद हो गई थी।" यह किताब दोनों नेताओं की जिंदगी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती और प्रतिद्वंद्विता ने लगभग चार दशकों तक बिहार की राजनीति को प्रभावित किया। इस लंबे राजनीतिक सफर पर गुरुवार को नीतीश ने जैसे पर्दा डाल दिया। अपने पहले पूर्ण कार्यकाल में नीतीश ने बिहार में प्रशासन में बदलाव की शुरुआत की। खासकर बुनियादी ढांचे और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सुधार किए। साथ ही उन्होंने आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के बीच मजबूत समर्थन आधार बनाया, जिसमें गैर-प्रभावशाली ओबीसी, मुसलमान और सवर्ण वर्ग भी शामिल थे। आज सोशल मीडिया पर नीतीश के खराब स्वास्थ्य का मजाक उड़ाने वाली आरजेडी और उनके घोर विरोधी भी अफ़सोस प्रकट कर रहे हैं। लालू सहित कई नेताओं को जेल भिजवाने में अग्रणी रहे बेवाक वक्ता वरिष्ठ राजनीतिज्ञ सरयू राय ने उन्हें राज्य सभा भेजने की प्रक्रिया पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि यह उनकी राजनीतिक हैसियत के अनुरूप नहीं है यह प्रक्रिया सुविचारित और गरिमापूर्ण होनी चाहिए थी। बिहार को नई पहचान देने वाले नीतीश पर आज तक कोई उंगली नहीं उठा पाया पर उनके कथित खराब स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर सोशल मीडिया में मजाक उड़ाने वाले बिहारी भी आज सकते में हैं यही उन्होंने कमाया है।

# वो दो सौ रुपए और अमर गीतों के शायर साहिर लुधियानवी

आज की बात



श्रीयम त्रिपाठी

**साहिर की रचनाओं में प्रेम जरूर है, लेकिन वह केवल निजी भावुकता नहीं है। उसमें समाज की असमानता, इंसान की बेबसी और बेहतर दुनिया की तलाश भी दिखाई देती है। यही कारण है कि उनकी शायरी और गीत दोनों ही लोगों के दिलों में गहराई से उतरते हैं।**

8 मार्च हिंदी एवं उर्दू शायरी और भारतीय सिनेमा के उस शायर की जयंती का दिन है, जिसने गीतों को सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें समाज और इंसान के जज्बात की सच्ची आवाज बना दिया। यह नाम है साहिर लुधियानवी का।

साहिर उन रचनाकारों में थे जिनकी शायरी में प्रेम भी है, पीड़ा भी है और व्यवस्था से सवाल करने का साहस भी। यही वजह है कि उनके लिखे गीत अपने दौर से आगे निकलकर आज भी उतने ही प्रासंगिक और लोकप्रिय लगते हैं।

### संघर्षों से बनी संवेदनशील दृष्टि

1921 में पंजाब के लुधियाना में जन्मे साहिर लुधियानवी का असली नाम अब्दुल हई था। बचपन में माता-पिता के अलगाव और आर्थिक संघर्षों ने उनके व्यक्तित्व को गहराई से प्रभावित किया। यही अनुभव उनकी शायरी में संवेदनशीलता और सामाजिक चेतना के रूप में दिखाई देते हैं।

साहिर की रचनाओं में प्रेम जरूर है, लेकिन वह केवल निजी भावुकता नहीं है। उसमें समाज की असमानता, इंसान की बेबसी और बेहतर दुनिया की तलाश भी दिखाई देती है। यही कारण है कि उनकी शायरी और गीत दोनों ही लोगों के दिलों में गहराई से उतरते हैं।

### फिल्मी गीतों में साहित्य की खुशबू

मुंबई आने के बाद साहिर ने हिंदी सिनेमा में गीत लिखना शुरू किया और जल्दी ही अपनी अलग पहचान बना ली। उस दौर में फिल्मी गीत अक्सर हल्के रोमांस तक सीमित रहते थे, लेकिन साहिर ने उनमें विचार की गहराई और संवेदना जोड़ दी।

उनके लिखे कई गीत आज भी हिंदी फिल्म संगीत की अमर धरोहर माने जाते हैं। जैसे "कभी कभी मेरे दिल में ख्याल आता है" (फिल्मः कभी-कभी), "मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया" (फिल्मः हम दोनों), "तुम अगर साथ देने का वादा करो" (फिल्मः हमराज़), "जाने वो कैसे लोग थे जिनको" (फिल्मः प्यासा) — इन गीतों की खासियत यह है कि वे सिर्फ धुन की वजह से नहीं, बल्कि अपने शब्दों की गहराई के कारण याद किए जाते हैं।

### दो सौ रुपए की कहानी साहिर का बड़ा दिल

एक दौर था.. जब जावेद अख़्तर के दिन मुश्किल में गुज़र रहे थे। ऐसे में उन्होंने साहिर से मदद लेने



का फैसला किया। फोन किया और वक्त लेकर उनसे मुलाकात के लिए पहुंचे। उस दिन साहिर ने जावेद के चेहरे पर उदासी देखी और कहा, "आओ नौजवान, क्या हाल है, उदास हो? जावेद ने बताया कि दिन बड़ी मुश्किलों के चल रहे हैं, पैसे खत्म होने वाले हैं। उन्होंने साहिर से कहा कि अगर वो उन्हें कहीं काम दिला दें तो बहुत एहसान होगा।

जावेद अख्तर बताते हैं कि साहिर साहब की एक अजीब आदत थी, वो जब परेशान होते थे तो पैंट की पिछली जेब से छोटी सी कंघी निकलकर बालों पर फिराने लगते थे। जब मन में कुछ उलझा होता था तो बाल सुलझाने लगते थे। उस वक्त भी उन्होंने वही किया। कुछ देर तक सोचते रहे फिर अपने उसी जाने-पहचाने अंदाज़ में बोले, "ज़रूर नौजवान, फकीर देखेगा क्या कर सकता है।" फिर पास रखी मेज़ की तरफ इशारा करके कहा, "हमने भी बुरे दिन देखें हैं नौजवान, फिलहाल ये ले लो, देखते हैं क्या हो सकता है।" जावेद अख्तर ने देखा तो मेज़ पर दो सौ रुपए रखे हुए थे। वो चाहते तो पैसे मेरे हाथ पर भी रख सकते थे, लेकिन ये उस आदमी की सेंसिटिविटी थी कि उसे लगा कि कहीं मुझे बुरा न लग जाए। ये उस शख्स का मयार था कि पैसे देते वक्त भी वो मुझसे नजर नहीं मिला रहा था।

साहिर के साथ अब उनका उठना-बैठना बढ़ गया था क्योंकि त्रिशूल, दीवार और काला पत्थर जैसी फिल्मों में कहानी सलीम-जावेद की थी तो गाने साहिर साहब के। अक्सर वो लोग साथ बैठते और कहानी, गाने, डायलॉग्स वगैरह पर चर्चा करते।

इस दौरान जावेद अक्सर शरारत में साहिर से कहते, "साहिर साब! आपके वो दो सौ रुपए मेरे पास हैं, दे भी सकता हूं लेकिन दूंगा नहीं।" साहिर मुस्कुराते। साथ बैठे लोग जब उनसे पूछते कि कौन से दो सौ रुपए तो साहिर कहते, "इन्हीं से पूछिए।" ये सिलसिला लंबे समय तक चलता रहा। साहिर और जावेद अख्तर की मुलाकातें होती रहीं, अदबी महफिलें होती रहीं और वक्त गुजरता रहा। और फिर एक लंबे अर्से के बाद तारीख आई 25 अक्टूबर 1980 की। देर शाम जावेद साहब को साहिर के फैमिली डॉक्टर डॉ. कपूर का फोन आया और उन्होंने कहा कि साहिर लुधियानवी नहीं रहे। हार्ट अटैक हुआ था।

जावेद अख्तर के लिए यह खबर सुनना आसान नहीं था। वह तुरंत उनके घर पहुंचे। उर्दू शायरी का वह करिश्माई सितारा अब एक सफेद चादर में लिपटा हुआ था। जावेद बताते हैं कि "मैं उनके करीब गया तो मेरे हाथ कांप रहे थे। मैंने चादर हटाई तो उनके दोनों हाथ उनके सीने पर रखे हुए थे। मेरी आंखों के सामने वो वक्त घूमने लगा जब मैं शुरुआती दिनों में उनसे मुलाकात करता था। मैंने उनकी हथेलियों को छुआ और महसूस किया कि ये वही हाथ हैं जिनसे इतने खूबसूरत गीत लिखे गए हैं, लेकिन अब वो ठंडे पड़ चुके थे।" जूहू कब्रिस्तान में साहिर को सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। लोग धीरे-धीरे लौट गए, लेकिन जावेद अख़्तर काफी देर तक कब्र के पास बैठे रहे।

जब वह लौटने लगे और कार में बैठने ही वाले थे तभी साहिर के एक दोस्त अशफ़ाक साहब ने आवाज़ दी और पूछा कि "आपके पास कुछ पैसे हैं क्या? कब्र बनाने वाले को देने हैं?" जावेद अख्तर ने बटुआ निकालते हुए पूछा "कितने रुपए देने हैं?" अशफ़ाक ने जवाब दिया "दो सौ रुपए।"यह वही रकम थी जो बरसों पहले साहिर ने चुपचाप मेज़ पर रखकर उनकी मदद के लिए दी थी।

### शब्द जो हमेशा जिंदा रहेंगे

साहिर लुधियानवी की शायरी की सबसे बड़ी ताकत उसकी सच्चाई है। उन्होंने प्रेम, अकेलेपन, सामाजिक असमानता और इंसानी रिश्तों को जिस ईमानदारी से लिखा, वह उन्हें भीड़ से अलग बनाता है। आज उनकी जयंती पर यह याद करना जरूरी है कि साहिर सिर्फ गीतकार नहीं थे। वह ऐसे शायर थे जिनके शब्दों में इंसानियत बसती थी—और शायद यही वजह है कि उनके लिखे गीत आज भी लोगों के दिलों में उतने ही जिंदा हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# आदर्श, मान्यताएं और धारणाएं



स्वामी चिन्मयानंद

यदि हम अपने जीवन को देखें, तो यह केवल किसी दर्द या रोग से अपनी पहचान जोड़ने की बात नहीं है, बल्कि समस्या अधिक गहरी है। यह हमारे शरीर, मन तथा बुद्धि से लगातार अपनी पहचान जोड़ने की प्रवृत्ति से संबंधित है। साधारणतया हम इन तीन उपकरणों से अपनी पहचान जोड़ते हैं: शरीर, मन तथा बुद्धि। हमें लगता है कि हम यही शरीर हैं- एक निश्चित ऊंचाई, वजन, रूप, रंग तथा लिंग वाला मांस-पेशियों का समूह। हम इस शरीर से इतनी पहचान जोड़ लेते हैं कि असुरक्षा के अनेक भाव उत्पन्न होते हैं। हम निरंतर अपनी तुलना दूसरों से करते हैं तथा प्रश्न उठाते हैं कि हम उनके जैसे क्यों नहीं हैं? इसके बाद हम अपनी पहचान मन से जोड़ लेते हैं तथा उसके भावनात्मक उतार-चढ़ाव से प्रभावित होते हैं-कभी आनंदित, कभी चिंतित, कभी शांत एवं पुन: तनावग्रस्त। अंत में हम यह मान लेते हैं कि हम अपनी बुद्धि हैं- हमारे आदर्श, मान्यताएं और धारणाएं ही हम हैं। हमें लगता है कि हमारी सामाजिक स्थिति कुछ विशेष है तथा जब लोग हमारी आलोचना करते हैं, तो अपमानित अनुभव करते हैं, प्रशंसा मिलने पर सम्मानित महसूस करते हैं। यद्यपि हमें संसार में जीवित रहने तथा कार्य करने के लिए शरीर, मन तथा बुद्धि की आवश्यकता होती है, ये वास्तव में हम स्वयं नहीं हैं। ये केवल उपकरण हैं, जिनके माध्यम से हम अपने दैनिक जीवन में कार्य करते हैं। वह सत्ता जो शरीर, मन तथा बुद्धि से अपनी पहचान जोड़ती है, उसे अहंकार कहते हैं। शरीर के माध्यम से मैं वस्तुओं का अनुभव करता हूं। मन के द्वारा मैं अपनी भावनाओ का अनुभव करता हूं।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# क्या चिकन नेक के पास बनेगा नया केंद्र शासित राज्य सीमांचल ?

अलग बात




कृष्णमोहन सिंह

बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमांचल जिलों को जोड़कर नया संघ राज्य क्षेत्र बनाने की बातें चर्चा में हैं। पूर्णिया, किशनगंज, अररिया व कटिहार जैसे बिहार के उत्तरी सीमावर्ती जिलों व प.बंगाल के मालदा, मुर्शिदाबाद क्षेत्रों को मिलाकर चिकन नेक (सिक्किम राज्य व सिलीगुड़ी गलियारा) के निकट एक नई प्रशासनिक इकाई बनाने की चर्चा तेजी से फैल रही है। जहां मुस्लिम आबादी कुछ जिलों में बहुमत में है, वहां सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। कुछ जगह तो इन खबरों को फर्जी कहा जा रहा है, लेकिन बिहार व प.बंगाल में राज्यपालों के फेरबदल और सैन्य पृष्ठभूमि वाले अधिकारियों को राज्यपाल बनाये जाने और बिहार के सीएम नीतीश कुमार को राज्य सभा के लिए नामांकन करा दिये जाने के बाद इसको और हवा मिल गई है। बिहार में सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को राज्यपाल नियुक्त किया गया, जिनके 40 वर्षों के सैन्य अनुभव में श्रीलंका में शांति सेना के अभियानों, पंजाब में आतंकवाद-रोधी कार्रवाइयों और कश्मीर घाटी में सुरक्षा संचालन शामिल हैं। प.बंगाल में पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस के इस्तीफे के बाद, पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और तमिलनाडु के पूर्व राज्यपाल आरएन रवि को नया राज्यपाल बनाया गया। सुरक्षा विशेषज्ञ इसे पूर्वोत्तर भारत के संवेदनशील गलियारों की सुरक्षा से जोड़कर देख रहे हैं। सीमांचल क्षेत्र की जनसांख्यिकीय संरचना भी इस चर्चा का केंद्र बनी हुई है। 2011 की जनगणना के अनुसार, बिहार में मुस्लिम आबादी कुल 17.7 %है, लेकिन उत्तरी सीमांत जिलों में यह अनुपात 40 % से अधिक बताई जा रही है। किशनगंज में 68 %, पूर्णिया में 38 %, अररिया में 43% और कटिहार में 44% मुस्लिम आबादी होने की बात कही जा रही है। प.बंगाल में कुल मुस्लिम आबादी 27% है, जबकि मालदा और मुर्शिदाबाद में यह 50% से ज्यादा होने की बात कही जा रही है। यह क्षेत्र नेपाल की 700 किलोमीटर और बांग्लादेश की 2,200 किलोमीटर लंबी सीमा से सटा हुआ है। चिकन नेक, या सिलीगुड़ी गलियारा, मात्र 20-25 किलोमीटर चौड़ा यह भूभाग पूर्वोत्तर के आठ राज्यों को मुख्य भूमि से जोड़ता है। यहां किसी भी बाधा से राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ सकता है। राजनीतिक हलकों में यह अफवाहें और भी गरमाई हैं। जनता दल यूनाइटेड के नेता नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने और बिहार में भाजपा को मुख्यमंत्री का पद सौंपने की बात व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का सीमांचल दौरा भी चर्चा में है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले ममता बनर्जी ने केंद्र पर सीमावर्ती क्षेत्रों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। भाजपा ने इसे केवल विकास और सुरक्षा के लिए उठाए गए कदम के रूप में खारिज किया है। कुछ सुरक्षा विशेष कहते हैं - चिकन नेक की कमजोरी दूर करने के लिए केंद्र सक्रिय है। फरवरी 2026 में भूमिगत रेल नेटवर्क योजना की घोषणा की गई, जो दो भूमिगत व चार सतही लाइनों से पूर्वोत्तर की कनेक्टिविटी मजबूत करेगी। नवंबर 2025 में सीमा पर तीन नई सैन्य छावनियों की स्थापना की गई, जिनमें किशनगंज में प्रस्तावित छावनी को लेकर स्थानीय विरोध भी सामने आया।कहा जा रहा है कि खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर यह कदम अवैध घुसपैठ रोकने और सामाजिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से हैं। बिहार सरकार ने सीमावर्ती जिलों में 28% मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की घोषणा की है, लेकिन नया राज्य गठन अभी तक आधिकारिक तौर पर प्रस्तावित नहीं हुआ है। कुल मिलाकर, राज्यपालों की सैन्य पृष्ठभूमि, राजनीतिक हलचल व सुरक्षा परियोजनाएं पूर्वी भारत को राष्ट्रीय रणनीति का केंद्र बना रही हैं। यदि नया यूनियन टेरिटरी (केन्द्र शासित राज्य) बनाने की बात वास्तविक हो जाती है, तो इसका प्रभाव जनसांख्यिकीय संतुलन और क्षेत्रीय स्थिरता पर गंभीर होगा। सरकार के कुछ हलको में इसे हवा -हवाई कहते हुए खारिज किया जा रहा है, लेकिन आने वाले महीनों में तो विस चुनाव व सीमावर्ती विकास पर सभी की निगाहें टिकी ही रहनी है। आने वाला समय बताएगा कि यह सब सुरक्षा मजबूती के लिए हो रहा है या राजनीतिक पुनर्गठन की शुरुआत है?

**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




### आज का दोहा

जिस दिन टूटा राम के, हाथों स्वयं 'पिनाक'।
घूम रहे श्रीमंत सब, लिए हाथ में 'नाक'।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# नेता बनने की गारंटिड योजना

देश की बात



कुमार संजय

आजकल करियर के बहुत सारे विकल्प हैं—डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, वैज्ञानिक लेकिन अगर आप बिना पढ़े-लिखे भी समाज में बहुत बड़ा आदमी बनना चाहते हैं, तो सबसे शानदार करियर है नेतागिरी। बस कुछ खास गुण विकसित कर लीजिए, फिर देखिए दुनिया आपके आगे-पीछे कैसे घूमती है। नेता बनने के लिए सबसे जरूरी है कि आपके अंदर शर्म नाम की चीज बिल्कुल न हो। लोग आपको गाली दें, आपके खिलाफ नारे लगाएँ, सोशल मीडिया पर मीम बनाएं-आपके चेहरे पर मुस्कान बनी रहनी चाहिए।

नेता का सबसे बड़ा धर्म है—अपना फायदा। जनता, समाज, देश—ये शब्द भाषणों में बहुत अच्छे लगते हैं। लेकिन असली जिंदगी में नेता को सबसे पहले अपना घर, परिवार, अपना बैंक बैलेंस और अपना भविष्य सुरक्षित करना होता है। अगर जनता का फायदा गलती से हो जाए, तो उसे बोनस समझिए।

नेता बनने के बाद आपको एक खास किस्म का बहरापन विकसित करना होगा। जनता रो रही हो, किसान परेशान हो, बेरोजगार सड़कों पर हो—ये सारी आवाजें आपको सुनाई नहीं देनी चाहिए। अगर गलती से सुनाई देने लगे तो आपका सुकून छिन जाएगा। आपको सिर्फ और सिर्फ अपनी तारीफ सुनाई देनी चाहिए।

नेता को बोलना बहुत आता है, लेकिन असली कला है सही जगह चुप रहना। जहाँ अपनी तारीफ करनी हो, वहां नेता तीन घंटे का भाषण दे सकता है। लेकिन जहाँ गलत काम के खिलाफ बोलना हो, वहाँ अचानक मौन धारण हो जाता है। राजनीति में इस गुण को रणनीतिक मौन कहा जाता है।

नेताओं की याददाश्त बड़ी अनोखी होती है। चुनाव से पहले जो वादे किए जाते हैं, चुनाव के बाद वे सब धीरे-धीरे धुंधले हो जाते हैं। सड़क, नौकरी, अस्पताल—सब बातें हवा में उड़ जाती हैं। वह नेता ही क्या जो चुनावी वादों को याद रखे।

नेता को परिस्थितियों के अनुसार रंग बदलना आना चाहिए। आज जो पार्टी गलत लग रही है, कल वही सही लगने लगती है। आज जिस विचारधारा को कोस रहे हैं, कल उसी की तारीफ करते नजर आते हैं। राजनीति में इसे वैचारिक लचीलापन कहा जाता है।

नेता की चमड़ी बहुत मोटी होनी चाहिए। साधारण आदमी आलोचना, आरोप इन सब से परेशान हो जाता है, लेकिन नेता के चेहरे पर हमेशा मुस्कान रहती है। जैसे कुछ हुआ ही नहीं। यही मोटी चमड़ी नेता को लंबे समय तक टिकाए रखती है।

नेता को किसी भी विषय पर बोलने की क्षमता होनी चाहिए। चाहे विषय विज्ञान का हो, AI का हो या साहित्य। अगर जानकारी न भी हो, तो भी आत्मविश्वास इतना होना चाहिए कि लोग सच मान लें। उल्टा सीधा बोलने के बाद अगर गलती पकड़ी जाए तो भी थेथरई से ये अपनी गलती मानने से इंकार कर दें। राजनीति में इसे भाषण योग कहा जाता है।

नेता का असली प्रेम कैमरे से होता है। जहाँ कैमरा होगा, वहाँ नेता जरूर होगा। कभी पेड़ लगाते हुए, कभी झाड़ू लगाते हुए, कभी गरीब के घर खाना खाते हुए। लेकिन जैसे ही कैमरा हटता है, सारी गतिविधियाँ भी समाप्त हो जाती हैं। यह राजनीति की सबसे लोकप्रिय कला है—कैमरा सेवा।

तो भाइयों और बहनों, अगर आप जिंदगी में बड़ा आदमी बनना चाहते हैं, तो पढ़ाई-लिखाई को मारिए गोली। न किताबों की जरूरत है, न डिग्री की। बस इन गुणों को विकसित कीजिए—निर्लज्जता, स्वार्थ, बहरापन, गूंगापन और मोटी चमड़ी। एक बार आप बड़ा नेता बन गए, तो यही आई ए एस, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर और पीएचडी वाले लोग आपके आगे-पीछे घूमते नजर आएंगे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# विकास के लिए महिलाओं की समान भागीदारी जरूरी : मुर्मू



एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सही अर्थों में विकास हासिल करने के लिए देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें हर कदम पर समर्थन देना भी जरूरी है। राष्ट्रपति रविवार को यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करना तथा लैंगिक समानता, सुरक्षा, सम्मान और महिला सशक्तिकरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को दोहराना था। राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सेना, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला और उद्यमिता जैसे अनेक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और पंचायतों में ग्रामीण विकास का नेतृत्व भी कर रही हैं।

## हर जिले में बनेगा छात्रावास, पढ़ाई में मिलेगा नया सहारा

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत तेजी से 'वूमन-लेड डेवलपमेंट' की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में महिलाओं के सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि देश में स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल कर ली गई है और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात के आधार पर छात्राओं की संख्या अधिक है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) शिक्षा में भी महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास स्थापित करने का प्रावधान किया गया है, जिससे एसटीईएम क्षेत्र की छात्राओं को अपनी पढ़ाई जारी रखने में सहायता मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत की बेटियां विकसित भारत के निर्माण में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं रोजगार देने वाली उद्यमी के रूप में भी उभर रही हैं। स्टार्ट-अप इंडिया योजना के तहत सहायता प्राप्त करने वाले आधे से अधिक स्टार्टअप में कम से कम एक महिला निदेशक है। उन्होंने बताया कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर वर्तमान में दो लाख से अधिक महिला स्वामित्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में शुरू की गई 'शी-मार्ट' पहल के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक जिले में समुदाय द्वारा संचालित खुदरा आउटलेट स्थापित किए जाएंगे।

## पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में ईरान के हमले जारी, अब तक 52,000 भारतीय वापस लौटे



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में लगातार तनाव के बीच ईरान की ओर से हमले जारी हैं। वहीं, अमेरिका व इजरायल की तरफ से भी ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इन सबके बीच भारत के विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट जारी किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत सरकार पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र में बदलते हालात पर लगातार नजर रख रही है। खासकर उन भारतीय नागरिकों पर विदेश मंत्रालय की पूरी नजर है जो ट्रांजिट के दौरान या कम समय के दौरे पर वहां फंसे हुए हैं। इस इलाके के सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थानीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश के साथ ही अपने इलाके में भारतीय दूतावास या कॉन्सुलेट द्वारा जारी की जा रही एडवाइजरी को भी मानें। विदेश मंत्रालय ने प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों पर नजर रखने और जवाब देने के लिए एक स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाया है। पिछले कुछ दिनों में पूरे इलाके में एयरस्पेस को थोड़ा खोलने के बाद, भारतीय और विदेशी एयरलाइंस नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स समेत कमर्शियल फ्लाइट्स चला रही हैं ताकि उन भारतीय यात्रियों को वापस लाया जा सके जो इन देशों में ट्रांजिट में थे या कम समय के दौरे पर थे।

## प्रेरणा परिवार का पत्रकार होली मिलन समारोह संपन्न, संवाद के रंगों से सजा आयोजन




**नई दिल्ली।** नोएडा। नोएडा के सेक्टर-62 स्थित NIOS मुख्यालय में प्रेरणा परिवार द्वारा पत्रकार बंधु-भगिनियों के साथ प्रेरणा पत्रकार होली मिलन समारोह का आत्मीय एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों के बीच आपसी संवाद, सौहार्द और सांस्कृतिक समरसता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेंद्र ठाकुर, अखिल भारतीय सह-प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने संबोधन में संघ के शताब्दी वर्ष के 'पंच परिवर्तन' अभियान से जुड़े विषयों पर विचार रखते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में उत्सव केवल आनंद का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सकारात्मक संवाद को बढ़ाने का अवसर भी होते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता समाज का सजग प्रहरी है, जो राष्ट्र जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संयोगवश इस दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी था। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को नमन करते हुए समाज निर्माण में नारी शक्ति के योगदान को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अवधेश कुमार ने कहा कि ऋग्वेद में भी अनेक महिला ऋषियों का उल्लेख मिलता है, जिससे स्पष्ट होता है कि भारत में प्राचीन काल से ही महिलाओं ने ज्ञान, विचार और नेतृत्व के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति, ज्ञान और सृजन का आधार माना गया है। इसी क्रम में प्रसार भारती की सलाहकार स्मिता मिश्रा ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए होली के सांस्कृतिक महत्व तथा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश-उत्तराखण्ड क्षेत्र के प्रचार प्रमुख कृपाशंकर, एआईओएस के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, न्यूज़18 कंसल्टिंग एडिटर श्री ब्रजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय, प्रतिबिम्ब शर्मा, DD News से अशोक श्रीवास्तव व प्रखर श्रीवास्तव, India TV से मीनाक्षी जोशी, News 24 से अखिलेश आनंद, TV9 Bharatvarsh से प्रमिला दीक्षित, तथा विष्णु शर्मा और स्वप्निल सारस्वत सहित विभिन्न मीडिया संस्थानों से लगभग 125 पत्रकार बंधु-भगिनियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कुल मिलाकर कार्यक्रम में लगभग 175 से अधिक बंधु / भगनियों की सहभागिता रही, जिसमें विभिन्न संस्थानों से पत्रकारिता विभाग के प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन करुण कपिल (प्रचार प्रमुख, वैशाली महानगर) द्वारा किया गया।

## पत्रकार अमित सिंह को धमकी देने वाले की हो अविलंब गिरफ्तारी : बीएसपीएस

नवीन मेल संवाददाता

● भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ की गयाजी जिला इकाई की आपातकालीन बैठक संपन्न

भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक मानपुर के एक निजी रिसॉर्ट में रविवार की संध्या 5 बजे संपन्न हुई। बैठक में बीएसपीएस के संस्थापक शाहनवाज हसन विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के गयाजी जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने दैनिक आज के पत्रकार एवं बीएसपीएस जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह को लगातार दी जा रही जान से मारने की धमकी की पूरी जानकारी दी। पत्रकार को मिल रही धमकी को बीएसपीएस संस्थापक शाहनवाज हसन ने गंभीरता से लेते हुए स्वयं आज गयाजी पहुंचे। बीएसपीएस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार भूषण ने अपने सम्बोधन में मानपुर के दैनिक आज के पत्रकार अमित सिंह को अज्ञात नंबर से मिली धमकी को लेकर कहा कि हम सभी पत्रकार वरीय पुलिस अधीक्षक गयाजी से मिलकर धमकी देने वाले की गिरफ्तारी की मांग करेंगे। उन्होंने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पत्रकारों को जान से मारने की धमकी देने वालों को पत्रकारों के विरुद्ध साजिश रचने वाले साजिशकर्ता को या किसी भी तरह की बदतमीजी करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष की बातों का सभा में उपस्थित सभी पत्रकारों ने एक स्वर में समर्थन किया। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के संस्थापक शाहनवाज हसन ने बैठक में उपस्थित स्थानीय पत्रकारों को संबोधित करते हुए कई मुद्दों पर चर्चा की। जिसमें मुख्यतः संगठन का विस्तार करनाए संगठन से जुड़े लोगों को संगठन का पहचान पत्र देना एवं सभी आंचलिक पत्रकारों को स्वास्थ बीमाएवं सुरक्षा मुहैया कराना इत्यादि शामिल हैं।

### पीएम मोदी का ममता सरकार पर हमला

# राष्ट्रपति के अपमान के लिए टीएमसी को माफ नहीं करेगी बंगाल की जनता

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अनादर को लेकर एक बार फिर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की प्रबुद्ध जनता टीएमसी को एक नारी के अपमान के लिए, एक आदिवासी के अपमान के लिए और देश के महामहिम राष्ट्रपति के अपमान के लिए कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "रविवार को देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है और शनिवार को पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार ने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का घोर अपमान किया। द्रौपदी मुर्मु संथाल आदिवासी परंपरा के एक बड़े उत्सव में शामिल होने के लिए बंगाल गई थीं, लेकिन राष्ट्रपति और आदिवासी समाज के उस पवित्र और महत्वपूर्ण कार्यक्रम का टीएमसी ने बहिष्कार किया।" पीएम मोदी ने यह भी कहा, "पश्चिम बंगाल की प्रबुद्ध जनता टीएमसी को एक नारी के अपमान के लिए, एक आदिवासी के अपमान के लिए और देश के महामहिम राष्ट्रपति के अपमान के लिए कभी माफ नहीं करेगी। देश भी माफ नहीं करेगा। देश का आदिवासी समाज भी कभी माफ नहीं करेगा और देश की नारी शक्ति भी कभी माफ नहीं करेगी। इससे पहले, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, "आज भारत महिला सशक्तिकरण की नई गाथा लिख रहा है। यहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सफल नेतृत्व में राजधानी का विकास हो रहा है। राजनीति, प्रशासन, खेल, विज्ञान या समाज सेवा का क्षेत्र, भारत की नारी शक्ति एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है।" उन्होंने आगे कहा, "मैं पूरे देश की नारी शक्ति को आज महिला दिवस पर हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं और राष्ट्र के विकास में उनके असीमित योगदान के लिए ऋण स्वीकार करता हूं। दिल्ली में 33,500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आम आदमी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, "आज का ये कार्यक्रम इस बात का भी प्रमाण है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस 'आपदा' से मुक्ति पाई, वो कितनी जरूरी थी।

## बंगाल में जो राष्ट्रपति का अपमान हुआ, वह अति दुर्भाग्यपूर्ण : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के कार्यक्रम को आखिरी समय में बदलने और मुख्यमंत्री की ओर से प्रोटोकॉल का पालन न करने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु के पश्चिम बंगाल दौरे को लेकर जो कुछ भी हुआ वह नहीं होना चाहिए था। यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भारतीय संविधान के आदर्श व मान-मर्यादा के मुताबिक सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना और इनके प्रोटोकाल का भी ध्यान रखना जरूरी है। वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ वे आदिवासी समाज से भी हैं, लेकिन अभी हाल ही में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो कुछ भी हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण है। मायावती की यह टिप्पणी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में संथाल कॉन्फ्रेंस समारोह स्थल को आखिरी समय में बदलने पर नाराजगी जताने के बाद आई।

## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति का अपमान बेहद निंदनीय है : सम्राट चौधरी



**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि जिस तरह से बंगाल में माननीय राष्ट्रपति का महिला दिवस के अवसर पर अपमान किया गया, वह निंदनीय है। महिला दिवस पर मैं देशभर की सभी बहनों को शुभकामनाएं देता हूं। वहीं, जिस तरह से ममता बनर्जी की सरकार ने बंगाल में राष्ट्रपति का अपमान किया गया, एक महिला का अपमान किया, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लेकर ममता बनर्जी की टिप्पणियों पर कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा राष्ट्रपति से संबंधित घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रपति गई थीं तो प्रोटोकाल के हिसाब से मुख्यमंत्री को स्वयं आना चाहिए था या तो किसी वरिष्ठ मंत्री को भेजना चाहिए था। जहां आदिवासी सम्मेलन होना था, उस जगह को भी जानबूझकर बदल दिया गया और सभास्थल को छोटा कर दिया ताकि वो सभा नहीं हो पाए। राष्ट्रपति के प्रति ऐसा दुराग्रह रखना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## तेलंगाना में पिता ने तीन बेटियों को झील में फेंककर मार डाला

**हैदराबाद।** तेलंगाना के कमारेड्डी कस्बे में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का पालन-पोषण न कर पाने की वजह से एक व्यक्ति ने उन्हें झील में फेंककर मार डाला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आयत (7) और मरियम (5) के शव शनिवार रात को झील से बरामद किए गए, जबकि शिफात (8) का शव रविवार सुबह निकाला गया। पुलिस ने ऑटो रिक्शा चालक इस्माइल को गिरफ्तार किया है, जिसे रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी ने बच्चों को झील में फेंकने के बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शक होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल की अनदेखी पर भड़के एस जयशंकर, कहा-

# सर्वोच्च पद की गरिमा पर अभूतपूर्व हमला

एजेंसी। नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रोटोकॉल की कथित अनदेखी को लेकर राज्य सरकार पर जुबानी हमला किया। जयशंकर ने ममता सरकार के इस कदम को देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा पर अभूतपूर्व हमला बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रविवार को एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल की जिस तरह से अनदेखी की गई, वह बेहद गंभीर और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह घटना देश के सर्वोच्च पद की गरिमा के प्रति खुला अनादर दर्शाती है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने लिखा, "पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल की पूरी तरह से अनदेखी देश के सबसे बड़े पद की गरिमा पर एक ऐसा हमला है, जैसा पहले कभी नहीं हुआ और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। यह घटना यह भी दिखाती है कि टीएमसी सरकार हमारे आदिवासी समुदायों के प्रति कितनी बेइज्जती करती है, जिनकी संस्कृति और विरासत को सबसे ज्यादा पहचान मिलनी चाहिए। बता दें कि राष्ट्रपति के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान विवादित स्थिति अब सियासी रंग ले चुकी है। दरअसल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शनिवार को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास आयोजित आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य सरकार के मंत्रियों की अनुपस्थिति का जिक्र करते हुए नाराजगी जाहिर की थी। राष्ट्रपति ने यह भी सवाल उठाया था कि पहले से तय कार्यक्रम स्थल को आखिर क्यों बदला गया।

# त्रिपुरा विवि अनुसंधान और नवाचार के केंद्र के रूप में उभरा : उपराष्ट्रपति

एजेंसी। अगरतला

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन रविवार को त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के बाहरी इलाके सूर्यमणिनगर स्थित त्रिपुरा विश्वविद्यालय के 14वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इससे पहले उपराष्ट्रपति ने माता त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दर्शन-पूजन किया।त्रिपुरा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने छात्रों को देश के भविष्य निर्माण में योगदान देने और समाज को नई दिशा देने के साथ अपनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रेरित किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह संस्थान शिक्षण, अनुसंधान और नवाचार के एक जीवंत केंद्र के रूप में उभरा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'माताबारी पर्यटन सर्किट' आध्यात्मिक और पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर त्रिपुरा की स्थिति को मजबूत करेगा। साथ ही, रोजगार के अवसर पैदा करेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दशक में यहां उल्लेखनीय प्रगति हुई है।



दीक्षांत समारोह में त्रिपुरा के राज्यपाल और त्रिपुरा विश्वविद्यालय के मुख्य पुरोहित इंद्रसेना रेड्डी नल्लू, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो. माणिक साहा, मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार सिन्हा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्यामल दास, रजिस्ट्रार प्रो. समीर कुमार सिल और अन्य व्यक्ति उपस्थित थे। त्रिपुरा विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि दीक्षांत समारोह 2024 और 2025 में आयोजित नहीं किया जा सका था। समारोह के दौरान योग्य छात्रों को प्रमाण पत्र, डिग्री, स्वर्ण पदक और पीएचडी डिग्री प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में विभिन्न विभागों के 283 छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया जबकि 149 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। बता दें कि उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने 7 मार्च को मिजोरम विश्वविद्यालय के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया था। कोहिमा में नागालैंड विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करने के बाद उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन मिजोरम की राजधानी आइजोल पहुंचे थे। लेंगपुई हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का मिजोरम के राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), स्कूल शिक्षा मंत्री वनलालथलाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया था।

## एक नजर

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मियों ने एक्वा लाइन के रूट पर दौड़ाई मेट्रो



**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की है। इस पहल के तहत मुंबई मेट्रो लाइन-3, जिसे एक्वा लाइन के नाम से जाना जाता है, इसमें दो प्रमुख स्टेशनों मरोल नाका और सीएसएमटी मेट्रो स्टेशन का संचालन पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। एमएमआरसी के अनुसार, इन दोनों स्टेशनों पर कुल 85 महिला कर्मचारी विभिन्न शिफ्टों में अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं। ये कर्मचारी स्टेशन कंट्रोल, टिकटिंग, यात्री सहायता, सुरक्षा, मेंटेनेंस सपोर्ट और हाउसकीपिंग जैसे कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल कार्यों को संभाल रही हैं। स्टेशन के रोजमर्रा के संचालन से लेकर यात्रियों को सहायता प्रदान करने तक सभी कार्य महिलाओं के हाथों में हैं, जो उनकी दक्षता और पेशेवर क्षमता को दर्शाता है। बता दें कि महिलाएं केवल स्टेशन संचालन ही नहीं, बल्कि ट्रेन संचालन में भी महिलाओं की सक्रिय भूमिका देखने को मिल रही है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में इस समय 27 महिला ट्रेन ऑपरेटर कार्यरत हैं, जो एक्वा लाइन पर मेट्रो ट्रेनों को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनकी उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं तकनीकी और जिम्मेदारी भरे क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक अपनी भूमिका निभा सकती हैं।

### महिलाओं के नेतृत्व में रखी जा रही विकसित भारत की नींव : बांसुरी स्वराज



**नई दिल्ली।** देश में धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसी मौके पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत महिलाओं के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसे दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में कई नामचीन हस्तियां भी शामिल हुईं। कार्यक्रम में पहुंची भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "सबसे पहले मैं अपने देश की महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। मुझे बेहद खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रयासों के कारण, भारत न केवल महिला सशक्तीकरण की बात कर रहा है, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व में राष्ट्र को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ एक विकसित भारत की नींव भी रख रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आईएएनएस से कहा, "मैं सभी माताओं-बहनों, समस्त नारी शक्ति को सलाम करता हूं और उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। हम बेशक एक दिन को महिला दिवस के रूप में मनाते हैं लेकिन मेरा मानना है कि हर दिन महिला दिवस है।

### सिनेमा और मीडिया के जरिए महिलाओं पर पड़ रहा गलत प्रभाव : किरण चोपड़ा



**नई दिल्ली।** महिला दिवस के मौके पर दिल्ली के विज्ञान भवन में दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विचारक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मंच पर सात वक्ताओं का जमावड़ा है, जो अपने-अपने अनुभव के अनुसार महिलाओं के उत्थान की बात कर रहे हैं। कार्यक्रम में सिनेमा और मीडिया के जरिए महिलाओं की छवि पर पड़ने वाले सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर भी बात की गई। दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विचारक सम्मेलन के दूसरे दिन 'प्रकृति और संस्कृति' थीम रखी गई, जिसमें संस्कृति पर सिनेमा का प्रभाव और फिल्मों के जरिए महिलाओं को ऑबजेक्टिफाई करने जैसे गंभीर मुद्दों पर पैनल चर्चा की गई। चर्चा में दंगल, एनिमल, कबीर सिंह, और मिर्जापुर जैसी फिल्मों का जिक्र किया गया, जिनमें महिलाओं को एक वस्तु की तरह दिखाया गया और खुले तौर पर नशे को प्रमोट किया गया। इस विषय पर बात करते हुए पत्रकारिता की दुनिया से जुड़ी किरण चोपड़ा ने कहा, "सिनेमा और ओटीटी का प्रभाव दर्शकों पर बहुत पड़ता है। सिनेमा पर दंगल फिल्म आई, जिसमें पहलवानी सीखती लड़की को दिखाया गया। उसे देखकर लोगों के मन में विचार आया है कि हमें भी अपनी बेटियों को इसी तरीके से आगे ले जाना चाहिए।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटियों का दमदार प्रदर्शन, 850 बालिकाओं ने दिखाया आत्मविश्वास

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग ने यूनिसेफ के सहयोग से राजधानी लखनऊ में राज्य स्तरीय बाल उत्सव 'प्रगति 2026 : आत्मसम्मान से समानता तक' का आयोजन किया। गोमती नगर के विभूति खंड स्थित दयाल गेटवे में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के 75 जनपदों से आई बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। शिक्षा के माध्यम से बालिकाओं में आत्मसम्मान और नेतृत्व क्षमता का विकास कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी और यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के चीफ जकारी ऐडम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आत्मविश्वास और अवसरों की समानता से ही बालिकाएं समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा सकती हैं।

### अमित शाह का निजी सचिव बताकर ठगी करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव बताकर पुलिस अधिकारियों को फोन करता था और विभिन्न मामलों को प्रभावित करने की कोशिश करता था। आरोपी लोगों से मामलों में मदद दिलाने के नाम पर कथित तौर पर पैसे भी वसूलता था। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान 41 वर्षीय मोहम्मद तारिक पठान के रूप में हुई है, जो खेड़ का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच ने उसे एपीएमसी मार्केट वाशी के पास स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया। क्राइम ब्रांच की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी पठान खुद को केंद्रीय गृह मंत्री के निजी सचिव पवन कुमार यादव के रूप में पेश करता था। वह पुलिस अधिकारियों को फोन कर विभिन्न मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करता था। कभी वह किसी मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए दबाव बनाता था, तो कभी आरोपियों को राहत दिलाने के नाम पर अधिकारियों से संपर्क करता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी कॉल को असली दिखाने के लिए अलग-अलग सिम कार्ड खरीदता था और दूसरे मोबाइल फोन में नंबर को पीएस टू एमएचए के नाम से सेव कर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कॉल करता था।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का इलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा इलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# तेहरान का आसमान हुआ काला

## जहरीली बारिश से बचने की लोगों को दी गई सलाह



**एजेंसी । तेहरान**

ईरान की राजधानी का आसमान काले धुएं के गुबार में डूब गया है। हवा जहरीली हो गई है, और यह आम लोगों की जान के लिए आफत का सबब बन सकती है। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने लोगों को जहरीली एसिड रेन से बचने की चेतावनी दी है। दरअसल, तेहरान और उसके आसपास के तेल ठिकानों को निशाने पर ले स्ट्राइक की गई थी। विस्फोट के बाद आग लगी, जिसकी लपटें काफी ऊपर तक जा रही थीं। तेहरान की आबादी लगभग 10 मिलियन है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, ऐसा शायद पहली बार है जब युद्ध में किसी सिविल इंडस्ट्रियल जगह को निशाना बनाया गया है। हालांकि, ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के अनुसार, यूएस और इजरायली हमलों से देश भर में लगभग 10,000 सिविलियन स्ट्रक्चर को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा है कि तेल प्लांट में धमाकों के बाद बारिश जहरीली हो सकती है। ऐसी बारिश से स्किन पर केमिकल बर्न हो सकता है और फेफड़ों को नुकसान हो सकता है। टेलीग्राम पोस्ट में कुछ दिशा निर्देश जारी किए। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, ग्रुप ने लोगों को तेल की जगहों पर लगी आग से होने वाले खतरों के बारे में चेतावनी दी और लोगों से कहा कि वे जहरीले प्रदूषित पदार्थों से बचने के लिए जहां तक हो सके घर के अंदर रहें। इसमें कहा गया कि जहरीली एसिड रेन की चिंता के कारण स्थानीय लोगों को बारिश के बाद बाहर नहीं जाना चाहिए, और सलाह दी कि अगर किसी ने काले धुएं से निकलने वाले कणों को सांस के जरिए अंदर ले लिया हो, तो उन्हें नमकीन पानी से गरारे करने चाहिए।

एक्स पोस्ट पर कुछ वीडियो और तस्वीरें पोस्ट की गई हैं, जिनमें आग का भयानक रूप देखने को मिल रहा है। हमलों से तबाह हुए तेल डिपो से तेल का रिसाव तेहरान के कुछ सीवेज सिस्टम में लीक हो गया है, जिससे ईरानी राजधानी की सड़कों के किनारे "आग की नदी" बन गई है। इससे पहले, ईरानी तेल मंत्रालय ने पुष्टि की कि तेहरान के पश्चिम में अल्बोर्ज प्रांत के करज शहर समेत तीन इलाकों में फ्यूल डिपो पर हमला हुआ था।

## लेबनान में इजराइली हमले में 15 की मौत

**● बेरूत के होटल को निशाना बनाया हिजबुल्लाह ने जवाबी हमले का दावा किया**



**तेल अवीव/तेहरान ।** लेबनान में शनिवार रात हुए इजराइल के हवाई हमलों में 15 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 15 लोग घायल हुए हैं। हमलों में राजधानी बेरूत के एक होटल को निशाना बनाया गया, जहां युद्ध के कारण विस्थापित लोग ठहरे हुए थे। लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी के मुताबिक होटल पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हुई। वहीं जबल अल-बतूम और कफ्र रुम्मान शहरों में हुए हमलों में पांच लोगों की जान गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश के कई अन्य हिस्सों में भी इजराइली एयर स्ट्राइक हुई हैं। इस बीच ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने जवाबी कार्रवाई का दावा किया है।

## राज्यपाल गुरमीत सिंह के हेलीकॉप्टर की करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग



**एजेंसी । श्रीनगर**

उत्तराखंड के राज्यपाल के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से श्रीनगर के जीवीके हेलीपैड पर उनके हेलीकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। पौड़ी पुलिस ने बताया कि, हेलीकॉप्टर में कुछ तकनीकी समस्या आ गई थी। एहतियात के तौर पर राज्यपाल के हेलीकॉप्टर को जीवीके हेलीपैड पर उतारा गया, जिसके बाद उन्हें श्रीनगर स्थित पुलिस गेस्ट हाउस ले जाया गया।

### केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर की भी इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ में यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर में भी तकनीकी खराबी का मामला सामने आया है। उनके हेलीकॉप्टर में अचानक से धुआं भर गया था, जिसके बाद आनन-फानन में लखनऊ के एयरपोर्ट पर उनके हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक केशव प्रसाद मौर्य हेलीकॉप्टर के जरिए लॉ मार्टस् से कौशाम्बी जा रहे थे। हेलीकॉप्टर में खराबी के कारण डिप्टी सीएम के हेलीकॉप्टर की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हालांकि हेलीकॉप्टर में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे।

### निर्मला सीतारमण के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

बता दें कि इससे पहले एक अन्य मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के विमान की भी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी। वह उस वक्त भूटान जा रही थीं, तभी अचानक मौसम में बदलाव के बाद उनके हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हालांकि मौसम ठीक होने के बाद वित्त मंत्री कुछ देर के बाद भूटान रवाना हुईं। उन्हें रात भर सिलीगुड़ी में ही रुकना पड़ा था।

# एसईआर की कनेक्टिविटी मजबूत होने से सूरत समेत कई जिलों के विकास की रफ्तार तेज होगी : भूपेंद्र पटेल

**एजेंसी । गांधीनगर**



मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को अमृतकाल में 'विकसित गुजरात-2047' से साकार करने का संकल्प किया है।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इस उद्देश्य से राज्य के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिए गुजरात राज्य इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मेशन (जीआरआईटी-ग्रिट) का गठन कर इन्फ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन, इंडिविजुअल तथा इंस्टीट्यूशन आधारित दीर्घकालीन एवं परिणामोन्मुखी विकास का आयोजन किया है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में ग्रिट द्वारा राज्य के सर्वांगीण एवं संतुलित विकासार्थ 6 ग्रोथ हब विकसित करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार बहुत ही कम समय में जो रीजनल इकोनॉमिक मास्टरप्लान तैयार हुए हैं, उसमें मुख्यमंत्री ने दक्षिण गुजरात के ग्रोथ हब के रूप में सूरत इकोनॉमिक रीजन (एसईआर) में रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए सर्वप्रथम 1185 करोड़ रुपए के कार्य मंजूर कर 'जो कहना, वह करना' का ध्येय साकार किया है। एसईआर में सूरत, भरूच, नवसारी, वलसाड, तापी तथा डांग जिलों का समावेश होता है और ये क्षेत्र राज्य के आर्थिक विकास में 35 प्रतिशत से अधिक योगदान देते हैं। देश के आर्थिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाला गुजरात 'विकसित भारत-2047' में भी लीड ले। इस दृष्टिकोण से मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में 'विकसित गुजरात-2047' रोडमैप कार्यरत हुआ है। इस रोडमैप के अंतर्गत 'अर्निंग वेल-लिविंग वेल' का ध्येय पूरा करने के लिए राज्य में आर्थिक विकास से अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ रखने की जो मंशा मुख्यमंत्री ने रखी है, उसमें सूरत इकोनॉमिक रीजन दीर्घकालीन आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के मुख्य विकास केन्द्र के रूप में उभर रहा है।

## प्रशांत महासागर में 6 रिक्टर तीव्रता का भूकंप, 130 किमी की गहराई में केंद्र

**नई दिल्ली ।** प्रशांत महासागर में रविवार को 6 रिक्टर तीव्रता का भूकंप आया। इसकी जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। भूकंप भारतीय समय के अनुसार दोपहर 2.58 बजे आया। इसकी गहराई 130 किलोमीटर दर्ज की गई। प्रशांत महासागर के किनारे का इलाका 'पैसिफीक रिंग ऑफ फायर' के नाम से जाना जाता है। यह दुनिया का सबसे एक्टिव भूकंपीय क्षेत्र है, जहां पृथ्वी के लगभग 81% बड़े भूकंप आते हैं।



## ई-रिक्शा चालक को 38.5 करोड़ रुपए के लेन-देन का इनकम टैक्स नोटिस, पत्नी घरों में झाड़ू-पोछा करती है

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के हरदोई में एक ई रिक्शा ड्राइवर को 38.5 करोड़ रुपये का लेनदेन करने और इनकम टैक्स न भरने का नोटिस मिला है। हैरानी की बात यह है कि जिस व्यक्ति को नोटिस मिला है, वह नोटिस को पढ़ भी नहीं सकता। वह दिल्ली में ई-रिक्शा चलाकर परिवार पालता है।



उसकी पत्नी दूसरों के घरों में झाड़ू-पोछा करती है। गांव में सिर्फ एक बीघा जमीन है, जिस पर खेती होती है। ऐसे में उसके पास करोड़ों रुपये कहां से आए यह हैरान करने वाली बात है। पीड़ित का नाम रामपाल गंजहाखेड़ा है। वह मात्र एक बीघे जमीन का किसान है। नोटिस देख उसके होश उड़े हुए हैं। जांच में सामने आया कि उसका मोबाइल फोन चोरी हुआ था।

## नेपाल में हुए जेन-जी आंदोलन की जांच रिपोर्ट आयोग ने पीएम को सौंपी

**काठमांडू ।** पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुए जेन जी प्रदर्शन के दौरान हुई मौतों और नुकसान की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को सौंप दी। पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व वाले इस जांच आयोग की मुख्य रिपोर्ट 900 से अधिक पन्नों की बताई गई है। आयोग के सदस्य और नेपाल पुलिस के पूर्व डीआईजी विज्ञानराज शर्मा के अनुसार रिपोर्ट के साथ कई अनुसूचियां और दस्तावेज भी शामिल हैं, जिससे कुल दस्तावेज का आकार 8,000 से 10,000 पन्नों के बीच है। रिपोर्ट सौंपने के बाद शर्मा ने कहा कि आयोग ने 8 और 9 सितंबर की घटनाओं की विस्तृत जांच की और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपनी राय और सिफारिशें दी हैं।

## नॉर्वे में अमेरिकी दूतावास धमाका मामला पुलिस ने जताई 'आतंकी साजिश' की आशंका

**एजेंसी । ओस्लो**

नॉर्वे पुलिस ने रविवार तड़के राजधानी स्थित यूएस दूतावास में हुए जोरदार धमाके के मकसद को लेकर बड़ी टिप्पणी दी है, कहा है कि ये आतंकी हमला हो सकता है। स्थानीय मीडिया संस्थानों ने इसकी जानकारी दी। बताया कि इसे लेकर पुलिस ने अपडेट दिया है। इसमें कहा गया है कि एम्बेसी में हुए धमाके में



कोई घायल नहीं हुआ और सामान का मामूली नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आतंकी साजिश के तहत किया हमला हो सकता है, लेकिन दूसरे मकसदों की भी जांच की जा रही है। पुलिस की जांच और इंटेलिजेंस के लिए जॉइंट यूनिट के हेड, फ्रोड लार्सन ने पब्लिक ब्रॉडकास्टर एनआरके को एक इंटरव्यू में बताया, "एक अंदाजा यह है कि यह आतंकी हमला है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, "लेकिन हम पूरी तरह सो इसी पर अटके नहीं हैं।

# अल्बर्ट एक्का का 1971 युद्ध में बलिदान भारतीय सेना की अदम्य भावना का प्रतीक : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी । अगरतला**



भारत के उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर त्रिपुरा के अगरतला में अल्बर्ट एक्का वॉर मेमोरियल पर परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से साझा की गई पोस्ट में इस भावुक क्षण को दर्ज किया गया है। श्रद्धांजलि देते हुए उपराष्ट्रपति ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में गंगासागर की लड़ाई के दौरान लांस नायक अल्बर्ट एक्का के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान को याद किया। उन्होंने इसे भारतीय सशस्त्र बलों की अदम्य भावना और निस्वार्थ समर्पण का एक सदाबहार उदाहरण बताया। उपराष्ट्रपति ने लिखा कि अल्बर्ट एक्का का बलिदान आज भी देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। उपराष्ट्रपति ने अपने झारखंड के राज्यपाल कार्यकाल के दौरान गुमला जिले में अल्बर्ट एक्का की जन्मभूमि की यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस यात्रा ने उन्हें इस बहादुर सैनिक की बहादुरी और निस्वार्थ सेवा से गहराई से प्रभावित किया था। देश आज भी उनकी वीरता से प्रेरणा ग्रहण करता है और उनके बलिदान को सदैव सम्मान देता है। लांस नायक अल्बर्ट एक्का को 1971 के युद्ध में उनके अद्वितीय साहस के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। गंगासागर की लड़ाई में उन्होंने अकेले ही पाकिस्तानी हमले का डटकर मुकाबला किया और अपने साथियों की जान बचाई। इस दौरान उन्होंने तीन गोलियां सहते हुए भी दुश्मन को खदेड़ा और अंतिम सांस तक ड्यूटी निभाई। उनकी वीरता भारतीय सेना के इतिहास में अमर है। यह श्रद्धांजलि ऐसे समय में आई है जब देश पूरे सप्ताह भर महिला सशक्तिकरण और विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका को याद कर रहा है। हालांकि उपराष्ट्रपति का यह दौरा मुख्य रूप से महिला दिवस कार्यक्रमों के लिए था, लेकिन उन्होंने वीर सैनिक अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देकर राष्ट्र की एकता, बलिदान और सैन्य परंपरा को भी सम्मान दिया।

## धर्मतला धरना मंच से ममता ने की प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को धर्मतला के धरना मंच से केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आड़े हाथों लिया है। एसआईआर के मुद्दे को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि लोगों का मतदान करने का अधिकार किसी भी कीमत पर नहीं छीना जा सकता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले ही मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि लोगों को मतदान करने दिया जाना चाहिए।



## कंगना रनौत ने शेयर किया महिलाओं के नाम संदेश

# 'हर दिन आपका है

**महिलाओं से अपनी ताकत पहचानने और उसका सही उपयोग करने की अपील**

**परिवार, दोस्तों और काम के प्रति समर्पण को बताया खुशी की कुंजी**

अपने बेबाक बयानों के लिए प्रसिद्ध मंडी सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने देश की सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी है। अभिनेत्री का कहना है कि हर दिन महिलाओं का होता है और नारी महाशक्ति का स्वरूप है। कंगना रनौत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए सभी महिलाओं के नाम प्यारा संदेश लिखा। अभिनेत्री का कहना है कि महिलाओं के लिए अपनी शक्तियों को पहचानना बहुत जरूरी है और उनका सही उपयोग करना भी आना चाहिए। उन्होंने लिखा, "हर दिन आपका दिन है। नारी होना एक महाशक्ति है। अपनी शक्तियों को पहचानें और समझें कि उनका उपयोग अपने लाभ के लिए कैसे करें, न कि कभी अपने ही विरुद्ध। उदार होने पर कभी पछतावा न करें, जो आप देते हैं वही आपको मिलता है, लेकिन यह शायद आपकी अपेक्षा के अनुसार न हो, इसलिए आगे बढ़ते रहें, मूर्ख बनने की चिंता न करें। उन्होंने आगे लिखा, "हमेशा आशा रखें कि आप कभी किसी को मूर्ख न बनाएं या लोगों या परिस्थितियों का लाभ न उठाएं। खुशी की कुंजी यह है कि आप अपना सब कुछ अपने काम, अपने परिवार, अपने दोस्तों को दें, लेकिन याद रखें कि जो आप चाहते हैं वह किसी के पास नहीं है; आप केवल कृतज्ञता चाहते हैं और केवल आप ही खुद को इससे भर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्हें चुनें जिन्होंने आपको चुना है। उठो और चमको, प्यार करो और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखो। महिला दिवस की शुभकामनाएं।

### कृतज्ञता, प्रेम और स्वास्थ्य का महत्व

कंगना की गिनती बेबाक एक्ट्रेसेस में होती है, और उनकी फिल्में भी महिलाओं को प्रेरणा देने वाली होती हैं। एक्ट्रेस की 'क्वीन', 'तेजस', 'पंगा', 'तनु वेड्स मनु', 'मणिकर्णिका', और 'सिमरन' जैसी फिल्मों को खूब सराहा गया। ये सभी फिल्में महिलाओं के अलग रूप और शक्ति को दिखाती हैं। जहां 'क्वीन' में कंगना ने एक अकेली लेकिन सशक्त महिला का रोल प्ले किया, वहीं 'मणिकर्णिका' में वे तेज-तर्रार योद्धा के रूप में दिखीं। कंगना रनौत के अलावा, हिंदी सिनेमा से लेकर दक्षिण सिनेमा में भी सभी अभिनेता और अभिनेत्रियों ने महिला दिवस पर बधाई दी, जिनमें कमल हासन और अल्लू अर्जुन जैसे विख्यात कलाकार भी शामिल रहे।



सिनेमा जगत

# प्रदेश भाजपा ने निकाय चुनाव में समर्थित विजयी प्रत्याशियों को किया सम्मानित

- 3 महापौर, 4 नगर परिषद अध्यक्ष व 6 नगर पंचायत अध्यक्ष समारोह में हुए शामिल
- 387 पार्षद भी हुए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



रांची। प्रदेश भाजपा द्वारा रविवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू की अध्यक्षता में चिरौंदी रांची स्थित गीतांजलि बैंक्वेट हॉल में नव निर्वाचित निकाय जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रांची, मेदिनीनगर और आदित्यपुर नगर निगम के विजयी महापौर, लोहरदगा, गुमला, मिहिजाम और चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष, खूंटी, लातेहार, डोमचांच, जामताड़ा, महगामा नगर पंचायत के अध्यक्ष सहित 387 पार्षद गण शामिल हुए जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित पार्टी के सांसद विधायकगण ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री सहित सभी नेतागण ने हॉल में पुष्प वर्षा कर जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया। महिला दिवस के अवसर पर सभी मंचस्थ नेतागण ने महिला जन प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं और बधाई भी दी।

मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने और धन्यवाद ज्ञापन रांची पूर्वी जिला अध्यक्ष धीरज महतो ने किया। अतिथियों का स्वागत विवेकानंद सिंह, जितेंद्र वर्मा, सुनील साहू, बलराम सिंह, सागर उरांव, हरिकृष्ण प्रधान, नरेंद्र सिंह, सरिता मुर्मू, संजीव बावला, मनीर उरांव, अमित तिवारी, वंशी यादव आदि ने किया।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने सभी जनप्रतिनिधियों को जीत की बधाई शुभकामनाएं दी। श्री साहू ने कहा कि सभी जन प्रतिनिधि पार्टी के विचारों, नीतियों, कार्यक्रमों को जन तक पहुंचाने हेतु, गरीब, झुग्गी झोपड़ियों तक विकास की योजनाओं को शत प्रतिशत पहुंचाने केलिए अपने अपने नगर निकाय के नरेंद्र मोदी बने। श्री साहू ने कहा कि झारखंड में संपन्न निकाय चुनाव भाजपा के संघर्षों और न्यायालय के दबाओं का परिणाम है अन्यथा राज्य सरकार निकाय चुनाव कराना ही नहीं चाहती थी। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव के परिणाम भाजपा के पक्ष में हैं। और आगे भी यह जीत का सिलसिला रुकना नहीं चाहिए।

राष्ट्रीय महामंत्री सांसद अरुण सिंह ने कहा कि निकाय चुनाव में नगरीय क्षेत्र की जनता ने राज्य सरकार को करारी चोट दी है। जनता भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में खड़ी रही। और पार्टी चुनाव चिन्ह और निकाय चुनाव होते तो राज्य की सत्ताधारी ठगबंधन का सूफडा साफ हो जाता। कहा कि राज्य सरकार ने डर के कारण दलीय आधार पर चुनाव नहीं कराए। देश भर में मेयर के चुनाव दलीय आधार पर होते हैं लेकिन झारखंड में डरी सहमी सरकार हिम्मत नहीं जुटा पाई।

पुलिस प्रशासन के दुरूपयोग केलिए बैलेट से चुनाव कराए। कहा कि झारखंड में अगली सरकार भाजपा की बनेगी। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि निकाय चुनाव के नव निर्वाचित जन प्रतिनिधि गवर्नेंस का नया मॉडल खड़ा करें। विकास को तेजी से धरातल पर उतारें। कहा कि जनप्रतिनिधियों का यह प्रयास विकास का नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। भारत के भविष्य को सुनिश्चित करेगा। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुमला, लोहरदगा, खूंटी जैसे क्षेत्रों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत भाजपा के मजबूत जनाधार का परिणाम है। कार्यकर्ताओं के प्रयास ने सुखद परिणाम दिए हैं। उन्होंने जनता का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, विधायक सीपी सिंह, उज्जवल दास सहित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, दीपक बंका,हेमंत दास सहित प्रदेश पदाधिकारी जिलाध्यक्ष गण उपस्थित थे।

## भाजपा दूसरों की जीत को अपना बताने का प्रपंच रच रही है : कांग्रेस



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा द्वारा आयोजित निकाय जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा जिस जीत का जश्न मना रही है, वह असल में उनकी नैतिक हार है। राज्य की जनता ने भाजपा के सांप्रदायिक और जनविरोधी एजेंडे को पूरी तरह खारिज कर दिया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि जब निकाय चुनाव दलीय आधार पर नहीं हुए हैं, तो भाजपा किस आधार पर निर्दलीय और जन-समर्थित प्रत्याशियों की जीत पर जबरन अपना ठप्पा लगाने की कोशिश कर रही है। भाजपा हार के डर से इतनी घबरा गई है कि अब वह दूसरों की जीत को अपना बताने का प्रपंच रच रही है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा नेताओं द्वारा सूपड़ा साफ होने और ठगबंधन जैसे शब्दों के इस्तेमाल पर कहा कि असल में ठग वह पार्टी है जिसने 15 साल तक झारखंड को लूटा। गठबंधन सरकार की लोकप्रियता से भाजपा के पैर उखड़ चुके हैं। निकाय चुनाव के परिणाम यह बताते हैं कि जनता अब जुमलों पर नहीं, बल्कि धरातल पर हो रहे विकास कार्यों और मइयां सम्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी नीतियों के साथ खड़ी है। कांग्रेस प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा द्वारा अपने जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र का नरेंद्र मोदी बनने की सलाह पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें जनसेवक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता अधिकारियों और प्रशासन पर जो आरोप लगा रहे हैं, वह उनकी अपनी विफलता को छिपाने का भोंडा प्रयास है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने हमेशा आदिवासियों के हक और सरना धर्म कोड जैसे मुद्दों को दबाया है। आज जब हेमंत सरकार आदिवासियों, पिछड़ों और दलितों को उनका अधिकार दे रही है, तो भाजपा को असुरक्षा महसूस हो रही है।

# सखी बहिनपा मैथिलानी समूह ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



रांची। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सखी बहिनपा मैथिलानी समूह के तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित द लंकावी रिजॉर्ट में भव्य राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और भगवती वंदना "जय-जय भैरवि असुर भयाउनि" के साथ हुई। इसके बाद रांची इकाई की ओर से स्वागत गीत प्रस्तुत कर आगत अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न महानगरों के साथ-साथ झारखंड और बिहार के कई जिलों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में रांची की मेयर रौशनी खलखो उपस्थित रहीं। उन्हें सम्मानित करते हुए समूह की ओर से स्वागत किया गया। मेयर ने सखी बहिनपा समूह द्वारा वर्ष भर आयोजित किए जाने वाले सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न इकाइयों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दरभंगा इकाई द्वारा रैंप वॉक, दिल्ली इकाई द्वारा गीत, कोडरमा इकाई द्वारा नाटक, मधुबनी इकाई द्वारा जोगीरा, धनबाद और गोड्डा इकाई द्वारा नृत्य तथा बोकारो इकाई द्वारा सामूहिक गीत की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चियों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थापिका आरती झा, रांची इकाई की बबिता झा, अनीता झा, सुनीता झा और बिट्टू झा सहित कई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## उपराष्ट्रपति ने अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

रांची। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को त्रिपुरा के अगरतला स्थित अल्बर्ट एक्का युद्ध स्मारक पर परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का को पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान गंगासागर की लड़ाई में अल्बर्ट एक्का के असाधारण साहस और सर्वोच्च बलिदान को याद किया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए राधाकृष्णन ने बताया कि उन्हें गुमला, झारखंड में लांस नायक अल्बर्ट एक्का की जन्मभूमि जाने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि राष्ट्र आज भी इस वीर सैनिक की वीरता और निस्वार्थ सेवा से निरंतर प्रेरणा लेता है।

## साहू वाइन शॉप में आयकर विभाग ने किया सर्वे

- अनियमितताओं की शिकायत के आधार पर शुरू हुई जांच

नवीन मेल संवाददाता




रांची। अरगोड़ा चौक स्थित साहू वाइन शॉप में आयकर विभाग की टीम ने रविवार को सर्वे की कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग के अधिकारी सुबह करीब 11 बजे वीरेन साहू की वाइन शॉप पहुंचे और वहां मौजूद दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी। टीम दुकान में रखे लेखा-जोखा, बिल और अन्य वित्तीय कागजातों की बारीकी से जांच कर रही थी।

कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग ने दुकान के अंदर किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी है। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूरे मामले की विस्तृत जांच में जुटे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार व्यापारियों द्वारा अपनी वास्तविक आमदनी छिपाकर आयकर की चोरी किए जाने की सूचना के आधार पर यह सर्वे की कार्रवाई की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग को लंबे समय से कुछ व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आयकर से संबंधित अनियमितताओं की शिकायत मिल रही थी। इसी आधार पर विभाग ने जांच की प्रक्रिया शुरू की और संबंधित दस्तावेजों का मिलान किया। अधिकारियों की टीम वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड की भी पड़ताल कर रही थी।

## अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन के लिए रेल मंत्री का जताया आभार

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने धनबाद–पोदनूर (कोयंबतूर) अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन के निर्णय पर रेल मंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के शुरू होने से झारखंड के यात्रियों को दक्षिण भारत से सीधा रेल संपर्क मिलेगा, जिससे छात्रों, श्रमिकों और बेहतर इलाज के लिए दक्षिण भारत जाने वाले मरीजों को बड़ी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन झारखंड के औद्योगिक और खनन क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए भी बेहद उपयोगी साबित होगी। लंबे समय से दक्षिण भारत की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधी ट्रेन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है। श्री जोशी ने कहा कि अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन से झारखंड के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए बेहतर और किफायती विकल्प मिलेगा।

## रांची में 'जल महोत्सव पखवाड़ा' का शुभारंभ

# उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुखिया व चार जलसहिया को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



रांची। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को रांची जिला अंतर्गत हॉकी स्टेडियम सभागार में उपविकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में जल महोत्सव पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। यह पखवाड़ा 08 से 22 मार्च तक जिले में विभिन्न जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान उपविकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले प्रतिदिन के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दी। उन्होंने दोनों प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि अपने-अपने प्रमंडल से पांच-पांच ऐसी महिलाओं का चयन करें, जिन्होंने पखवाड़े के दौरान जल संरक्षण एवं जनजागरूकता से जुड़ी उत्कृष्ट गतिविधियां की हों। चयनित महिलाओं को 22 मार्च 2026 को जिला एवं राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों से आए मुखिया एवं जलसहिया दीदियों ने अपने-अपने पंचायत और गांवों में जल संरक्षण एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए गए सराहनीय कार्यों के अनुभव भी साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान उपविकास आयुक्त द्वारा जल जीवन मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एक मुखिया एवं चार जलसहिया दीदियों को शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाली जलसहिया दीदियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण, स्वच्छ जल की उपलब्धता और महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, जलसहिया दीदियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं।

## भाजपा ने प्रदेश के सभी जिलों में किया ममता बनर्जी का पुतला दहन

# राष्ट्रपति के साथ दुर्व्यवहार बेहद शर्मनाक : समीर

नवीन मेल संवाददाता



रांची। भाजपा एसटी मोर्चा द्वारा प्रदेश भर के सभी जिलों में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर टीएमसी सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान पर टीएमसी सरकार की कड़ी आलोचना की।

भाजपा रांची महानगर एसटी मोर्चा ने ममता बनर्जी का पुतला दहन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने कहा कि देश की राष्ट्रपति के साथ हुआ व्यवहार बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह न केवल देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है, बल्कि पूरे आदिवासी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य भी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में शामिल होने सिलीगुड़ी के फांसीदेवा पहुंची थीं, लेकिन तय प्रोटोकॉल के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से मुख्यमंत्री या कोई मंत्री कार्यक्रम में मौजूद नहीं था। इतना ही नहीं, कार्यक्रम स्थल भी छोटा होने के कारण बड़ी संख्या में लोग सम्मेलन में शामिल नहीं हो सके, जिस पर राष्ट्रपति ने भी नाराजगी जताई।

समीर उरांव ने कहा कि यह घटना टीएमसी सरकार की मानसिकता को दर्शाती है, जो आदिवासी समाज के सम्मान और देश की संवैधानिक मर्यादाओं की लगातार अनदेखी कर रही है। भाजपा इस तरह के अपमान को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी और राज्य सरकार से इस पर जवाब और माफी की मांग करती है। इस विरोध प्रदर्शन में आरती कुजूर, अशोक बड़ाइक, रवि मुंडा, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, संजय टोप्पो, अजीत कच्छप, नरेश पाहन, संजीव चौधरी, बालसाय महतो, गुंधरा उरांव, आनंद वर्मा, अशोक मिश्रा, सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर विवाद पर कांग्रेस ने जताई चिंता

रांची। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम को लेकर उठे विवाद पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा और सम्मान बनाए रखना सभी सरकारों और राजनीतिक दलों की साझा जिम्मेदारी है। राकेश सिन्हा ने कहा कि यदि राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकॉल से जुड़ी किसी प्रकार की चूक हुई है, तो उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए और तथ्यों के आधार पर उसकी निष्पक्ष समीक्षा की जानी चाहिए।

## पृष्ठ एक के शेष

**टीम इंडिया ने रचा इतिहास, लगातार...**
वहीं, अक्षर पटेल ने 27 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि हार्दिक पांड्या और वरुण चक्रवर्ती ने एक-एक विकेट चटकाया। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने तूफानी शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 7.1 ओवर में 98 रन जोड़े। अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंदों में 52 रनों की आतिशी पारी खेली। वहीं, संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 5 चौके और 8 छक्कों की मदद से 89 रन बनाए। संजू टी-20 विश्व कप के फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बने। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे ईशान किशन भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 25 गेंदों में 54 रन बनाए। ईशान ने 216 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 4 चौके और चार छक्के लगाए। हालांकि, हार्दिक पांड्या और कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके। सूर्या बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, जबकि हार्दिक ने 18 रन बनाए। अंतिम ओवरों में शिवम दुबे ने 8 गेंदों में नाबाद 26 रन बनाए, जिसके दम पर भारतीय टीम 5 विकेट खोकर 255 रनों के बड़े टोटल तक पहुंचने में सफल रही।

**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत केंद्रीय...**
प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, चैंपियंस! आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को बधाई! यह शानदार जीत जबरदस्त स्किल्स, पक्के इरादे और टीमवर्क को दिखाती है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त हिम्मत दिखाई है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया! केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा, क्या जीत है!! वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया को सलाम। पूरे टूर्नामेंट में आपके शानदार प्रदर्शन और जोश के जबरदस्त प्रदर्शन ने देश को गौरव और गर्व दिलाया है। हर भारतीय को गर्व महसूस कराने के लिए पूरी टीम को बधाई।
टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की ऐतिहासिक जीत पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने टीम इंडिया को ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा, टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल, मेहनत और टीमवर्क से पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। हर भारतीय आज इस जीत का जश्न मना रहा है। आप सभी खिलाड़ियों ने करोड़ों देशवासियों का दिल जीत लिया।
केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने लिखा, आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी जीतने पर इंडियन मेंस क्रिकेट टीम को मेरी तरफ से दिल से बधाई। हमारे लड़कों ने न सिर्फ टाइटल बचाया, बल्कि शानदार परफॉर्मेंस से मैदान पर भी छा गए। यह एक ऐसा मैच था जिसे हर क्रिकेट फैन देखना चाहेगा। हर खिलाड़ी ने अपना बेस्ट दिया, जिससे यह जीत यादगार बन गई। पूरा देश इस गर्व के पल का जश्न मना रहा है। टीम को भविष्य में और भी सफलताओं की शुभकामनाएं।
केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की शानदार जीत पर हमारे शानदार क्रिकेटरों को दिल से बधाई। उनके क्रिकेट स्किल्स, खेल के लिए जुनून और शानदार टीमवर्क ने एक बार फिर देश को गर्व महसूस कराया है। हमारी टीम पूरे टूर्नामेंट में चैंपियन की तरह खेली। उनके आगे के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

**किसानों को ऋण सुविधा मिलेगी...**
सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना का लाभ आसानी तरीके से मिलेगा। इससे क्षेत्र में परिवर्तन होगा और जागरूकता आएगी। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बताया कि एसबीआई में 5346.71 करोड़ रुपए जमा हैं, लेकिन लोन एडवांस काफी कम है। जमा राशि का 60-70 प्रतिशत लोन देना है। लोन एडवांस के आंकड़े को 50 से 55 प्रतिशत करने की आवश्यकता है, जिससे सीडी रेशियो बढ़ेगा।

**निशांत कुमार ने ग्रहण की...**
निशांत कुमार से काफी उम्मीदें हैं। वे नीतीश कुमार के कदमों और संस्कारों पर चलते हुए बिहार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। जदयू के वरिष्ठ नेता लेसी सिंह ने निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में शामिल होने पर कहा कि उन्होंने दायित्व संभाला है, युवाओं के आइडल हैं, पढ़े-लिखे हैं, इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। बहुत ही सरल स्वभाव के हैं। पार्टी ज्वाइन करने के बाद काम भी शुरू करेंगे। उनके आने से युवाओं में जोश भर गया है। मुझे लगता है कि पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने राजद नेताओं के नीतीश कुमार पर दिए बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग आज आंसू बहा रहे हैं। उनकी मानसिकता तब कहां थी, जब वे लगातार नीतीश कुमार के बारे में गलत बयानबाजी कर रहे थे। हमारी पार्टी और नीतीश कुमार को उन लोगों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। बिहार के लिए नीतीश कुमार ने काम किया है और उनके मार्गदर्शन में आगे भी काम करेंगे। निशांत कुमार को जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, वे संभालेंगे। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा, हम निशांत कुमार को आगे बढ़ने और लीडरशिप निभाने के लिए शुभकामनाएं देते हैं। पार्टी के छोटे से बड़े नेता का उन्हें समर्थन है। युवाओं का जोश दिखाई दे रहा है, उनकी जिम्मेदारी के बारे में बहुत गंभीरता से सोचना होगा। जदयू विधायक कोमल सिंह ने कहा, हम लोग काफी समय से चाहते थे कि निशांत कुमार एक्टिव राजनीति में आएं। आज बहुत खुशी का पल है कि हम जैसे कार्यकर्ताओं की मांग पर निशांत कुमार ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी के कार्यकर्ता के साथ बिहार का हर युवा आज खुश है।

## कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए कई लोग

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के आवासीय कार्यालय में कई सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मंगल सिंह हांसदा, गोवर्धन गागराई एवं पांगेला गागराई ने औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उन्हें पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और कहा कि उनके कांग्रेस परिवार में शामिल होने से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। केशव महतो कमलेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से समाज के सभी वर्गों के अधिकार, सम्मान और विकास के लिए संघर्ष करती रही है। नए साथियों के जुड़ने से पार्टी की विचारधारा और जनहित की लड़ाई को और बल मिलेगा।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगबंधु महतो, खूंटपानी प्रखंड अध्यक्ष सकरी डोंगो, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष हरिचरण कुम्हार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नवसदस्यों का कांग्रेस परिवार में स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

## 43 संघर्षशील महिलाओं को किया सम्मानित

रांची। विश्व महिला दिवस एवं होली मिलन के अवसर पर लहू बोलेगा रक्तदान संगठन और झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन की ओर से बिहार क्लब में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थैलेसीमिया व सिकल सेल एनीमिया पीड़ितों की माताओं, महिला रक्तदाताओं, दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाली महिलाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली कुल 43 संघर्षशील महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार तथा दीपशिखा की क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. अनुराधा वत्स ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. उमा सेन गुप्ता, कांग्रेस प्रवक्ता राजेश सिन्हा सन्नी और मार्शल आर्टिस्ट शब्बीर हुसैन शामिल रहे। कार्यक्रम में 21 थैलेसीमिया व सिकल सेल एनीमिया पीड़ितों के परिजनों, 3 महिला रक्तदाताओं, 2 महिला ब्लड बैंक प्रभारी, 5 महिला अधिकार कार्यकर्ताओं सहित अन्य क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को स्मृति चिन्ह, झारखंडी अंगवस्त्र व पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान तीन सूत्री प्रस्ताव भी पारित किए गए, जिसमें राज्य में रक्तदान अभियान को बढ़ावा देने व थैलेसीमिया व सिकल सेल एनीमिया से संबंधित सरकारी घोषणाओं को लागू करने की मांग की गई। कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नेशनल रैपिड व ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 11 मार्च से



- प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 450 शीर्ष रैंक प्राप्त खिलाड़ी लेंगे भाग
- प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अखिल झारखंड शतरंज संघ के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद प्रदीप कुमार वर्मा के दिशा-निर्देश में सरला बिरला महाविद्यालय परिसर में संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 11 से 13 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाली नेशनल रैपिड एवं नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2025-26 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 450 शीर्ष रैंक प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें 12 ग्रैंडमास्टर, 2 डब्ल्यूजीएम, 24 आईएम, 1 डब्ल्यूआईएम, 5 एफएम, 1 डब्ल्यूएफएम और 6 सीएम रैंकधारी खिलाड़ी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी।

संघ की अध्यक्ष ऋचा संचिता एवं महासचिव नवजोत अलंग ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के लिए कुल साढ़े छह लाख रुपए की आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि रैपिड कैटेगरी में 25 खिलाड़ियों को कुल 4 लाख रुपए तथा ब्लिट्ज कैटेगरी में 15 खिलाड़ियों को कुल ढाई लाख रुपए की इनामी राशि प्रदान की जाएगी।

बैठक में आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं व तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कन्वेनर मनीष कुमार, उपाध्यक्ष राजीव चटर्जी, कुणाल अजमानी, मिथिलेश पांडे, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, को कन्वीनर आशीष साहू ,इवेंट मैनेजर मृदुल कुमार समेत आयोजन समिति के ललित बथवाल, सुनील कालरा, विक्रम साबू, रंजीत सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मिडिल-ईस्ट तनाव के कारण आईसीसी की दोहा की बैठक टली

## अब अप्रैल में हो सकती है, नई तारीख अभी तय नहीं



**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 25 से 27 मार्च के बीच दोहा (कतर) में होने वाली अपनी बोर्ड और कमेटी मीटिंग को फिलहाल टाल दिया है। अब यह बैठक अप्रैल में होने की संभावना है, हालांकि नई तारीख अभी तय नहीं की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मिडिल-ईस्ट क्षेत्र में चल रहे तनाव और सुरक्षा हालात को देखते हुए यह फैसला लिया गया। आईसीसी ने अपने सदस्य बोर्डों को इस बारे में आधिकारिक जानकारी दे दी है। आईसीसी नए तारीख पर विचार कर रहा यह बैठक आईसीसी के गवर्नेंस कैलेंडर का हिस्सा थी, जिसमें बोर्ड डायरेक्टर्स, बोर्डस के चीफ एग्जीक्यूटिव, कमेटी सदस्य और सीनियर अधिकारी शामिल होने वाले थे। बैठक में ग्लोबल क्रिकेट से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होनी थी। इससे पहले आईसीसी ने 22 फरवरी को घोषणा की थी कि बैठक दोहा में आयोजित होगी, क्योंकि कतर में क्रिकेट के विकास और वहां के खेल इकोसिस्टम के साथ आईसीसी की साझेदारी तेजी से बढ़ रही है। फिलहाल, आईसीसी नए वेन्यू और तारीख पर विचार कर रहा है। माना जा रहा है कि हालात सामान्य होने पर अप्रैल में यह बैठक कराई जा सकती है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह आज अहमदाबाद में रहेंगे आज टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। इस मौके पर आईसीसी के चेयरमैन जय शाह समेत काउंसिल के कई अधिकारी शहर में मौजूद रह सकते हैं।

अहमदाबाद जय शाह का होमटाउन भी है। फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड आमने-सामने होंगी। इस वजह से न्यूजीलैंड के चेयरमैन रोजर ट्वोस के भी आज रात नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। जंग का आज नौवां दिन अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज नौवां दिन है। इस जंग में अब तक 1483 मौत हुई है। अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए हैं। ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया गया है। इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा।

# ‘महिलाओं को मजबूत बनाना समाज को मजबूत बनाना है’: डॉ. मनसुख




**एजेंसी । कोलकाता**

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि महिलाओं को मजबूत बनाने से परिवार और समाज मजबूत होता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश की तरक्की के लिए खेल और फिटनेस गतिविधियों में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी जरूरी है। मांडविया ने महिलाओं में फिटनेस और साइकिलिंग को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए कोलकाता में फिट इंडिया पिंक साइक्लोथॉन में हिस्सा लिया। देश भर में संडे ऑन साइकिल पहल में नागरिकों की तरफ से जोश के साथ भागीदारी जारी रही, जिससे फिटनेस, समुदाय सहभागिता का संदेश मजबूत हुआ। डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, स्वस्थ जिंदगी बनाए रखने और साफ पर्यावरण के लिए साइकिलिंग एक प्रभावी तरीका है। इस तरह की पहल नागरिकों में फिटनेस और सामूहिक जिम्मेदारी की संस्कृति विकसित करने में मदद करती हैं। खेल और सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं को मजबूत बनाना समाज को मजबूत बनाना है। जब महिलाएं मजबूत होती हैं, तो परिवार और समाज तरक्की करते हैं, और सीधे देश बनाने में योगदान देते हैं। ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता बोम्बायला देवी लैशराम, भारत स्काउट्स, कोलकाता के चीफ कमिश्नर, अविनाश कुमार गुप्ता, माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पियाली बसाक, भारतीय महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर अद्रिजा सरखेल और ओलंपियन सुष्मिता सिंघा रॉय ने भी साइक्लोथॉन में हिस्सा लिया। दिसंबर 2024 में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मांडविया ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल नाम से एक बड़ा जन आंदोलन शुरू किया था। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 29 अगस्त, 2019 को शुरू किए गए बड़े फिट इंडिया मूवमेंट का हिस्सा, यह कैंपेन फिटनेस को रोज की आदत बनाने और स्वस्थ जिंदगी के लिए प्रेरित करता है। फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल हर सप्ताह होता है। इस सप्ताह का फिट इंडिया संडे महिला सशक्तिकरण को डेडिकेटेड था।



# चैंपियंस को बधाई देने वालों का तांता लगा

**एजेंसी। अहमदाबाद**

टी20 विश्व कप 2026 का खिताब भारत ने जीत लिया है। लगातार दूसरी बार टीम इंडिया चैंपियन बनी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया ने 96 रनों से जीत हासिल की। पहले खेलते हुए भारत ने 255 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम सिर्फ 159 रनों पर ही सिमट गई। भारत टी20 विश्व कप को तीन बार जीतने वाला पहला देश भी बन गया है।



### टीम इंडिया को मिल रही बधाई

वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम को बधाई मिल रही है। **क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने लिखा-** लगातार दो बार वर्ल्ड कप जीतना, पहली बार किसी टीम ने T20 फॉर्मेट में ऐसा किया है। हम पूरी तरह से इस ट्रॉफी के हकदार और असली विजेता हैं। हमारी टीम का क्या शानदार प्रदर्शन रहा और क्रिकेट का एक खास अंदाज दिखा। बहुत बढ़िया, टीम इंडिया। जय हिंद!

**2024 टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे विराट कोहली ने लिखा-** चैंपियंस अहमदाबाद में टीम इंडिया की जबरदस्त जीत। पूरे टूर्नामेंट में हमने जो जबरदस्त क्रिकेट खेला, उसका कोई मुकाबला नहीं। मुश्किल हालात में लड़ते रहने और एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनने के लिए लड़कों ने शानदार कैरेक्टर दिखाया। यह कामयाबी हासिल करने के लिए सभी खिलाड़ियों और मैनेजमेंट के सभी सदस्यों को बधाई। जय हिंद।

### टीम और मैनेजमेंट ने मुझ पर भरोसा दिखायाः अभिषेक

**अहमदाबाद।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रनों से रौंदकर भारत ने रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब अपने नाम किया है। इस ऐतिहासिक मैच में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अर्धशतकीय पारी खेलकर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। खिताबी जीत के बाद अभिषेक शर्मा ने कहा है कि जिस तरह टीम और मैनेजमेंट ने मुझ पर जो भरोसा दिखाया, वह उनके लिए बहुत मायने रखता है। अभिषेक शर्मा इस विश्व कप की शुरुआती तीन पारियों में खाता नहीं खोल सके थे। इसके बाद उन्होंने साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 15 रन और जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की पारी खेली, लेकिन अगले दो मुकाबलों में अभिषेक 10 और 9 रन ही बना सके थे।

## अमीलिया कर ने 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

# जिम्बाब्वे के खिलाफ विमेंस वनडे में 7 विकेट लिए, न्यूजीलैंड विमेंस से बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस

**एजेंसी । नई दिल्ली**



न्यूजीलैंड विमेंस की कप्तान अमीलिया कर ने रविवार को डुनेडिन के यूनिवर्सिटी ओवल मैदान में इतिहास रच दिया। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे में कर ने महज 34 रन देकर 7 विकेट झटके। यह न्यूजीलैंड विमेंस के लिए वनडे क्रिकेट में अब तक की बेस्ट बॉलिंग परफॉर्मेंस है। जैकी लॉर्ड का 1982 में बना रिकॉर्ड तोड़ा अमीलिया कर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 7 विकेट लेकर जैकी लॉर्ड का 44 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। जैकी ने 1982 के विमेंस वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ महज 10 रन देकर 6 विकेट लिए थे। तब से कोई भी कीवी गेंदबाज एक पारी में 7 विकेट नहीं ले पाई थीं।

## अस्मिता लीग से ग्रामीण और युवा प्रतिभाओं को मंच

# स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी बढ़े तो भारत के मेडलों की संख्या बढ़ेगी : खडसे

**एजेंसी । औरंगाबाद**

खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि अगर स्पोर्ट्स में महिलाओं की भागीदारी काफी बढ़ जाती है, तो समर ओलंपिक गेम्स और दूसरे मल्टी-डिसिप्लिनरी इवेंट्स में भारत के मेडल की संख्या में इजाफा हो सकता है। खडसे ने यह बात छत्रपति संभाजीनगर के गरखेड़ा में डिविजनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में, इंटरनेशनल महिला दिवस मनाने के लिए अस्मिता (अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वीमेन थ्रू एक्शन) प्रोग्राम के तहत सबकॉन्टिनेंट में 250 जगहों पर देश भर में एथलेटिक्स लीग के लॉन्च के दौरान कही। एमओएस ने अस्मिता बैनर के तहत योग, वुशु, किकबॉक्सिंग और वेटलिफ्टिंग लीग का भी उद्घाटन किया। इसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) छत्रपति संभाजीनगर ने माई भारत, छत्रपति संभाजीनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन और महाराष्ट्र स्टेट स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के साथ मिलकर फिटनेस, स्पोर्ट्स में हिस्सा लेने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया है।

# इंटर मियामी ने डीसी यूनाइटेड को 2-1 से हराया

**एजेंसी । बाल्टीमोर**

मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल और कप्तान लियो मेसी के गोल की मदद से इंटर मियामी ने डी.सी. यूनाइटेड को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ इंटर मियामी ने 3 अंक हासिल किए। मियामी ने 17वें मिनट में डी पॉल की मदद से पहला गोल कर बढ़त बनाई। बर्टेराम ने बाईं ओर से दबाव बनाया और एंडलाइन के पास गेंद पर कब्जा किया, फिर बॉक्स के अंदर सेगोविया के लिए पास वापस किया। फिर सेगोविया ने बॉक्स के दाईं ओर डी पॉल को पाया, जहां एल मोटोरसिटो ने टच लिया और फिर दाएं पैर से टॉप-लेफ्ट कॉर्नर पर हिट किया। यह असिस्ट सेगोविया का इस रेगुलर सीजन का तीसरा असिस्ट था। मेसी ने 27वें मिनट में दूसरा गोल करके इंटर मियामी की बढ़त 2-0 कर दी। इस गोल से मेसी के इस रेगुलर सीजन में तीन गोल हो गए, जबकि यह असिस्ट सिल्वेटी का पहला गोल था। यह गोल इंटर मियामी के लिए मेसी का 80वां गोल था। मेजबान टीम की तरफ से दूसरे हाफ में 75वें मिनट में ताई बारिबो ने पहला गोल किया।



## मेसी और डी पॉल ने मारा गोल

### इंटर मियामी की सीजन में यह लगातार दूसरी जीत

हेड कोच जेवियर माशेरानो ने कहा, “मुझे लगता है कि पहला हाफ बहुत अच्छा था। हमने गेम को नियंत्रित किया, हमने फर्क पैदा किया और मौके बनाए। शायद दूसरे हाफ में हमने ज्यादा संघर्ष किया। मुझे लगता है कि हमें सकारात्मक चीजों को महत्व देना होगा। तीन अवे गेम में, हमने दो जीत हासिल की हैं। सुधार करने के लिए बहुत कुछ है, लेकिन जीत के बाद सुधार करना हमेशा बेहतर होता है। इंटर मियामी का अगला मुकाबला बुधवार को कॉनकाकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ 16 के पहले लेग में नैशविले एससी से होगा।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 28 करोड़ से अधिक जनधन खाते महिलाओं के पास, नए भारत में बढ़ रही भागीदारी : सीतारमण

**एजेंसी । नई दिल्ली**



**जनधन योजना से बढ़ी वित्तीय भागीदारी**

- इनमें से 28 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के नाम पर हैं।
- योजना से घर-घर तक बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं पहुंचीं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जनधन खाता और “लखपति दीदियों” जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं और पूरे भारत में घरों और समुदायों को नया आकार दे रही हैं। जन धन योजना की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक, देश में अब तक 57.71 करोड़ जनधन खाते खोले जा चुके हैं। वहीं, लखपति दीदी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं को ट्रेनिंग, फाइनेंस और अन्य संसाधनों की मदद दी जाती है। इसका लक्ष्य महिलाओं को इतना सक्षम बनाना है कि वे सालाना एक लाख रुपए या उससे ज्यादा की आय अर्जित कर सकें। इससे ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलता है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, “जब महिलाओं को वित्तीय सहायता मिलती है, तो उन्हें स्वतंत्रता मिलती है। महिलाओं के पास अब 28 करोड़ से अधिक जन धन खाते हैं, जो पूरे भारत में घरों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचा रहे हैं और उनकी वित्तीय स्वतंत्रता को मजबूत कर रहे हैं।” इसी प्रकार, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान की सराहना की। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि “नारी शक्ति” नए भारत के निर्माण का आधार है और देश के विकास के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अवसर सृजित करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। गोयल ने आगे कहा कि महिलाएं दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के साथ भारत के परिवर्तन का नेतृत्व कर रही हैं, चाहे वह उद्यमशीलता हो, खेल, रक्षा, विज्ञान या ग्रामीण विकास। इस दिन को मनाते हुए, उन्होंने महिलाओं की शक्ति और आकांक्षाओं का समर्थन करने और एक मजबूत और समृद्ध भारत के भविष्य को आकार देने में उनकी भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता का आह्वान किया।

# सोने की कीमत में इस हफ्ते मामूली गिरावट चांदी करीब छह हजार रुपए सस्ती हुई

**मुंबई ।** सोने और चांदी की कीमत में इस हफ्ते गिरावट देखने को मिली है, जिससे सोने का दाम 1.59 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2.60 लाख रुपए प्रति किलो के आसपास पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, सोने का दाम 346 रुपए कम होकर 1,58,751 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि एक हफ्ते इसी दिन 1,59,097 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 कैरेट सोने का दाम 1,45,733 रुपए प्रति 10 ग्राम से घटकर 1,45,416 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 1,19,063 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि एक हफ्ते 1,19,323 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

# मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच एयर इंडिया ने नौ रूट्स पर 78 अतिरिक्त उड़ानों की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** देश की बड़ी एयरलाइंस में से एक एयर इंडिया ने रविवार को नौ रूट्स पर 78 अतिरिक्त उड़ानों का ऐलान किया है। इसकी वजह मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प प्रदान करना है। यह नौ उड़ानें 10 मार्च से लेकर 18 मार्च 2026 के बीच प्रस्तावित हैं। एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एयरलाइन न्यूयॉर्क (जेएफके), लंदन (हीथ्रो), फ्रैंकफर्ट, पेरिस, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, कोलंबो और माले के लिए अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी, जिससे दोनों दिशाओं में नौ मार्गों पर 17,660 सीटें जुड़ जाएंगी। उन्होंने आगे कहा, “इन यात्राओं में दिल्ली-न्यूयॉर्क (जेएफके), दिल्ली-लंदन (हीथ्रो), मुंबई-लंदन (हीथ्रो) शामिल हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बोले अदाणी

# मेरे परिवार की महिलाओं ने राष्ट्र के प्रति मेरे दृष्टिकोण को आकार दिया



**एजेंसी । अहमदाबाद**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को कहा कि उनके परिवार की महिलाओं ने जीवन, जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके दृष्टिकोण को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाई है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गौतम अदाणी ने अपने निजी विचार साझा करते हुए अपने आसपास की महिलाओं को “अपनी अंतरात्मा की निर्माता” बताया। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में, अदाणी समूह के चेयरमैन ने याद किया कि कैसे उनके परिवार की महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी जिम्मेदारी की भावना, चरित्र और दृष्टिकोण को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाई। अपने बचपन को याद करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें शुरुआती शिक्षा उनकी मां से मिली, जिन्होंने उन्हें भारत के महाकाव्यों और उनमें निहित मूल्यों से परिचित कराया। गौतम अदाणी ने कहा, “महाकाव्यों की कहानियों ने उन्हें पाठ्यपुस्तकों से कहीं अधिक गहन शिक्षा दी। उन कहानियों ने कम उम्र में ही साहस, त्याग, कर्तव्य और आस्था जैसे मूल्यों को उनके मन में स्थापित करने में मदद की। उन्होंने अपने जीवन के उस निर्णायक क्षण को भी याद किया जब वे 16 वर्ष की आयु में अपना कुछ बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ मुंबई के लिए घर से निकले थे। गौतम अदाणी ने कहा कि हालांकि उन्होंने एक अनिश्चित भविष्य की ओर कदम बढ़ाया था, लेकिन वे अकसर अपनी मां के साहस के बारे में सोचते हैं कि उन्होंने उन्हें उस रास्ते पर चलने की अनुमति कैसे दी होगी।

# केंद्र ने निर्यात किए गए कार्गो को भारत वापस लाने के नियमों को किया आसान

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने निर्यात किए गए कार्गो को भारत वापस लाने के नियमों को आसान किया है। इसकी वजह स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने के कारण जहाजों की आवाजाही प्रभावित होना है। केंद्र सरकार की ओर से यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब मध्य पूर्व में तनाव के कारण कई भारतीय जहाज अपने गंतव्य स्थानों तक पहुंचने में असफल रहे हैं और कई जहाज दोबारा से भारतीय बंदरगाहों पर लौट रहे हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा जारी एक परिपत्र में, सरकार ने भारतीय बंदरगाहों पर वापस आने वाले ऐसे माल के निपटान के लिए एक सरलीकृत प्रक्रिया की घोषणा की है। यह अस्थायी राहत निर्यातकों और शिपिंग कंपनियों द्वारा उठाई गई चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से दी गई है। इससे उन निर्यातकों के “वापस शहर लाने” के अनुरोधों को संसाधित करने में भी मदद मिलेगी जिनका माल विदेशों में नहीं पहुंचाया जा सका। यह छूट परिपत्र जारी होने की तारीख से 15 दिनों तक प्रभावी रहेगी। नई व्यवस्था के तहत, भारत लौट रहे कंटेनरों को बंदरगाह टर्मिनलों पर बिना सामान्य आयात दस्तावेज, जैसे कि बिल ऑफ एंट्री, जमा किए ही उतारा जा सकता है। हालांकि, सीमा शुल्क अधिकारी कंटेनरों को जहाजों से उतारने की अनुमति देने से पहले शिपिंग दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे।

# निवेश में महिलाएं आगे, इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में हिस्सेदारी 32 प्रतिशत तक बढ़ी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय महिलाओं के द्वारा इक्विटी म्यूचुअल फंड में आवंटन पांच वर्षों में कुल पोर्टफोलियो का लगभग 10 प्रतिशत से बढ़कर 32 प्रतिशत हो गया है, जबकि फिक्स्ड डिपॉजिट का हिस्सा लगभग 45 प्रतिशत से घटकर 20 प्रतिशत हो गया है। यह जानकारी रविवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। वेल्थ मैनेजमेंट फर्म इक्विरस वेल्थ की रिपोर्ट में कहा गया कि पीएमएस और एआईएफ जैसी वैकल्पिक संपत्तियों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 75-90 प्रतिशत महिलाएं अब बाजार में गिरावट के दौरान घबराकर अपनी एसेट्स बेचने के बजाय उसे अपने पास रखती हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं बाजार में गिरावट के दौरान चुनिंदा रूप से पूंजी निवेश करती हैं, जो उनके बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

लगभग 35-50 प्रतिशत महिला निवेशक या तो एआई टूल्स का उपयोग नहीं करती हैं या उनका उपयोग केवल सीखने और निगरानी के लिए करती हैं। यह रिपोर्ट लगभग 55,000 महिला निवेशकों और सभी आयु वर्ग के 100 से अधिक रिलेशनशिप मैनेजरों के साथ हुई बातचीत के आधार पर तैयार की गई है। वेल्थ मैनेजमेंट फर्म ने रिपोर्ट में कहा कि निवेशक फिक्स्ड डिपॉजिट, सोना और संपत्ति में निवेश करने के बजाय दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों पर आधारित विविध और आवंटन-संचालित पोर्टफोलियो की ओर रुख कर रही हैं। इक्विरस वेल्थ के एमडी-बिजनेस हेड अंकुर पुंज ने कहा, “भारतीय महिला निवेशक अपने वित्तीय भविष्य को आकार देने में अधिक जागरूक, आत्मविश्वासी और रणनीतिक बन रही हैं।